जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-157 ▶ मुंबई, शुक्रवार, 3 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य



मां संग डिनर डेट पर निकलीं सारा अली खान

पेज 11

ETAR
Vision of india
BEST QUALITY MOBILE ACCESSORIES
ET-R36
WIRELESS EARPHONE
AIR-LUXE
Royal Series Battery
FOR INQUIRY CALL +91 99677 73129
follow us / etar_india / www.etarindia.com

NICE™
INSURANCE LANDMARK
इंश्योरेंस के सभी पॉलिसी एक ही जगह
सिर्फ एक बार "नाईस" से पॉलिसी लिजिए
100% क्लेम सर्विस की गारंटी पाईये !
★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
★ लाईफ इंश्योरंस
★ म्युचल फंड
40 साल का भरोसा
300 से अधिक एवार्ड विजेता
गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A
30000 संतुष्ट ग्राहक भारत और विदेश में
11000 से अधिक क्लेम का समाधान
9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com

## लालू पर बरसे फडणवीस

# 'नीतीश की पलटी' को बताया हसीन सपना



**मुंबई।** बिहार में सियासी सुगबुगाहट के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लालू यादव पर कटाक्ष किया है। उन्होंने नीतीश कुमार के पाला बदलने की अटकलों को लेकर कहा, 'ऐसी बातों में कोई दम नहीं है, ये मुंगेरीलाल के हसीन सपने ही रहेंगे।' फडणवीस ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के तमाम घटक दल एकजुट हैं। एनडीए के बीच बिखराव की ताक में लगे विपक्षी दलों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। लालूप्रसाद यादव ने बीते दिनों एक सवाल के जवाब में कहा था कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए विपक्षी गठबंधन के दरवाजे हमेशा खुले हैं।

### नीतीश पर क्यों टिकीं नजरें

यह भी दिलचस्प है कि बिहार में नीतीश कुमार पाला बदलने के कारण अक्सर आलोचकों के निशाने पर रहे हैं। पिछली बार उन्होंने एनडीए का दामन छोड़कर लालूप्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल से हाथ मिला लिया था।

### कितनी मजबूत बिहार सरकार

बात बिहार विधानसभा के सियासी समीकरणों की की करें तो फिलहाल यहां के 243 सदस्यीय सदन में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। बहुमत के लिए 122 सीटों की जरूरत है। सत्तारूढ़ गठबंधन में भाजपा के पास फिलहाल 78 विधायक हैं।

### विपक्षी खेमे में कितनी ताकत

बिहार में विपक्षी खेमा भी बहुत कमजोर नहीं है। विपक्ष में लालू की पार्टी राजद सबसे बड़ा दल है। राजद के पास 79 विधायक हैं। कांग्रेस के 19, भाकपा (माले) के 12, भाकपा और माकपा के दो-दो और मजलिस के एक विधायक भी विपक्ष की भूमिका में हैं।

## नीतीश ने सुना लालू का ऑफर

# मुस्कुराए, हाथ जोड़े और चल दिए



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव के इंडिया ब्लॉक में वापस आने के प्रस्ताव पर कुछ अलग अंदाज में जवाब दिया। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर जेडीयू प्रमुख ने कहा, क्या बोल रहे हैं? बता दें कि नीतीश कुमार ने पिछले एक दशक में दो बार इंडिया ब्लॉक के घटक आरजेडी के साथ गठबंधन किया है। हालांकि लालू यादव के बेटे और उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव ने स्थानीय समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में अपने पिता द्वारा की गई टिप्पणियों को कमतर आंकते हुए दावा किया कि आरजेडी सुप्रीमो ने केवल मीडिया की जिज्ञासा को शांत करने का प्रयास किया था। लालू ने कहा था, हमारे दरवाजे (नीतीश के लिए) खुले हैं। उन्हें भी अपने दरवाजे खोलने चाहिए। इससे दोनों तरफ के लोगों की आवाजाही आसान हो जाएगी। यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस रुख की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें उन्होंने जेडीयू सुप्रीमो को एक साल से भी कम समय में होने वाले विधानसभा चुनावों में एनडीए के चेहरे के तौर पर पेश करने की बात कही है। इससे यहां मीडिया के एक वर्ग में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। सीएम नीतीश कुमार से जब लालू यादव की पेशकश पर उनकी टिप्पणी मांगी गई तो हाथ जोड़कर मुस्कुरा दिया।

# गृह मंत्री का कश्मीर का नाम बदलने का संकेत



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख थ्रू द एजेस पुस्तक को लॉन्च किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कश्मीर का नाम बदलने के संकेत दिए। शाह ने कहा कि कश्मीर का नाम ऋषि कश्यप के नाम से हो सकता हैकि अगर भारत को समझना है तो इस देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है और निर्भरता के समय में कोशिशें की गईं कि हम इसे भुला दें। एक झूठ फैलाया गया कि यह देश कभी एकजुट नहीं हो सकता और लोगों ने इसे मान लिया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा, "हमारे देश का इतिहास हजारों साल पुराना है। हर कोने से दुनिया भर की सभ्यता को कुछ न कुछ देने के लिए कई गतिविधियां हुईं। लेकिन हमारी गुलामी के कालखंड में हमारा प्रजातीय आत्मविश्वास तोड़ने के क्रम में इसको विस्मृत कराने के कई प्रयास किए गए। एक झूठ फैलाया गया कि देश कभी एक था ही नहीं। देश की आजादी की कल्पना ही बेईमानी है, क्योंकि यह देश कभी था ही नहीं। ढेर सारे लोगों ने इस झूठ को स्वीकार कर लिया। जब इसके मूल में जाते हैं तो हमें मालूम पड़ता है कि अंग्रेजों के समय में लिखे गए इतिहास में कोई खराब इरादा नहीं होगा। लेकिन इनके अल्पज्ञान के कारण उनकी देश की व्याख्या ही गलत थी। एक प्रकार से देखे तो दुनिया भर के अधिकांश देशों का अस्तित्व जियो पॉलिटिकल अस्तित्व है। सीमाओं से बने हुए देश हैं। या तो किसी युद्ध से जन्मे हैं।"

## अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने पर भी बात

अमित शाह ने अनुच्छेद 370 और 35ए हटाने पर भी बात की। उन्होंने कहा, "अनुच्छेद 370 और 35ए ये हमारे देश को एक प्रकार से हमारे देश के साथ कश्मीर को एकरूप होने से रोकने वाले योगदान थे। उस वक्त भी जनता यह नहीं चाहती थी। संविधान सभा में भी बहुमत नहीं चाहता था, कि धारा 370 संविधान का हिस्सा बनें। पीएम मोदी के मजबूत संकल्प ने इसे कश्मीर से हटाया, जिसके बाद से कश्मीर और पूरे देश में विकास शुरू हुआ। अनुच्छेद ने 370 ने घाटी में अलगाववाद के बीज बोये जो बाद में आतंकवाद में बदल गए। अनुच्छेद 370 ने यह झूठ बताया कि कश्मीर और पूर् देश के बीच संबंध अस्थाई है।" उन्होंने आगे कहा, "कश्मीर में दशकों तक आतंकवाद रहा और देश इसे देखता रहा। अनुच्छेद 370 हटने के बाद आतंकवाद 70% कम हुआ। कांग्रेस हम पर जो चाहे आरोप लगा सकती है। पीएम मोदी ने 80,000 करोड़ रुपये का पैकेज जारी किया। हमने न सिर्फ आतंकवाद पर काबू पाया, बल्कि बल्कि पीएम मोदी सरकार ने आतंकी इको-सिस्टम को भी ध्वस्त कर दिया।"




## ममता का बीएसएफ पर बड़ा आरोप

# 'बंगाल को अस्थिर करने की साजिश'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीमा सुरक्षा बल पर बड़ा आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने की साजिश हो रही है। बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने वाली बीएसएफ विभिन्न क्षेत्रों से बंगाल में घुसपैठ की अनुमति दे रही है। बांग्लादेशी आतंकी बंगाल में आ रहे हैं। यह केंद्र की नापाक योजना है।

### अभिषेक बनर्जी ने भी जड़े आरोप

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी केंद्र सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक तरीके से बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र की प्रतिक्रिया अधूरी थी। राज्य के भाजपा नेताओं को केंद्रीय नेतृत्व से पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के बारे में जवाब देने के लिए कहना चाहिए। बनर्जी ने कहा कि राज्य के भाजपा नेता जो हर मामले में तृणमूल कांग्रेस सरकार की गलती ढूंढते हैं और विरोध प्रदर्शन करते हैं, वे बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य समुदायों पर जारी अत्याचारों के बारे में केंद्र सरकार की अधूरी प्रतिक्रिया के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। टीएमसी और राज्य सरकार बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र के फैसले और प्रतिक्रिया का पालन करेगी।

## शेयर बाजार में बंपर उछाल

# सेंसेक्स 1500 अंक चढ़ा, निफ्टी 24200 पार



**मुंबई/नई दिल्ली।** शेयर बाजार में साल के दूसरे दिन बंपर उछाल दिखा। गुरुवार को सेंसेक्स 1500 अंक से अधिक चढ़ा, वहीं निफ्टी भी 24200 के पार चला गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6 लाख रुपए बढ़ गया। इससे पहले एशियाई बाजार में गिरावट के बावजूद भारतीय बेंचमार्क सूचकांक साल के दूसरे दिन गुरुवार को मजबूती के साथ कारोबार करते दिखे। अगले हफ्ते कंपनियों के तिमाही नतीजे आने शुरू हो जाएंगे। उससे पहले ऑटो, आईटी और वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में अच्छी खरीदारी दिखी। घरेलू शेयर बाजार नए साल के दूसरे दिन गुरुवार को हरे निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 242.95 अंक चढ़कर 78750.36 पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 69.25 अंक चढ़कर 23812.15 अंक पर आ गया।

# जम्मू-कश्मीर में मिलेगी 200 यूनिट बिजली फ्री

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'हम दो महीने से अधिक समय से सत्ता में हैं। हमें केंद्र शासित प्रदेश में सरकार के कामकाज को समझने में कुछ समय लगा...यह अनुमान से कहीं अधिक आसान था। हम वादों पर कायम हैं। हमने चुनाव से पहले ऐसा किया, जिसके कारण लोगों ने हमें सरकार बनाने का जनादेश दिया।' उन्होंने ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर की स्थिति को बदलना हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा एक अस्थायी चरण है, विधानसभा चुनाव में अच्छी संख्या में भाग लिया। केंद्र सरकार ने जल्द से जल्द राज्य का दर्जा देने का वादा किया था और हमें उम्मीद है कि इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा।' सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि राज्य सरकार उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली तभी दे पाएगी, जब मीटर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना को इस साल मार्च-अप्रेल से शुरू किया जाएगा।



सीएम अब्दुल्ला ने कहा कि राज्य में बिजली की खपत आपूर्ति से अधिक है और जेके का कुल तकनीकी और वाणिज्यिक (एटीएंडसी) घाटा पहले से ही अधिक है, लगभग 50 प्रतिशत।

न्यूज BRIEF

## इस्कॉन की बांग्लादेश सरकार से अपील



**कोलकाता।** बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय कृष्णदास को जमानत नहीं मिलने को इस्कॉन कोलकाता ने दुखद बताया है। गुरुवार को इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा कि मामले की सुनवाई का एक मात्र सकारात्मक पक्ष यह रहा कि चिन्मय कृष्णदास का प्रतिनिधित्व अदालत में वकीलों द्वारा किया गया, पिछली सुनवाई में ऐसा नहीं किया गया था।

## चंदन हत्याकांड : 28 लोग दोषी करार



**लखनऊ।** लखनऊ की विशेष एएनआई कोर्ट ने कासगंज में हुए चंदन गुप्ता हत्याकांड में छह साल बाद फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 28 आरोपियों को दोषी करार दिया है, जबकि दो को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। 26 जनवरी 2018 को कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान अभाविप के कार्यकर्ता चंदन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## पंजाब सरकार को 'सुप्रीम' फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार को फटकार लगाई और कहा कि 'पंजाब सरकार के अधिकारी मीडिया में इस तरह का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन को तुड़वाने की कोशिशें हो रहीं हैं।' सर्वोच्च अदालत ने कहा कि 'हमने डल्लेवाल का अनशन तुड़वाने का निर्देश नहीं दिया।

## झारखंड : तीन जगह एनआईए के छापे

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने झारखंड के चतरा जिले में तीन जगहों पर तलाशी ली। यह तलाशी नक्सली समूह द्वारा जबरन वसूली और धन शोधन की जांच के तहत की गई। एनआईए द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य सामान जब्त किया गया। यह तलाशी प्रतिबंधित नक्सली संगठन के एक और गुट से जुड़े एक मामले में की गई।

## दिल्ली की सियासत में शिवराज की एंट्री

# 'किसानों को दिल्ली सरकार की वजह से नहीं मिल रहा लाभ'



**भोपाल।** देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अब दिल्ली की सियासत में एंट्री हो गई है। उन्होंने किसानों की योजनाओं पर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की वजह दिल्ली की सरकार है।

बता दें कि शिवराज सिंह चौहान ने एक वीडियो जारी कर किसानों के संबंध में यह बात रखी। इसमें उन्होंने दिल्ली सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि दिल्ली के किसान मुझसे मिले थे, उन्हें कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। हमारे बीज ग्राम की योजना के लिए उन्होंने प्रपोजल ही नहीं भेजे। हमारी मैकेनाइजेशन की योजना है, सूक्ष्म सिंचाई योजना है, पर ड्रॉप मोर क्रॉप, एक नहीं कई योजनाएं हैं, पत्र में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है।

### दिल्ली सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं

- शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार अपनी तरफ से पैसा देने के लिए तैयार है, लेकिन दिल्ली की सरकार की वजह से किसानों का उन योजनाओं का लाभ ही नहीं मिल रहा है। केंद्र अपने आप पैसा नहीं भेजता है, राज्य के प्रपोजल पर केंद्र योजनाओं का पैसा भेजता है और दिल्ली से कई योजनाओं के लिए केंद्र सरकार के पास कोई प्रस्ताव आए ही नहीं, इसलिए उन योजनाओं का लाभ नहीं मिला।

## संभल शाही जामा मस्जिद

# सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल

**संभल।** चंदौसी कोर्ट में कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव की तरफ से संभल के शाही मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट बंद लिफाफे में गुरुवार को दाखिल की गई। सुरक्षा कारणों की वजह से 40-45 पन्नों की सर्वे रिपोर्ट गुपचुप तरीके से सौंपी गई। रिपोर्ट को सिविल जज आदित्य सिंह की कोर्ट में दाखिल किया गया। सूत्रों ने शाही जमा मस्जिद के सर्वे को लेकर बड़ा खुलासा किया है। सूत्रों के मुताबिक सर्वे रिपोर्ट में करीब साढ़े चार घंटे की वीडियोग्राफी सर्वे के दौरान की गई। 1200 के करीब फोटो लिए गए। मस्जिद के अंदर दो वट वृक्ष हैं। मस्जिद में कुआं है।



बाहर वाले हिस्से को ढंक दिया गया है, जबकि कुआं का आधा हिस्सा मस्जिद के अंदर है। 50 से ज्यादा फूल के निशान मिले हैं। गुम्मद के हिस्से को प्लेन कर दिया गया है। पुराने कंस्ट्रक्शन के बदलने के भी सबूत मिले हैं। नए कंस्ट्रशन के सबूत मिले हैं। मंदिर के शेप पर प्लास्टर लगाकर पेंट कर दिया गया है। मस्जिद में अंदर जहा बड़ा गुंबद है, उस गुंबद पर झुमूर को तार से बांधकर एक चेन से लटकाया गया है।

### फर्जी निकले वक्फ के दस्तावेज

मस्जिद के सामने बन रही पुलिस चौकी को लेकर वक्फ के दस्तावेज फर्जी पाए गए हैं। प्रशासन की 3 सदस्यीय टीम ने किया खुलासा किया है। इस फर्जीवाड़ी में मामला दर्ज किया जाएगा। डीएम राजेंद्र पेंसिया ने न्यूज 18 इंडिया को बताया कि दस्तावेज में संख्या 1 से 20 तक जो दावे किए गए थे, लगभग 3-4 किमी की हजारों बीघा भूमि वक्फ दर्ज की गई थी। अगर ऐसा होता है तो सम्भल में शहर और गांव भी वक्फ के माने जाएंगे। सरकारी और आध्यात्मिक की जो भी चीज हैं, वह वक्फ के हो जाएंगे। वर्तमान में विवादित धार्मिक स्थल है, उसके सामने सत्यव्रत पुलिस चौकी का निर्माण हो रहा है। उसका भी निरीक्षण किया गया। उसमें 18,19 और 20 संख्या के ऊपर दिया हुआ है। ना ही उसमें किसी प्रकार का रकबा खुला हुआ है। न ही जिन बाउंड्रीज की बात की जा रही है, उनका कोई अस्तित्व नहीं है।

# बिहार : प्रशांत किशोर का आमरण अनशन शुरू

**पटना।** बीपीएससी के अभ्यर्थियों का साथ देने के लिए प्रशांत किशोर उनके साथ आये थे। अभ्यर्थियों के साथ मिलकर आंदोलन भी किया, जिस वजह से पुलिस ने अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज भी किया थे। यहां तक कि पटना पुलिस ने उनपर प्राथमिकी भी दर्ज की। अब वह आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने गुरुवार को ही इस बात की घोषणा की थी कि अगर सरकार बीपीएससी परीक्षा को रद्द नहीं करती है तो वह आमरण अनशन शुरू कर देंगे। इस संबंध में प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरी मांगों में परीक्षा रद्द करना और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करना है।



### कहा था-48 घंटे का करूंगा इंतजार

पुलिस के द्वारा लाठीचार्ज किये जाने के बाद सरकार ने बात करने कम लिए बुलाया था। फिर प्रदर्शनकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा से मुलाकात की। उनसे मुलाकात के बाद ही प्रशांत किशोर ने इस बात की घोषणा कर दी कि अगर नीतीश कुमार की सरकार बीपीएससी पेपर लीक पर कार्रवाई के लिए मात्र "48 घंटे" तक इंतजार करेंगे और फिर वह अपना आंदोलन तेज करेंगे।

## गृह मंत्रालय ने किया आगाह

# 'साइबर अपराधियों के निशाने पर बेरोजगार युवा, गृहणी और छात्र'

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि एक नए तरह के 'निवेश घोटाले' में साइबर अपराधियों के निशाने पर बेरोजगार युवा, गृहणी और छात्र हैं। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में लोगों को आगाह किया है। सरकार के मुताबिक बेरोजगार युवाओं, गृहणियों और छात्रों के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। इन लोगों को रोजाना बड़ी रकम गंवानी पड़ती है। अधिक चिंताजनक पहलू यह है कि साइबर अपराधी वारदात को अंजाम देने के लिए गूगल सेवा प्लेटफ़ॉर्म का भी उपयोग कर रहे हैं। इस साइबर धोखाधड़ी को पिग बुचरिंग स्कैम के नाम से जाना जा रहा है।



# जेलों में जातीय भेदभाव रोकने की तैयारी

- गृह मंत्रालय का जेल मैनुअल नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने भारतीय जेलों में जातिगत भेदभाव रोकने के लिए जेल मैनुअल कानून में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जेलों में जाति आधारित भेदभाव को दूर करने और 'आदतन अपराधी' की मौजूदा परिभाषा को बदलने के लिए मॉडल जेल मैनुअल, 2016 और मॉडल जेल और सुधार सेवा अधिनियम, 2023 में संशोधन किया है। गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी निर्देशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अक्टूबर, 2024 को दिए अपने फैसले में जेल मैनुअल में बदलाव का आदेश दिया था।



### जाति आधारित भेदभाव रोकने का आदेश

सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में गृह मंत्रालय ने कहा कि जेल अधिकारियों को सख्ती से यह सुनिश्चित करना होगा कि जाति के आधार पर कैदियों के साथ कोई भेदभाव, वर्गीकरण, अलगाव न हो।

### आईसीएमआर का संशोधन का प्रस्ताव

आईसीएमआर ने राष्ट्रीय आवश्यक निदान सूची में संशोधन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें देश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विभिन्न स्तरों पर उपलब्ध होने वाले न्यूनतम परीक्षणों की संख्या बताई गई है।

# प.रे. : बीकानेर-सादुलपुर सेक्शन के बीच पैच दोहरीकरण से ट्रेनें प्रभावित




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** बीकानेर-सादुलपुर सेक्शन पर रतनगढ़ से मोलीसर स्टेशन के बीच पैच दोहरीकरण कार्य के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 20 और 27 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19271 भावनगर-हरिद्वार साप्ताहिक एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 22 और 29 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19272 हरिद्वार-भावनगर साप्ताहिक एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 22915/22916 बांद्रा टर्मिनस-हिसार सुपरफास्ट एक्सप्रेस 20 और 27 जनवरी, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से तथा 21 और 28 जनवरी, 2025 को हिसार से छूटने वाली ट्रेन मेड़ता रोड तक चलेगी तथा मेड़ता रोड और हिसार के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 19333/19334 इंदौर-बीकानेर एक्सप्रेस 04, 11, 18 और 25 जनवरी, 2025 को इंदौर से तथा 05, 12, 19 और 26 जनवरी, 2025 को बीकानेर से छूटने वाली ट्रेन सीकर तक चलेगी तथा सीकर और बीकानेर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। 04 और 11 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19027 बांद्रा टर्मिनस-जम्मू तवी एक्सप्रेस 01 घंटा 05 मिनट रिशेड्युल होगी। 06 और 13 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 22915 बांद्रा टर्मिनस-हिसार सुपरफास्ट एक्सप्रेस 01 घंटा 05 मिनट रिशेड्युल होगी। 18 और 25 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19027 बांद्रा टर्मिनस-जम्मू तवी विवेक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया डेगाना, फुलेरा, रींगस, रेवाड़ी, हिसार स्टेशनों के रास्ते चलेगी। इस ट्रेन को फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी और भिवानी स्टेशनों पर ठहराव दिया जाएगा। 27 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19028 जम्मू तवी-बांद्रा टर्मिनस विवेक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया हिसार, रेवाड़ी, रींगस, फुलेरा और डेगाना के रास्ते चलेगी। इस ट्रेन को भिवानी, रेवाडी, नारनौल, नीम का थाना, रींगस व फुलेरा स्टेशनों पर ठहराव दिया जाएगा। 16, 23 और 30 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 04712 बांद्रा टर्मिनस- बीकानेर स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया जयपुर, मेड़ता रोड और बीकानेर स्टेशनों के रास्ते चलेगी। इस ट्रेन को फुलेरा, मकराना, डेगाना और नागौर स्टेशनों पर ठहराव दिया जाएगा। 15, 22 और 29 जनवरी, 2025 को चलने वाली ट्रेन संख्या 04711 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया बीकानेर, मेड़ता रोड और जयपुर के रास्ते चलगी।

मध्य रेल

# डा. मानसिंह ने किया भायखला अस्पताल में अत्याधुनिक मल्टीडिटेक्टर सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** रेलवे स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डा. मानसिंह ने धर्मवीर मीना, महाप्रबंधक और डा. शोभा जगन्नाथ, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, मध्य रेल की उपस्थिति में दिनांक 26.12.2024 को मध्य रेल के भारत रत्न डा. बाबासाहेब अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल, भायखला में अत्याधुनिक, 128 स्लाइस मल्टीडिटेक्टर कंप्यूटेड टोमोग्राफी स्कैन सिस्टम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मध्य रेल के प्रधान विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।तेज और अधिक सटीक इमेजिंग तकनीक वाली नई सीटी स्कैन मशीन, इन-पेशेंट देखभाल के लिए अत्याधुनिक होगी और चिकित्सा एवं निदान में एक आदर्श परिवर्तन लाएगी। रेलवे स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डा. मानसिंह ने अस्पताल में किए गए विकास और सेवाओं की सराहना की और सभी परियोजना में सहायता का आश्वासन दिया, जिससे रेलवे कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों को उन्नत मशीनों और उपकरणों की खरीद की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया और इसके लिए आवश्यक मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। टाटा मेमोरियल अस्पताल के प्रमुख रेडियोलॉजिस्ट डा. अमित जानू और अन्य वक्ताओं द्वारा अतिथि व्याख्यान भी आयोजित किए गए, जो कि "रेडियोडायग्नोसिस और इमेजिंग" में सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) के हिस्से के रूप में आयोजित किए गए थे, जिसका आयोजन अस्पताल द्वारा डा. सुषमा माटे, चिकित्सा निदेशक और डा. जमुना कनकरा, मुख्य विशेषज्ञ के नेतृत्व में किया गया था। सीएमई ने दर्शकों को डायग्नोस्टिक इमेजिंग में नवीनतम प्रगति और अभ्यास में इसके एकीकरण के बारे में बताया। अतिथि व्याख्यान के बाद प्रश्नोत्तरी सत्र का भी हुआ। डा. शशि वर्मा, सीनियर डीएमओ (रेडियोलॉजी) और आयोजन सचिव ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। भायखला अस्पताल के लिए एक अमूल्य निधि और रोगियों के लिए एक वरदान। उन्नत अत्याधुनिक 128 स्लाइस मल्टीडिटेक्टर कंप्यूटेड टोमोग्राफी प्रणाली कम समय और कम रेडीशन डोज में विस्तृत और सटीक इमेज तैयार करती है। इस प्रकार की गति और दक्षता आपात स्थिति में आवश्यक है, जहां हर सेकंड मायने रखता है।



128 स्लाइस मल्टीडिटेक्टर कंप्यूटेड टोमोग्राफी स्कैन सिस्टम

ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट-5 की कार्रवाई

# तीन बांग्लादेशी महिला वेटर गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**ठाणे।** ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट-5 की पुलिस टीम द्वारा प्राप्त विश्वसनीय जानकारी के अनुसार, तीन महिला वेटरों अंतोरा मानेक शेख खातून (32), झरना रिजौल शेख (22) और मोसमाद अंबिया खातून पिता मोहम्मद ओजिया रहमद (45) को गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उनके खिलाफ भारत में अवैध निवास का मामला दर्ज किया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त कार्रवाई क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम ने 30 दिसंबर को की थी। तीन महिला बांग्लादेशी नागरिक अंतोरा मानेक शेख खातून (32), जरना रिजाउल शेख (22) और मोसमाद अंबिया खातून पिता मोहम्मद ओजिया रहमद (45)जो बांग्लादेश की सीमा से अवैध रूप से भारत में घुसपैठ कर भारत में रहकर काम करते पाए गए। होटल में वेटर जांच से पता चला कि तीनों महिलाएं लक्ष्मण चाल, विजय अपार्टमेंट के बगल में महात्मा फुले नगर, ठाणे में रहती थीं और उनके मूल निवासी गांव बेनापोल, बेनापोल पॉट थाना, जिला जोशोर, राज्य ढाका, बांग्लादेश थे। इस बात का कोई सबूत नहीं था कि इन तीन महिलाओं की बांग्लादेशी महिलाओं के साथ भारतीय वंशावली थी। इन बांग्लादेशी महिलाओं के खिलाफ वर्तकनगर थाने में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने बताया कि उन्हें गिरफ्तार कर उनके मूल देश भेजने की प्रक्रिया चल रही है।




**सार्वजनिक नोटिस**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल कोशिलाबेन मानसिंग सिसौदिया के बेटे सुजल मानसिंग सिसौदिया की दि. १४/०९/२०२३ को एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। बीमा कंपनी ने दिवंगत सुजल मानसिंग सिसौदिया के आश्रित के लिए श्रम न्यायालय जूनागढ़ में एक राशि जमा की थी। तत्पश्चात मेरे मुवक्किल ने उस राशि का दावा किया है, जिसका नाम कोशिला बेन उर्फ (कौशी बेन महेंद्र भाई विश्वकर्मा) और उनकी बेटी करीना किरण भाई गुरुम है। यदि किसी को उक्त दावे पर कोई आपत्ति है, तो कृपया हाथीखाना के नजदीक, श्रम न्यायालय जूनागढ़ में ७ दिन में रिपोर्ट करें। अन्यथा कानून के मुताबिक उपरोक्त राशि को बांटी जाएगी।

**तारीख : ०३.०१.२०२५**

हस्ता/-
आर. एच. धमानी
एडवोकेट


# शातिर चोर गिरफ्तार, लाखों का माल जब्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नालासोपारा।** पेल्हार पुलिस स्टेशन की अपराध जांच शाखा टीम ने सेंधमारी, रिक्शा व मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 2,25,000 रुपए का सामान जब्त किया है। इसके साथ ही पुलिस ने 4 अपराधों का खुलासा भी किया है। यह कार्रवाई परिमंडल - 3 डीसीपी जयंत बजबले और एसीपी बजरंग देसाई के मार्गदर्शन में पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन कांबले व अपराध पुलिस निरीक्षक दुर्गा चौधरी के नेतृत्व में एपीआई रमेश वाघचौरे और पीएसआई तुकाराम भोपले की टीम ने किया है। नालासोपारा पूर्व के गवराई नाका के पास से 22 दिसंबर की रात 8 बजे से अगले दिन सुबह 5 बजे के बीच मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। पेल्हार पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की जांच में जुटी थी। पेल्हार पुलिस स्टेशन की अपराध जांच शाखा टीम ने जांच पड़ताल के बाद साबिरअली मुर्तुझाअली शेख ऊर्फ फत्ते (28 ) को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया। जिसके बाद उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने उसके पास से 2 रिक्शा,1 मोटर साईकिल और 2 मोबाइल बरामद किया हैं। जिसकी कुल कीमत 2,25,000 रुपए आंकी गई है।

# सड़क हादसे में सात वर्षीय मासूम की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नालासोपारा।** पेल्हार पुलिस स्टेशन अंतर्गत वसई फाटा के पास एक 7 वर्षीय मासूम की टेम्पो की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खान कंपाउंड का रहने वाला आलीशान समीर कुरैशी (7) नामक मासूम अपनी मां के साथ घर जा रहा था। जैसे ही वह काठियावाड़ी होटल के पास पहुंचा पीछे से आ रहे टेम्पो ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में आलीशान की दर्दनाक मौत हो गई। पेल्हार पुलिस टेम्पो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई हैं।




# युवक ने किया माता-पिता का कत्ल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले एक छात्र ने अपने माता-पिता की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि ऐसी आशंका है कि छात्र की शिक्षा और करियर को लेकर माता-पिता से मतभेद होने के कारण उसने यह कदम उठाया। जानकारी के मुताबिक नागपुर के कपिल नगर इलाके में 26 दिसंबर को आरोपी उत्कर्ष ढकोले (25) ने अपने माता-पिता की हत्या की। उन्होंने बताया कि यह दोहरा हत्याकांड बुधवार सुबह उस दौरान सामने आया जब पड़ोसियों ने घर से दुर्गंध आने की शिकायत की। पुलिस उपायुक्त (जोन वी) निकेतन कदम ने बताया कि उत्कर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके बाद उसने हत्या की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि उनके शव बुरी तरह गल गए थे। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान लीलाधर ढकोले (55) और उनकी 50 वर्षीय पत्नी अरुणा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया, 'उत्कर्ष ने कथित तौर पर 26 दिसंबर को दोपहर के समय अपनी मां की गला घोंटकर हत्या कर दी और बाद में शाम 5 बजे घर लौटने पर अपने पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने शवों को वहीं छोड़ दिया।' अधिकारी ने बताया कि उत्कर्ष की मां शिक्षिका थी और पिता एक बिजली संयंत्र में तकनीशियन और सामाजिक कार्यकर्ता थे। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि उत्कर्ष के खराब शैक्षणिक रिकॉर्ड और करियर को लेकर हुए विवाद के कारण उसने अपने माता-पिता की हत्या की। कदम ने बताया, 'उत्कर्ष इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान कई विषयों में पास नहीं हो पाया था। इसलिए उसके माता-पिता चाहते थे कि वह कुछ और पढ़ाई करे। लेकिन वह उनका सुझाव नहीं मानना चाहता था।' अधिकारी ने बताया कि दोहरे हत्याकांड का खुलासा होने के बाद उत्कर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया।


**NASHIK MUNICIPAL CORPORATION,NASHIK**
**Public Works Department,**
**Rajiv Gandhi Bhavan, Sharanpur Road,**
**Nashik 422001.**
**NIT Notice No: 17 (2024-25)**

RFP invited from agencies, corporation, firms/individuals for the following:

| No. | Name of Work |
|---|---|
| 1. | Consultancy services for preparation of master plan of Godavari Riverfront and detailed designs of Ram–Kal Path |

The Detailed specification, scope of work, conditions, manner of submission etc. for said work will be available on the Website **www.mahatenders.gov.in** from date. 03/01/2025 to 11/01/2025 up to 16:00 Hrs.

जनसंपर्क/जा.क्र./३२०/दि.२/१/२०२५

Sd/-
City Engineer
Nashik Municipal Corporation, Nashik.

स्वच्छता पाळा, रोग टाळा.


# वायु गुणवत्ता सुधारने डीप क्लीनिंग अभियानों का नागरिकों ने किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवी मुंबई।** स्वच्छता के साथ-साथ नवी मुंबई शहर के पर्यावरण पर विशेष ध्यान देते हुए नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में डीप क्लीनिंग ड्राइव का पखवाड़ा शुरू किया गया है। इसमें नवी मुंबई मनपा आयुक्त डा. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में एक कार्य योजना तैयार की गई है, और 30 दिसंबर से 13 जनवरी तक की अवधि में हर दिन सभी आठ विभागों में मुख्य सड़कों, फुटपाथों और उपेक्षित स्थलों की गहन सफाई (डीप क्लीनिंग ड्राइव) की जा रही है। आयुक्त महोदय के मार्गदर्शन में अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार के निर्देशानुसार, ठोस कचरा प्रबंधन विभाग के परिमंडल 1 के उपआयुक्त डा. अजय गडदे और परिमंडल 2 के उपआयुक्त संतोष वारुले, साथ ही परिमंडल 1 के उपआयुक्त सोमनाथ पोटरे और परिमंडल 2 के उपआयुक्त डा. कैलास गायकवाड़ सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और सफाईकर्मी इस गहन सफाई अभियान को अंजाम दे रहे हैं। इस अभियान के तहत सड़कों और उनके किनारे बने फुटपाथों पर जमा मिट्टी और धूल की सफाई की जा रही है, साथ ही उनके समीप की दीवारों और बाड़ों को भी साफ किया जा रहा है। इन स्थानों पर प्रसंस्कृत पानी का छिड़काव कर और भी अधिक स्वच्छता सुनिश्चित की जा रही है। इस उद्देश्य के लिए आधुनिक फॉगिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सफाई कार्य को गति और प्रभावशीलता प्राप्त हो रही है। मिट्टी और धूल हटाने से वायु की भी सफाई हो रही है और वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है।



# बेटी के नाबालिग प्रेमी को पीट-पीटकर मार डाला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पुणे।** पुणे में एक 17 वर्षीय लड़के को कथित तौर पर उस लड़की के पिता और दो भाइयों ने लोहे की रॉड से पीट-पीटकर मार डाला, जिसके साथ वह प्रेम प्रसंग में था। बताया जा रहा है कि लड़की वाले दोनों के रिश्ते से खुश नहीं थे। घटना गुरुवार तड़के 2 बजे के आस-पास हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि मारे गए लड़के के खिलाफ भी आपराधिक मामला दर्ज है। उसने रिश्ते का विरोध करने पर लड़की के घरवालों की बाइक को आग लगाकर फूंक दिया था। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह वाघोली के वाघेश्वर नगर इलाके के गोरेवस्ती में 17 साल के एक लड़के की सनसनीखेज हत्या का मामला प्रकाश में आया। अधिकारियों के अनुसार, यह वारदात गुरुवार सुबह करीब 2 बजे पता लगी, जब लड़की के पिता और भाइयों ने उसे उसी के घर के बाहर बुलाकर अचानक हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि लड़की का परिवार लड़के से नफरत करता था। उन्हें कथित तौर पर बेटी का उसके साथ बात करना, मिलना-जुलना पसंद नहीं था। आखिरकार बुधवार देर रात लड़की के पिता लक्ष्मण पेटकर (60), और उसके दोनों बेटों नितिन पेटकर (31) और सुधीर पेटकर (32) ने कथित तौर पर लड़के पर लोहे की छड़ी और पत्थरों से बुरी तरह हमला करना शुरू कर दिया। पुलिस ने कहा कि लड़के को गंभीर चोटें आईं और स्थानीय अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद मृतक के पिता ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। डीसीपी हिमंत जाधव ने पुष्टि की कि हत्या का मामला दर्ज किया गया है और तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। जाधव ने कहा, "आरोपी पीड़ित लड़की के साथ रिश्ते के विरोध में थे और उन्होंने यह चरम कदम उठाया। नाबालिग तीन महीने से शहर से बाहर था क्योंकि उसके पिता ने उसे लड़की के परिवार के साथ चल रहे संघर्ष को लेकर दूर रहने की सलाह दी थी। हालांकि, वापस लौटने पर, उसने कथित तौर पर लड़की के परिवार के दोपहिया वाहन को आग लगा दी, जिससे तनाव और बढ़ गया। मामले की जांच जारी है।




**मध्य रेल**

**E-Tender Notice No: PA.LD.C.T. 2024.15 Date: 31.12.2024**

मंडल विद्युत अभियंता (निर्माण), पुणे द्वारा मध्य रेल के अहमदनगर–बीड–परली खंड में एलटी एचटी क्रॉसिंग का संशोधन, कार्यालयों, क्वार्टरों, स्टेशन भवनों, प्लेटफार्मों, सबवे का विद्युतीकरण और लिफ्ट का प्रावधान जैसे कार्यों के लिए खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **अनुमानित लागतः** रु. 6,50,93,237.56/–, **निविदा सुरक्षाः** रु. 4,75,500/– **पूर्णता अवधिः** 12 माह मानसून अवधि सहित। **प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तिथि से 60 दिन। **जमा एवं खुलने की तिथि एवं समयः** अपलोडिंग 23.01.2025 को 15.00 बजे तक या उससे पहले और **खुलना** उसी दिन 15.00 बजे। विस्तृत विवरणों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। ANJ/30

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियरिंग (निर्माण) आगरा, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी और से निम्न लिखित कार्य हेतु Single-पैकेट open tender पर ऑन लाइन (E-Tendering) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाएँ **दिनांक 27.01.2025 को 15:00 बजे तक website https://www.ireps.gov.in/** पर ऑनलाइन जमा की जा सकती हैं। निविदा के विवरण निम्नानुसार हैं :-

**निविदा संख्या :** E-Tender Notice No. CEN00AGC2124

**कार्य का नाम :** धौलपुर-सिरमथुरा लाइन और मथुरा यार्ड रीमॉडलिंग भूतेश्वर फ्लाईओवर परियोजनाओं के संबंध में सभी प्रकार के रेल पैनलों [60किग्रा/52किग्रा, R260/72/90 यूटीएस,नए/सेवा में] की मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग का कार्य ।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत :** रु. 2.71 करोड़ (लगभग) | **धरोहर राशि (रूपए) :** 2,85,900/- |
| **कार्य पूर्ण होने की अवधि :** 24 माह हार्वेस्ट एवं मानसून अवधि सहित | |
| **निविदा खोलने का दिनांक :** 27.01.2025 | **वैधता अवधि :** 60 दिन |

पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की **website http://www.ireps.gov.in** को देखें । **2200/24 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 24/86** **दिनांकः 31.12.2024**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ.म.रे., प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001:2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 70245014A | इनहिबिटेड मिनरल इन्सुलेटिंग (ट्रांसफारमर) ऑइल | 65800 लिटर | 31 जनवरी-2025 |
| 2 | 30242298A | शटर पैनल आईसीएफ जीएस एवं सीएन कोच के विंडो के लिए | 4000 नग | 27.01.2025 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **2199/24 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई–निविदा सूचना सं.: एसटी–सीओएन–जेएसजी–बीईएच–4थ–लाइन–1,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण/मुख्यालय/गार्डन रीच, कोलकाता–700043, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के स्टेशन – बागडिही और धुतरा, शाखा बागडिही – धुतरा और धुतरा– झारसुगुड़ा गुड्स यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली और ऑटो–सिग्नलिंग व्यवस्थाओं (इनडोर और आउटडोर दोनों) का प्रावधान, बागडिही–झारसुगुड़ा गुड्स यार्ड के बीच चौथी लाइनों के संबंध में झारसुगुड़ा गुड्स यार्ड और एमसीएल ब्लॉक केबिन में ईआई का रूपांतरण और धुतरा एवं बागडिही स्टेशनों पर बाद के चरण का कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** रु. 55,43,86,895.32, **बयाना राशि:** रु. 29,21,900/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 24.01.2025 को 15.00 बजे। **निविदा की प्रकृति:** खुली। उक्त निविदा सूचना का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **(PR-973)**

**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**

:- जाहिरात :-

(Walk-in-Interview) थेट मुलाखत

दिनांक : 06 जानेवारी, 2025
वेळ : सकाळी 10 :00 ते दुपारी 12 :00
स्थळ : सामान्य प्रशासन विभाग, उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर-3

उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या उद्यान विभाग करिता खालील नमूद पदी पदासमोर दर्शविलेल्या शैक्षणिक पात्रता धारण करणाऱ्या पात्र उमेदवारांकडून / सेवानिवृत्ती अधिकारी / कर्मचारी / उमेदवारांकडून अर्ज मागवून (Walk-in-Interview) थेट मुलाखतीद्वारे केवळ तात्पुरत्या स्वरुपात 11 महिन्याच्या कालावधी करीता खालील शर्ता व अटीवर भरण्यात येत आहे.

| अ. क्र. | पदनाम | संख्या | शैक्षणिक अर्हता | मानधन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उद्यान अधिकारी | 1 | (अ) मान्यता प्राप्त कृषि विद्यापीठाची बी.एस.सी., (हार्टिकल्चर /ॲग्रीक्लचर/ फॉरेस्ट्री) पदवी किंवा मान्यता प्राप्त विद्यापीठाची वनस्पती शास्त्रातील पदवी धारण करणारे उमेदवार.<br>(ब) शासनाकडील निमशासकीय / स्थानिक स्वराज्य संस्थाकडील कृषि / उद्यान अधिकारी (वर्ग-2) या पदावरील किमान 3 वर्षाचा अनुभव धारण करणाऱ्या उमेदवारांस प्राधान्य. | 40,000/- |

अर्जदाराचे अर्ज वर नमूद दिनाकांच्या दिवशी सामान्य प्रशासन विभाग, उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर – 3 येथे स्विकारण्यात येतील. याबाबत सविस्त माहिती महानगरपालिकेच्या http://www.umc.gov.in/ या संकेत स्थळावर उपलब्ध आहे.

स्वाक्षरी :
(डॉ. सुनिल लोंढे)
सहायक आयुक्त (साप्रवि)
उल्हासनगर महानगरपालिका

जाहिरात क्रमांक : उ.मा.पा./पीआरओ/04/2025
दिनांक : 02/01/2025

मुख्य कार्यालय, विरार
विरार (पश्चिम),
ता. वसई, जि.पालघर, पिन-401 303

दुरध्वनी : 0250 - 2525105/06/2529888/2529890
फॅक्स : 0250 - 2525107
ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : व.वि.श.म./वृक्ष प्राधि/1408/2024
दिनांक 01/01/2025

**वृक्षप्राधिकरण / उद्यान विभाग, मुख्यालय. विरार पश्चिम**
**प्रथम वेळ जाहिर ई - निविदा सूचना क्र.**

वसई विरार शहर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रातील प्रभाग समिती एच वॉर्ड क्र. 102 मधील आरक्षण क्र. 605 गोकुळनगरी येथे (सर्वे नं. 138 व 139 हिस्सा नं. 1, सर्वे नं. 61 हिस्सा नं. 9 व 18) नव्याने उद्यान सुशोभिकरण करणे कामाचे कोरे निविदा फॉर्म https :mahatenders.gov.in या अधिकृत संकेतस्थळावर दि. 03/01/2025 पासून उपलब्ध होणार आहेत. ई-टेंडरिंग बाबत अधिक माहितीसाठी ई - निविदा कक्ष, वसई-विरार शहर महानगरपालिका, मुख्यालय, विरार पश्चिम येथे संपर्क साधावा.

जा.क्र.वविशम/वृक्ष प्रा./1408/25-26
दि. 01/01/2025

(समीर भूमकर)
उप-आयुक्त तथा वृक्षअधिकारी
वसई विरार शहर महानगरपालिका

Please Visit our Official web-site
(https://mahatenders.gov.in)

महाराष्ट्र पुलिस का वार्षिक समारोह

# महाराष्ट्र पुलिस का शौर्य अतुलनीय : राज्यपाल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस का वार्षिक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी.राधाकृष्णन ने कहा कि पुलिस बल की बहादुरी अद्वितीय है। यह देश का आदर्श पुलिस बल है। पुलिस वार्षिक दिवस का यह कार्यक्रम गोरेगांव के राज्य रिजर्व पुलिस बल मैदान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, बृहन्मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर, मुंबई पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारी, सेवानिवृत्त अधिकारी, पुलिस कांस्टेबल और आमंत्रित लोग उपस्थित थे। प्रारंभ में राज्यपाल ने वार्षिकोत्सव जुलूस का अवलोकन किया और अनुशासित जुलूस का अभिनंदन किया। राज्य रिजर्व पुलिस बल दस्ता, मुंबई पुलिस सशस्त्र बल दस्ता, मुंबई पुलिस महिला दस्ता, ठाणे शहर- लोहमार्ग पुलिस दस्ता, मुंबई पुलिस दंगा नियंत्रण दस्ता और निशान टीम ने ऑपरेशन में भाग लिया। इस अवसर पर विशेष संचलन एवं हर्ष परेड प्रस्तुत की गई। पाइप बैंड और साइलेंट आर्म ड्रिल का प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महानिदेशक ने राज्यपाल को स्मृति चिह्न भेंट किया।

### अधिक सतर्कता की आवश्यकता

राज्यपाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पुलिस बल की चुनौतियां बढ़ी है। समुद्री सुरक्षा, नक्सलवाद जैसे खतरे हैं। इसके अलावा साइबर सुरक्षा, युवाओं में बढ़ती नशे की लत जैसी नई चुनौतियों के चलते पुलिस को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। राज्य सरकार पुलिस बल का आधुनिकीकरण कर रही है।

### महिला पुलिस की संख्या उल्लेखनीय

पुलिस भर्ती भी बड़े पैमाने पर हो रही है। इसमें महिलाओं की बढ़ती संख्या उल्लेखनीय है। महाराष्ट्र पुलिस न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में अपने अद्वितीय समर्पण, बहादुरी और उत्कृष्टता के लिए जानी जाती है। इस दुर्जेय बल ने आतंकवादी हमलों, संगठित अपराध, गिरोह युद्ध और बम विस्फोट जैसी कई चुनौतियों का सामना किया है।

### सज्जनों की रक्षा को तत्पर : शुक्ला



2 जनवरी को पुलिस वर्षगांठ दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक श्रीमती रश्मि शुक्ला ने परिचय के माध्यम से दी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र पुलिस भयमुक्त वातावरण कायम कर सज्जनों की रक्षा और दुष्टों का नाश करने के लिए तत्पर है।

### महाराष्ट्र पुलिस पर भरोसा

राज्यपाल ने कहा कि एक अपराधी एक गिरोह का रूप ले सकता है। इसलिए महाराष्ट्र पुलिस अवैध हथियारों और नशीली दवाओं पर प्रतिबंध लगाकर अपराध को खत्म कर देगी। 2 जनवरी 1961 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने महाराष्ट्र पुलिस बल को पुलिस ध्वज प्रदान किया।

### तुकाराम ओंबले को किया याद

राज्यपाल ने विशेष रूप से तुकाराम ओंबले की बहादुरी की सराहना की। ओंबले ने 26 नवंबर 2008 को मुंबई पर हुए हमले में आतंकवादियों को पकड़ने के लिए गोलियों का सामना किया था। उन्होंने कहा कि इस तरह की बहादुरी के कृत्यों से यह संदेश जा रहा है कि भारत किसी भी तरह के आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा।





मुंबई। दक्षिण मुंबई के मुंबादेवी मंदिर में महाआरती करते महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री राज के. पुरोहित। साथ में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। फोटो : सुरेश पाडीव



अणुव्रता अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण की सुशिष्या प्रो. साध्वीश्री मंगलप्रभा जी के दर्शन करने पहुंचे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के रविंद्र संघवी, महाराष्ट्र राज्यपाल के जनसंपर्क अधिकारी अमेश काशीकर। साथ में हैं किशनलाल डागलिया, राजकुमार चपलोत, गणपत डागलिया, कुंदन धाकड़, किशोर धाकड़, देवंद्र डागलिया एवं लक्ष्मी नारायण डागलिया।

महाराष्ट्र पुलिस स्थापना दिवस पर

## अनुप्रनी फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** अनुप्रनी फाउंडेशन-जोधपुर एवं मुंबई ने 'महाराष्ट्र राज्य पुलिस वर्धापन दिवस-1961 के उपलक्ष में जी.आर.पी. तथा आर.पी.एफ. के लिए हैल्थ कैंप का आयोजन बोरीवली जी.आर.पी. आफिस में डी. एम. खुपेरकर (वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक) तथा सतीश शिंदे (पुलिस निरीक्षक- गुनाह) की देखरेख में आयोजित किया। जिसमें 100+ पुलिसकर्मियों का आंख, दांत और लंग्स का चैकअप सफलता पूर्वक किया गया। सभी को निःशुल्क दवाओं के वितरण में अनुप्रनी फाउंडेशन द्वारा अरुण अरोड़ा (जोधपुर) का सहयोग मिला। सुनील मोहनोत और प्रशांत भंसाली का बड़ा योगदान रहा। आयोजित हेल्थ कैंप में फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद भंडारी (जोधपुर) तथा अध्यक्षा अवनी शाह (मुंबई) के तत्वावधान में क्रिशा शाह और जक्षा संघवी का सहयोग रहा। आयोजन बहुत ही सफलता पूर्वक हुआ। इनफीगो आई केर, डा. पंकज गुप्ता, श्रीध-फ्री के सहकार से अनुप्रनी फाउंडेशन इस तरह के मेडिकल कैंप आयोजित कर रहे हैं।



## ओम ज्ञान गंगा मिशन का रतन टाटा को पोस्टकार्ड श्रद्धांजलि मिशन जारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में ओम ज्ञान गंगा मिशन भारत की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा कंवर राठौड़ एवं मुंबई अध्यक्षा श्रीमती चांदनी खींची ने टाटा हेड ऑफिस जा कर स्व. रतन टाटा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पोस्टकार्ड अर्पित करके श्रद्धांजलि दी एवं ऊं ज्ञान गंगा मिशन, भारत की तरफ से पोस्टकार्ड श्रद्धांजलि की फाइल चेयरमैन एन चंद्रशेखर को हस्तांतरित करने के लिए टाटा ऑफिस, डिस्पैच कार्यालय में जमा की। अभी तक जितने भी पोस्टकार्ड श्रद्धांजलि के लिए हेड ऑफिस में जमा हुए हैं उसके बारे में जानकारी प्राप्त की। मुंबई वासियों को पोस्टकार्ड वितरण किया एवं मुंबई वासियों से अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रतन टाटा को श्रद्धांजलि पोस्टकार्ड लिखें जिससे हम विश्व कीर्तिमान स्थापित कर सकें। ओम ज्ञान गंगा मिशन भारत का मिशन है कि गांव - गांव, शहर- शहर, जन-जन तक रतन टाटा देश के प्रति समर्पण को याद किया जाए।

## सौ वृद्धाओं के खिले चेहरे

**68 विद्यार्थियों को नि :शुल्क शिक्षा**



राकेश विश्वकर्मा/ जागरूक टाइम्स

**मीरा भायंदर।** वरिष्ठ नागरिकों की सेवा विद्यार्थियों को मुफ्त ट्यूशन क्लास ,बीमारियों से बचने के लिए योगा क्लास, स्कूली बच्चों के स्किल डेवलपमेंट का कार्य वर्षों से एकता ग्रुप बखूबी करता आ रहा है। एकता ग्रुप के राजीव मेहरा ने बताया कि कोविड महामारी के बाद सीनियर सिटीजन के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास उन्होंने किया जिसमें उन्हें सफलता मिली। आज 100 से अधिक बुजुर्ग महिलाएं योगा क्लास में रोजाना आती हैं। 2022 से ही होनहार विद्यार्थियों को मुफ्त कोचिंग क्लास चलाई जा रही है जिसमें कक्षा 7 से कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है। विद्यार्थियों के लिए स्किल डेवलमेंट क्लास चलाई जा रही है जिसमें चित्रकला, हस्तकला, डांस क्लास के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास रहता है क्योंकि शिक्षा जीवन का असली मूलमंत्र है। एकता ग्रुप सिर्फ सेवा ही नहीं बुजुर्ग महिलाओं का जन्मदिन उनके त्यौहार मनाने के साथ ही बुजुर्ग महिलाओं को उपहार देकर उनका हौसला बढ़ाने का कार्य बखूबी कर रहा है। मेहरा की मानें तो कोविड महामारी के बाद कइयों ने परिवार के सदस्यों को खो दिया जिसके बाद घर की बुजुर्ग महिलाएं डिप्रेशन का शिकार ना हो इसके लिए उन्होंने अपने साथियों के जरिये बुजुर्ग महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने की योजना बनाई जो आज सफल हुई है। एकता ग्रुप आने वाले दिनों में वरिष्ठ नागरिकों की सेवा के लिए कई आयोजन करने वाला है। मेहरा के अनुसार सेवा भावना उन्हें अपने पिता से मिली है।

## शाह अग्रोहा विकास ट्रस्ट भायंदर के नए अध्यक्ष



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा-भायंदर।** अग्रोहा विकास ट्रस्ट के केंद्रीय समिति के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल व सचिव अल्केश अग्रवाल की उपस्थिति में भायंदर समिति की मीटिंग हुई। नए अध्यक्ष व कार्यकारिणी की नियुक्ति की गई जिसमें सुशील शाह को केंद्रीय समिति द्वारा नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया।

भायंदर समिति के श्याम पोद्दार, सुशील शाह, मुरली अग्रवाल, सीए देवेंद्र गोयल, सुधीर सौंथलिया, संजय पोद्दार, प्रवीण गोयल, सुनील अग्रवाल, अजय अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, किशोर गुप्ता, उदयभान मित्तल, परेश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, संदीप सराफ, राजेश विजयका, सीए सौरभ पोद्दार, अनुज सरावगी, अनिल बंसल, विकास गुप्ता, अशोक चोखनी, ज्ञानचंद मोर, सुशील मित्तल आदि उपस्थित रहे। समिति के नए अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारिणी की नियुक्ति हुई। नए अध्यक्ष सुशील शाह ने कहा कि हम सभी कमेटी सदस्य मिल कर इस संस्था के कार्य को आगे बढ़ाएंगे।

## श्री सेन प्रवासी मंडल मुंबई का सातवां स्नेह मिलन संपन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री सेन प्रवासी मंडल मुंबई का सातवां स्नेह मिलन मालाड के ओबेराय मॉल के सामने श्यामवाड़ी हॉल में आयोजित किया गया। संगठन के प्रचारक सुरेश गोयल भीनमाल ने बताया कि आयोजन की शुरुआत गुरुवर सेनजी महाराज की महाआरती कर शुरू की गई। सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्थान, अहमदाबाद, सूरत, मद्रास, हैदराबाद, बंगलौर, पुणे से आए सैकड़ों समाज बंधुओं का राजस्थानी साफा व पुष्पहार पहनाकर बहुमान किया गया। चढ़ावों के लाभार्थियों का भी साफा-माला पहनाकर बहुमान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन गायक नीलेश एंड पार्टी मालवाड़ा द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति पेश की। जिस पर समाज बंधु झूमकर नाचने लगे।

सम्मेलन में सेन समाज के करीब 900 समाज बंधुओं ने हिस्सा लिया। श्री सेन प्रवासी मंडल मुंबई संगठन की स्थापना को 9 वर्ष पूरे हुए। इन अवधि में मंडल का यह सातवां सम्मेलन था। मंडल की कमेटी में अध्यक्ष हरीश भाई परमार नून के अलावा कमेटी सदस्य में रामलाल नून, बंशीलाल कोरा, श्रवण कुमार चिरडीया, ललित कुमार देता, नारायणलाल भाखरपुरा, बगाराम भाखरपुरा, दिनेश सेन वाली, बाबुलाल मोरसीम, अशोक झाखडी, हनुमान सोलंकि आलवाड़ा, जयेशभाई थराद, तेजाराम दादाल, सुरेश गोयल भीनमाल, नरपत नरसाणा, वसनाराम नून, प्रकाश लेदरमेर, जगदिश कोरा, सागर डेडावास, देवाराम काठाडी, इन्द्र बालोतरा है। कर्मठ कार्यकर्ता के तौर पर सम्मेलन में इस बार महेंद्र कोरा, नरपत जुंजाणी, चंपालाल कोरा, जबराराम वाली ने अपनी महती भूमिका निभाई।



## 31 दिसंबर की पार्टी बनी जीवन की आखिरी पार्टी

**डीजे बजाने पर पिटाई, युवक की अस्पताल में मौत**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा भायंदर।** काशीमीरा परिसर में रहने वाले दो युवकों को डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में इतना पीटा गया कि एक युवक की इस पिटाई से दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 31 दिसंबर की रात डेल्टा गार्डन इमारत में डीजे पर गाना बजाने का विवाद इतना बढ़ गया कि सोसायटी के कुछ लोगों ने राजा परियार और विपुल राय की जमकर पिटाई कर दी। कदर बेरहमी से पिटाई के बाद दोनों को कांदिवली शताब्दी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करना पड़ा। राजा की बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे मुंबई के केईएम अस्पताल भेजना पड़ा जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बाबू आरएन सिंह की 77 वीं जयंती मनाई



**15 दिव्यागों को स्वरोजगार घरघंटी का वितरण**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** उत्तर भारतीयों का सपना साकार करने वाले बाबू आरएन सिंह की 77वीं जयंती बुधवार को बांद्रा पूर्व स्थित उत्तर भारतीय संघ भवन में मनाई गई। इस मौके पर 15 दिव्यांगों को स्वरोजगार घरघंटी (आटा चक्की) का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह ने किया। इस मौके पर उत्तर भारतीय संघ के ट्रस्टी, पदाधिकारी, सदस्य और उत्तर भारतीय समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में बाबू आरएन सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. राधेश्याम तिवारी ने इस मौके पर कहा कि बाबू आरएन सिंह इतिहास बनाकर गए हैं। आज हम उन्हें अश्रुपूरित आंखों से याद कर रहे हैं। स्वर्गीय बांकेराम तिवारी ने उत्तर भारतीय समाज के भवन का जो सपना देखा था, उसे बाबू आरएन सिंह ने पूरा किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के कोने-कोने तक बाबू आरएन सिंह की सोच पहुंचे। पुणे, नाशिक और संभाजीनगर में भी संघ का भवन बने। वे उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। मीरा रोड में उत्तर भारतीय भवन बनाने का कई लोग दावा कर रहे हैं, लेकिन यह काम संतोष आरएन सिंह ही पूरा करेंगे। संघ के उपाध्यक्ष रमेश बहादुर सिंह ने कहा कि जिन्हें पूछने वाला कोई नहीं था, उन्हें पूछने वाले बाबू आरएन सिंह थे। उनका और मेरा तीन दशकों का साथ रहा।

## केसीएन क्लब मुंबई का नि :शुल्क चिकित्सा शिविर एवं सम्मान समारोह संपन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पालघर।** वसई अंतर्गत ओम नगर इस्कॉन हाइट कोऑपरेटिव सोसायटी अंतर्गत अमित रोडलाइन्स व बैलेंस यूओर शोल एक्सक्लुसिव योगा क्लासेस के हॉल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नोइंग सिटीजन्स नीड़ क्लब की द्वारा नववर्ष पर्व सेवा के उद्देश्य से 01 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मार्गदर्शक व पूर्व यूजीसी ज्वाइंट सेक्रेटरी डा. कपिलदेव प्रसाद मिश्र के जन्मदिन पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अध्यक्षता कर रहे महाराष्ट्र कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी राम आश्रय यादव व मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व यूजीसी ज्वाइंट सेक्रेटरी व डा कपिलदेव प्रसाद मिश्र, विशिष्ट अतिथि वसई मानिकपुर पुलिस स्टेशन पर नियुक्त सहायक पुलिस निरीक्षक रमेश शंकर डायगुडे, वरिष्ठ संपादक साहित्यकार डा. कृपाशंकर मिश्र, केसीएन क्लब अध्यक्ष नंदन मिश्र त्यागी, निर्झरिणी संयोजक भोलानाथ तिवारी मूर्धन्य भरतांचली, इस्कॉन के सचिपुत्र गौर दास के द्वारा फीता काटकर नारियल तोड़कर व माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम का संचालन महर्षी दयानन्द कॉलेज परेल के हिंदी विभागाध्यक्ष व उप प्राचार्य डा. उमेश चन्द्र शुक्ल ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ समाजसेवी रामसरीखे यादव ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार एडवोकेट के.आर. तिवारी ने व्यक्त किया। इस समारोह में डा.उमेश चन्द्र शुक्ल को शॉल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर साहित्य रत्न से सम्मानित किया गया। मेडिकल कैंप में योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय ख्याति अर्जित लक्ष्मी यादव, अमित यादव, डेंटल सर्जन डा स्वाति यादव, फिजियथेरिपिस्ट डा प्रीति यादव हास्य योग मित्र ब्रम्हपाल सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार व काव्यसृजन के संस्थापक अध्यक्ष शिवप्रकाश जमद्गनपुरी आदि मेडिकल जांच टीम सहित पुलिसकर्मी, अतिथिगण पदाधिकारी, पत्रकारगण व अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मीरा-भायंदर मनपा के 'फराल सखी' उपक्रम को केंद्र के नीति आयोग की मान्यता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा-भायंदर।** मीरा-भायंदर महानगर पालिका द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई 'फराल सखी' पहल को शानदार प्रतिक्रिया मिली है। यह उपक्रम सफल रहा है। इस पहल को केंद्र सरकार के नीति आयोग ने मान्यता प्रदान की है। इसके तहत, महिलाओं को उद्यमिता के लिए प्रशिक्षित करने और उन्हें स्थायी रूप से उद्यमी बनाने के उद्देश्य से नीति आयोग के महिला उद्यम मंच के तहत 'अवॉर्ड टू रिवॉर्ड' अभियान का शुभारंभ 2 जनवरी को मीरा-भायंदर मनपा में किया गया। मनपा आयुक्त के दूरदर्शी दृष्टिकोण के तहत, नगर के विकास के लिए लगातार नवाचार किए जाते रहे हैं। महिलाओं को स्थायी रोजगार, उद्योग और बाजार उपलब्ध कराने के लिए आयुक्त एवं प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर (भा.प्र.से.) की संकल्पना से 'फराल सखी' उपक्रम शुरू किया गया। इस पहल के तहत, महिलाओं को व्यावसायिक तरीके से पारंपरिक दिवाली व्यंजन (फराल) तैयार कर उसे बेचने के लिए मनपा ने एक विशेष व्यवस्था बनाई थी। मनपा द्वारा स्थापित केंद्रीय रसोईघर में बचत समूह की महिलाओं ने दिवाली का फराल तैयार किया।

## उद्धव ठाकरे को फिर झटका

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को फिर झटका लगा है। खबर है कि बुधवार को पार्टी के एक साथ कई पूर्व पार्षद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। दल बदल ऐसे समय पर हुआ है, जब बीएमसी चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। हालांकि, अभी चुनाव की तैयारियों का ऐलान नहीं हुआ है। पुणे से पांच पूर्व पार्षद भाजपा में शामिल हो गए हैं।




द मद्रास इलेक्ट्रिकल्स ट्रेड एसोसिएशन (एमईटीए) द्वारा 2025 का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर एमईटीए के अध्यक्ष हीराचंद जैन, उपाध्यक्ष हंसराज राजपुरोहित, महासचिव महेंद्र कुमार मुथा, उप सचिव नवनीत दमानी, नरपत सिंह राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष कन्यालाल खत्री एवं पदाधिकारी उपस्थिति रहे। एमईटीए के कार्यालय गोविंदपा नाईकन स्ट्रीट में विमोचन हुआ। पूरी टीम ने कैलेंडर में विज्ञापन दाताओं का अभिनंदन किया।


## शोक संदेश

(स्वर्गवास : 24.12.2024)



श्री आनंदराजजी लालचंदजी गेमावत

श्रद्धांजलि सभा.-3.1.2025

स्थल : राजस्थान हाल , साठ फीट रोड, भायंदर वेस्ट


## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु :ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि :शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# टीना डाबी नाम बोलते ही शासन-सचिव-अधिकारी जोर से हंसे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेंद्र सोनी बाड़मेर दौरे पर आए। इस दौरान बुधवार रात करीब सात बजे जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग की ओर से जिला मुख्यालय पर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय स्टेशन रोड़, बाड़मेर में आयोजित अमृता हाट मेला का अवलोकन किया।

सोनी ने स्टॉल पर खड़ी युवती से नाम पूछा तो उसने अपना नाम टीना डाबी बताया, तब वहां पर खड़े सब अधिकारी हंस पड़े, तब युवती बोली यह हमारी गौत्र है। तब उप निदेशक प्रहलाद सिंह ने कहा कि हमारी कलेक्टर का नाम टीना डाबी है इसलिए ऐसा हो गया। बाकी नाम किसी का भी हो सकता है। वहां से निकलते महेंद्र सोनी ने फिर पूछा कि रियली आपका नाम टीना डाबी है। सोनी ने कहा कि इस मेले में आई महिलाओं द्वारा बहुत ही उत्कृष्ट श्रेणी के उत्पाद बनाकर कर प्रदर्शित किए हैं। हमारे विभाग की ओर से 15 जिलों में इस तरह के मेले आयोजित किए जाते हैं। उसी कड़ी में बाड़मेर में यह आयोजित किया गया है। अभी तक बाड़मेर की छवि राजस्थान के दूरस्थ जिले की थी। लेकिन यहां आकर पता चला कि यहां की महिलाओं द्वारा हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र में बहुत ही शानदार काम किया जा रहा है। उन्होंने यहां के स्थानीय निवासियों से महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार उत्पादों की खरीददारी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस मेले में बहुत ही अच्छे उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। सोनी ने इस मेले में खरीददारी भी की। गौरतलब है कि महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए यह अमृता हाट मेला आयोजित किया जा रहा है।

- युवती बोली-मेरी गौत्र है, तब उपनिदेशक ने कहा-कलेक्टर मैडम, आपका नाम एक समान है



### 5 तक चलेगा मेला

महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक प्रहलादसिंह राजपुरोहित ने बताया कि अमृता हाट मेले का आयोजन एक से पांच जनवरी तक किया जा रहा है। इस अमृता हाट मेले में राजस्थान के विभिन्न जिलों से लगभग 50 से 60 महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से स्टॉल लगाकर भाग लिया गया है। मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों के स्व हस्तनिर्मित विभिन्न उत्पाद मिट्टी के बर्तन, गर्मपट्टू, मूंग पापड़, आम पापड़, दलिया, नमकीन, हींग, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, रेडिमेड गारमेंट, श्रृंगार का सामान, आचार, मुरब्बा, घर का साज-सज्जा का सामान, टेरीकोटा, मीनाकारी, नेट की साड़िया, सूट, मनिहारी, पूजा थाली, मार्बल की मूर्तियां, जूट का सामान, कशीदे का सामान, केर, सांगरी, कुमठिया, खाद्य उत्पाद एवं खाने-पीने का शुद्ध देशी गुणवत्ता वाला सामान वाजिब दाम पर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## सर्दी से मिली राहत, पारा पहुंचा 11.4 डिग्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** साल बदलने के साथ सर्दी का असर भी कम हो गया। बीते 36 घंटों में दिन व रात दोनों का तापमान बढ़ गया। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री से चढ़कर 11.4 डिग्री और बुधवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री से 28 डिग्री तक पहुंच गया। सुबह से हल्का कोहरा छाया रहा। वहीं आसमान में हल्के बादलों की आवाजाही हो रही है। तेज धूप खिलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने छह जनवरी के बाद एक बार फिर से कड़ाके की सर्दी पड़ने की संभावना है। दरअसल, बीते दिनों उत्तर भारत में बर्फबारी के बाद शीतलहर से तापमान आठ डिग्री तक पहुंच गया था। इसके बाद इन रात का तापमान 10 डिग्री से पार चल रहा है। हवा पर ब्रेक लगने से सर्दी कमजोर हो गई है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया था। मंगलवार को न्यूनतम तापमान घटकर 9.8 डिग्री और अधिकतम तापमान 27 डिग्री पहुंच गया था। बुधवार को न्यूनतम तापमान बढ़कर वापस 10.2 डिग्री और अधिकतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। दिनभर में हल्के बादलों की आवाजाही हो रही थी। सर्दी से भी लोगों को राहत मिली है। नए साल की शुरुआत के साथ ही इन दिनों पारा 28 डिग्री पार पहुंच गया है। जबकि जनवरी में कड़ाके की ठंड का दौर होना चाहिए था, वहां दिन में तेज धूप खिल रही है। गुरुवार को सुबह हल्का कोहरा छाया रहा। इसके बाद धूप खिल गई। आगामी दिनों में तापमान में गिरावट की संभावना है। गुरुवार को बाड़मेर का न्यूनतम 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक छह जनवरी के बाद एक बार फिर कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू होने के संभावना है।

## मारपीट के विरोध में बाजार बंद



- ग्रामीणों ने वाहनों पर की पत्थरबाजी
- चार थानों का पुलिस जाब्ता पहुंचा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** उदयपुर में एक विशेष समुदाय के ड्राइवर की ओर से बुधवार रात को दो जनों से मारपीट के बाद गुरुवार को माहौल गर्मा गया। घटना के विरोध में पीड़ित पक्ष के साथ ग्रामीणों ने गुरुवार को बाजार बंद करा दिए और मारपीट करने वाले के खिलाफ कानूनी कारवाई कर सबके सामने माफी मंगवाने की बात पर अड़ गए।मामले की जानकारी पर डबोक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। तब गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस सहित निजी वाहनों पर पथराव किया। इससे एक बारगी तनाव का माहौल हो गया। इसके बाद घासा, मावली और वल्लभनगर थाना पुलिस का जाब्ता बुलाया गया। मामला ढावा ग्राम पंचायत के बाठेड़ा की सराय गांव का है। सराय गांव में रहने वाले प्रेमलाल गौड़ ने डबोक थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया- आजाद खान पुत्र मंसूर खान बुधवार रात ट्रक लेकर घर जा रहा था। रास्ते में उसके घर के आगे कच्चे चबूतरे पर ट्रक चढ़ा दिया। चबूतरा टूटने पर दोनों में बहस हो गई। आवाज सुनकर मेरा बेटा छोटू और बेटी विनीता भी बाहर आ गए। ट्रक ड्राइवर ने मेरे बच्चों से मारपीट की और भाग गया। घटना के दूसरे दिन गुरुवार सुबह गांव में इस बात का पता चल गया। इसके बाद ग्रामीणों ने बाजार बंद करवा दिया और मारपीट करने वाले ड्राइवर पर कानूनी कार्रवाई की बात पर अड़ गए। मामले की जानकारी पर डबोक पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच मामला इतना बढ़ गया कि ग्रामीणों ने पुलिस और निजी वाहनों पर पत्थरबाजी कर दी। वल्लभनर डिप्टी राजेंद्र सिंह और मावली डिप्टी मनीष कुमार भी पहुंचे। वाहनों में तोड़-फोड़ करने के मामले में 15 से 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# दो ट्रेलर से टकराने के बाद पलटी कार

- उदयपुर-जयसमंद-बांसवाड़ा स्टेट मेगा हाइवे पर बिखरे पत्थर
- कार में फंसे पांच लोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** जयसमंद-बांसवाड़ा स्टेट मेगा हाइवे पर पत्थरों से भरे दो ट्रेलर आपस में भिड़ गए। सड़क पर गिरे पत्थरों से कार पलट गई। हादसे में कार सवार पांच जने घायल हो गए। एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों ट्रेलर उदयपुर की तरफ जा रहे थे। हादसा बुधवार रात करीब 10 बजे ओवरटेक के चक्कर में होना सामने आया है। एक ट्रेलर का साइड का लोहे का हिस्सा टूट गया, जिससे करीब ढाई सौ मीटर तक सड़क पर टेलर से बड़े-बड़े पत्थर बिखर गए। इसी दौरान सलूंबर से उदयपुर की तरफ आ रही कार पत्थरों से टकरा गई और हाइवे के बीचों-बीच पलट गई। एक ट्रेलर का साइड का लोहे का हिस्सा टूट गया, जिससे करीब ढाई सौ मीटर तक सड़क पर टेलर में से बड़े-बड़े पत्थर बिखरते गए।



### हादसे में पांच लोग घायल

हादसे में कार चालक सुनील मीणा निवासी डायली (सराड़ा) सहित पांच जने कार में फंस गए। हादसे की आवाज सुनकर समाजसेवी जवाहरलाल मीणा और रतनलाल मीणा सहित कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायलों को बड़ी मुश्किल से कार से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। एक ट्रेलर का चालक मौके से फरार हो गया।

### कई वाहन चालक बाल-बाल बचे

हाईवे पर पत्थर बिखरने से दो-तीन बाइक सवार भी टकराने से बच गए। ऐसे में ग्रामीणों ने दोनों तरफ से वाहनों को रोकने का प्रयास किया लेकिन लूटपात का भय होने से ज्यादा वाहन चालकों ने अपनी वाहन नहीं रोके। वे हाईवे पर पड़े पत्थरों से टकराने से बाल-बाल बचते रहे। इसके बाद सूचना पर जयसमंद के हेड कॉन्स्टेबल देवेंद्र सिंह, कॉन्स्टेबल शैतान सिंह व महेंद्र सिंह सहित हाईवे मोबाइल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी मशीन मंगवाकर करीब एक घंटे तक सड़क पर बिखरे पत्थरों को दूर हटवाया। रात करीब 11:15 बजे ट्रेफिक व्यवस्था बहाल हो सकी। देर रात तक मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। आज गुरुवार को पुलिस मामले में रिपोर्ट लेकर जांच और कार्रवाई करेगी।

## सर्दी में गला दर्द, निमोनिया के मरीज बढ़े

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर में सर्दी बढ़ने के साथ अस्पताल में ओपीडी की संख्या में बढ़ गई है। अस्पताल में ज्यादातर मरीज खांसी, जुकाम, गला खराब होने के सामने आ रहे हैं। डाक्टरों का कहना है कि बीते सात दिनों में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है। बाड़मेर जिला अस्पताल में रोजाना तीन-चार हजार ओपीडी चल रही है। साल 2024 में जिला अस्पताल में ओपीडी 10 लाख 88 हजार 215 रोगी पहुंचे। वहीं इस दौरान 61 हजार 466 मरीज भर्ती हुए। एक साल में कुल 11 लाख 49 हजार 681 मरीजों का जिला अस्पताल में इलाज किया गया। इनमें मेडिसिन ओपीडी में आने वाले रोगियों की संख्या 50-60 प्रतिशत है। मौसम बीमारियों के रोगियों की संख्या सबसे अधिक रही। जिसमें वायरल पीड़ितों के अलावा मलेरिया, डेंगू, पीलिया, निमोनिया के रोगी भी शामिल हैं। बीते एक वीक से ज्यादातर मरीज बुखार, खांसी, गला खराब होने के सामने आ रहे हैं। डाक्टरों का कहना है कि बीते सात से दस दिनों में सबसे ज्यादा मरीज बढ़े हैं। सबसे ज्यादा गले की बीमारी के मरीज आ रहे हैं। मरीजों को गले में दर्द, खांसी और खराश के मरीज रेगुलर ओपीडी में आ रहे हैं। मरीजों में लंबे समय तक खांसी बनी हुई है। बीते दो-तीन सप्ताह से निमोनिया केस सामने आ रहे हैं। ऐसे मरीजों को हिदायत देते हैं कि सर्दी से बचकर रहें, ठंडी चीजें का सेवन न करें। बीमार होने पर डॉक्टर से संपर्क कर दवाई लें। ज्यादा सीरियस होने पर इमरजेंसी में दिखाएं। ताकि तत्काल इलाज मिल सके।



## बाड़मेर : बंद कराए खुले बोरवेल

- चेतना मामले से लिया सबक
- जिला कलेक्टर ने मांगी रिपोर्ट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर में कलेक्टर के आदेश पर खुले पड़े बोरवेल बंद किए जा रहे हैं। सख्त आदेश के बाद जिले में कई जगहों पर बोरवेल बंद किए गए। अभी भी अधिकांश जगहों पर बोरवेल खुले हैं। बॉर्डर के गांव जैसिंधर स्टेशन सहित कई गांवों में पटवारियों ने बोरवेल ढंकवाने की कार्यवाही की। बीते दिनों कोटपूतली में तीन साल की बच्ची चेतना बोरवेल में गिर गई थी। इसके बाद लगातार प्रयासों करने पर 10 दिन बाद बच्ची को बाहर निकाला गया। बच्ची की मौत हो गई। इस दौरान आपदा प्रबंधन विभाग जयपुर ने संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर को बोरवेल बंद करके एक रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए थे। बाड़मेर एडीएम राजेंद्र सिंह चांदावत 29 दिसंबर 2024 को जिले के सभी विकास अधिकारी और पटवारी को संयुक्त प्रगति रिपोर्ट एक जनवरी तक भेजने के निर्देश दिए थे। जैसिंधर स्टेशन के पटवारी रोहिताश मीणा ने बताया- जिला कलेक्टर के आदेश की पालना में जैसिंधर स्टेशन हल्के के गांव अकली में पड़े सूखे सरकारी बोरवेल काफी समय से खुले हुए थे। उसमें किसी प्रकार की अनहोनी घटनाएं नहीं हो इसलिए गुरुवार को उनको बंद किया गया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर देखा कि रोड के बिल्कुल किनारे बोरवेल खुले हालात में थे। जिनकों हमने बंद कर दिया। मेरे पटवार हल्के के लोगों से अपील है कि अगर इस तरीके से किसी भी जगह बोरवेल, कुआं या कोई गहरा गड्ढा हो। जिससे गिरने से जान जाना का जोखिम रहता है। उनको तुंरत ढक दें। सभी ग्रामवासी अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझें।



### आज भी बड़ी संख्या में खुले बोरवेल

प्रशासन की तरफ से आदेश होने के बाद आज भी कई जगह सरकारी और गैर सरकारी बोरवेल खुले पड़े हैं। जसाइ के असाड़ा की बेरी, भाडखा गांवों में बोरवेल खुले पड़े हैं।

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | - | - |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 248 | 247 |
| जिंक स्लैब | 283 | 284 |
| लीड इन्गॉट | 182 | 182 |
| टिन स्लैब | 2562 | 2580 |
| निकल | 1338 | 1342 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रैप | 779 | 780 |
| कॉपर हैवी स्क्रैप | 774 | 775 |
| कॉपर आर्मेचर | 770 | 769 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 716 | 721 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 510 | 508 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 555 | 553 |
| एल्युमिनियम | 193 | 193 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 8,777 | +84 |
| टिन | 28,900 | +130 |
| लीड | 1,952 | +17 |
| जिंक | 2,956 | -17 |
| एल्युमिनियम | 2,568 | +32 |
| निकल | 15,195 | +75 |

# व्यापार जगत

## सोने से इस साल 20% रिटर्न की उम्मीद

**ट्रंप के आक्रामक रुख के चलते सोने में जारी तेजी**

**नई दिल्ली।** बीते साल सोने की कीमतों ने बीते एक दशक में किसी एक साल में सबसे तेज रफ्तार देखी। 20% से अधिक रिटर्न दिया। इसकी वजह दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद, जियो पॉलिटिक्स तनाव, मौद्रिक नीतियों में बदलाव से लेकर भारत-चीन जैसे प्रमुख बाजारों में कंज्यूमर्स डिमांड रही। अब इस साल यह ट्रेंड जारी रहेगा और 20% से अधिक रिटर्न का अनुमान है।



### इन प्रमुख कारणों से रहेगी तेजी

दुनिया भर में चल रही अनिश्चितताएं, जैसे मौजूदा संघर्षों में संभावित वृद्धि और नए भू-राजनीतिक तनाव से बचाव के लिए सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने में निवेश बढ़ेगा। भारत जैसे उभरते बाजारों में, केंद्रीय बैंक सक्रिय रूप से अपने सोने के भंडार को बढ़ा रहे हैं। यह रुझान 2025 में जारी रहेगा, जो सोने की कीमतों के लिए मजबूत समर्थन प्रदान करेगा। अमेरिकी आर्थिक नीतियों को लेकर अनिश्चितता, खासकर नए ट्रंप प्रशासन के साथ आर्थिक अस्थिरता के खिलाफ बचाव के रूप में सोने की मांग में वृद्धि कर सकती है। इस स्थिति में हमारा अनुमान है कि एमसीएक्स यानी वायदा मार्केट पर सोने के दाम 85 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकते हैं। वित्त वर्ष 2024 में सोने के आयात में 9% की कटौती के चलते भारत में आभूषणों की मांग में 18% की वृद्धि हुई और वित्त वर्ष 2025 में 14-18% बढ़ने की उम्मीद है। भारत का संगठित आभूषण बाजार टियर दो और टियर तीन शहरों में विस्तार कर रहा है।

## 40 हजार करोड़ का हो सकता जियो का आईपीओ!

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की टेलीकॉम यूनिट जियो के आईपीओ की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार ये आईपीओ 35 हजार से 40 हजार करोड़ रुपए के बीच हो सकता है। रिलायंस समूह का लक्ष्य वर्ष की दूसरी छमाही में लाने की है। यह देश में अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। कंपनी ने प्री-आईपीओ प्लेसमेंट के लिए निवेशकों से चर्चा शुरू कर दी है। अभी तक देश का सबसे बड़ा आईपीओ हुंडई मोटर इंडिया का है। कंपनी पिछले साल अक्टूबर में 27,870 करोड़ रुपए आईपीओ लेकर आई थी। इससे पहले तक यह उपलब्धि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के नाम है, जो 2022 में 21,000 करोड़ रुपए की वैल्यू का आईपीओ लेकर आई थी।

46 करोड़ ग्राहकों के साथ जियो सबसे बड़ा ऑपरेटर रिलायंस इंडस्ट्रीज ने टेलीकॉम, इंटरनेट और डिजिटल बिजनेस के लिए पांच सालों में करीब 26 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। रिलायंस जियो देश का सबसे बड़ा दूरसंचार ऑपरेटर है, जिसके अक्टूबर के अंत में 47 करोड़ वायरलेस ग्राहक हैं। पिछले साल जून में टैरिफ बढ़ाने से सितंबर




तिमाही में इसके प्रॉफिट में उछाल देखने को मिला। जियो का दूसरी तिमाही में नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 14% बढ़ा वित्त वर्ष 2024-25 के दूसरी तिमाही में रिलायंस जियो का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 14% बढ़कर 6,231 करोड़ रुपए रहा।

**पिछले साल के समान तिमाही में 5,445 करोड़ रुपए था**

वहीं, कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 7.0% बढ़कर 28,338 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल जुलाई-सितंबर में यह 26,478 करोड़ रुपए था। जियो का ईबीआईटीडीए इस तिमाही में सालाना 8% बढ़कर 15,036 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही में 13,920 करोड़ रुपए रहा था। वहीं मार्जिन 53.1% रहा। टेलीकॉम कंपनियों के प्रदर्शन को मापने के लिए ऐवरेज रेवेन्यू पर यूजर (एआरपीयू) का इस्तेमाल होता है। जुलाई में रिचार्ज के दाम बढ़ने के बाद कंपनी की एआरपीयू बढ़कर 195.10 रुपए हो गया है। इससे पहले लगातार तीन बार इसमें कोई बदलाव नहीं रहा था और यह 181.7 रुपए पर स्थिर था। कंपनी ने पिछले महीने 14 अक्टूबर को Q2FY25 के नतीजे जारी किए थे।

2023 में रिलायंस का फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस हुआ था लिस्ट इससे पहले रिलायंस का फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस जुलाई 2023 में अपनी मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल से अलग हुआ था। डीमर्जर के बाद प्राइस डिस्कवरी मैकेनिज्म के तहत जियो फाइनेंशियल के शेयर का भाव 261.85 रुपए तय हुआ था। इसके बाद 21 अगस्त को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर कंपनी का शेयर 265 रुपए पर लिस्ट हुआ था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर शेयर 262 रुपए पर लिस्ट हुआ था। हालांकि एक साल में इसके शेयर ने 68.85 रुपए (29.25%) का रिटर्न दिया है। ये 304 रुपए पर पहुंच गया है।

## आपका राशिफल 3 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मितव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-4-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेहमानों का आगमन होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक 2 6 7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेंगे। भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-3-5-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-3-6-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। किसी से निकटता प्रेम प्रसंग में बदलेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-8-9

## महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स को 246 करोड़ के पीएलआई प्रोत्साहन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उद्योग मंत्रालय के तहत गाड़ियों और वाहन कलपुर्जा उद्योग के लिए 25,938 करोड़ रुपए की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स के 246 करोड़ रुपए के प्रोत्साहन दावों को मंजूरी दे दी है। भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने वाहन विनिर्माण में स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की पहलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स की प्रगति को देख कर संतोष व्यक्त हुआ है और विश्वास जताया कि अन्य कंपनियां भी इस योजना से लाभ उठाएंगी। सूत्रों के अनुसार, टाटा मोटर्स ने 2023-24 वित्त वर्ष में निर्धारित बिक्री के आधार पर 142.13 करोड़



रुपए का प्रोत्साहन दावा किया है। टाटा मोटर्स ने जो उत्पाद बिक्री में शामिल किए हैं, उनमें टियागो ईवी, स्टारबस ईवी और एस ईवी जैसी अत्याधुनिक वाहन प्रौद्योगिकी वाले इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत 1,380.24 करोड़ रुपए है। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 2023-24 वित्त वर्ष में 800.59 करोड़ रुपए के अत्याधुनिक वाहन प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों की बिक्री के आधार पर 104.08 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दावा किया है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहन और हाइड्रोजन ईंधन सेल से संबंधित उपकरणों का निर्माण बढ़ाना, लागत संबंधी बाधाओं को दूर करना और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला तैयार करना है। पीएलआई योजना 15 सितंबर 2021 को स्वीकृत की गई थी और यह योजना वित्त वर्ष 2023-24 से लेकर 2027-28 तक संचालित होगी। इस योजना के तहत इलेक्ट्रिक वाहन और हाइड्रोजन ईंधन सेल संबंधित उत्पादों के लिए 13% से 18% तक का प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। जबकि अन्य अत्याधुनिक वाहन प्रौद्योगिकी (एएटी) वाले उत्पादों के लिए यह प्रोत्साहन 8% से 13% तक होता है।

## चांदी के दाम में 852 रुपए की तेजी

### सोना 186 रुपए बढ़कर 76769 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में दो जनवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 186 रुपए बढ़कर 76,769 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 76,583 रुपए प्रति दस ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव गुरुवार को 852 रुपए बढ़कर 86,907 रुपए पर पहुंच गया। कल चांदी 86,055 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। बीते साल यानी एक जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच सोने का भाव 20.22% बढ़ा। एक जनवरी 2024 को 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड की कीमत 63,352 रुपए थी, जो सालभर में 12,810 रुपए बढ़कर 76,162 रुपए पर पहुंच गई। वहीं, एक जनवरी को एक किलो चांदी 73,395 रुपए में बिक रही थी, जिसकी कीमत 12,622 रुपए बढ़कर साल के आखिरी दिन 86,017 रुपए पर पहुंच गई। एक साल में चांदी का भाव 17.19% बढ़ा।

**4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,480 रुपए है। **मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,330 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 71,800 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 78,330 रुपए है। **चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,330 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,380 रुपए है।

# जिला कलक्टर ने सावीधर में सुनी ग्रामीणों की परिवेदनाएं

## जिलेभर में हुआ पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिनमें आमजन की परिवेदनाए प्राप्त कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जसवंतपुरा उपखण्ड के सावीधर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्हांने अधिकारियों को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के साथ ही जनता की समस्याओं पर प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए परिवादों के मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। सावीधर से भीनमाल तक डामरीकरण कार्य करवाने, आधार सेंटर खुलवाने, उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन की मरम्मत करवाने, फसल बीमा का क्लेम दिलवाने, विद्युत लाइन हटाने, पक्का नाला निर्माण करने, कॉलोनी को विद्युत लाइन से जोड़ने, अधिक क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगवाने व खेल मैदान की भूमि आवंटित करने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत हुए जिनकी सुनवाई करते हुए जिला कलक्टर ने विभिन्न परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया। शेष प्रकरण राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### गोशाला में पानी की समस्या के तुरंत समाधान के निर्देश

जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने दुदेश्वर गौशाला समिति सावीधर में गोवंश के पानी की समस्या के परिवाद को संवेदनशीलता से सुनते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तुरंत गौवंश के लिए पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर भीनमाल दौलतराम चौधरी, जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीणा, विकास अधिकारी आवड़दान चारण, सरपंच सुबटी देवी, उप सरपंच घेवाराम पारीक, ग्राम विकास अधिकारी जसराज परिहार, पटवारी भावेश दवे, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# राजपुरोहित युवा महासम्मेलन आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**साचौर।** राजपुरोहित युवा सेवा संघ के बैनर तले एक दिवसीय राजपुरोहित युवा महासम्मेलन नंदगांव में आयोजित किया गया। जिसमें सांचौर, जालोर, सिरोही एवं गुड़ामालानी के युवाओं के साथ महाराष्ट्र, गुजरात, दक्षिण भारत आदि प्रांतों के राजपुरोहित युवाओं ने भाग लिया।



महासम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे दंडी स्वामी देवानंद सरस्वती ने कहा कि राजपुरोहित युवाओं को संस्कारमयी शिक्षा देने, अपनी संस्कृति से जुड़े रहकर माता पिता की आदरभाव से सेवा करनी है। महासम्मेलन में संगठन की प्रस्तावना प्रस्तुत की गई। समाज में शिक्षा और भूमिदान के भामाशाहों का दंडी स्वामी की ओर से सम्मान सत्कार किया गया। दत्त शरणानंद ने राजपुरोहित समाज के इतिहास की जानकारी देते हुए सभी को आपने समाज के युवाओं को अपनी ऊर्जा गौसेवा और शिक्षा में लगाने का आह्वान किया। प्रकल्प की ओर से बालिका शिक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों को सराहा। आगामी बसंत पंचमी पर 7 दिवसीय युवा जीवन उत्थान प्राथमिक शिविर का संकल्प पत्र भरवाया गया।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य द्वितीय चरण फॉलो शिविर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिव्यांगजन की जांच कर प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

# संभाग स्तरीय प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह व मोटिवेशन प्रोग्राम 12 को

## तीन जिलों की 700 प्रतिभाओं का होगा सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** सुंधामाता तिराया स्थित मारू प्रजापति समाज छात्रावास में 12 जनवरी को समस्त प्रजापति वेलफेयर संस्थान मुख्यालय सुमेरपुर के संयुक्त तत्वावधान में पाली, जालोर, सिरोही व सांचौर जिले के कुम्हार, प्रजापत, कुंभकार, प्रजापति समाज के समाज बंधु व प्रवासीबंधुओं के सभी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह व मोटिवेशन प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा।आयोजन में समाज के नवरत्नों व धर्माचार्यों द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह का मुख्य उद्देश्य समस्त प्रजापति समाज बंधुओं को एक जाजम पर लाकर विद्यार्थी व शिक्षित वर्ग का ग्रुप तैयार कर विद्यार्थी सम्मान, प्रोत्साहन, मोटिवेशन का कार्य करने, विद्यार्थियों के लिए खुला मंच, जीवन की गतिविधियों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाने, भावी पीढ़ी को विभिन्न मंचों, सोशल मीडिया व डिजिटल के माध्यम से जागरूक कर प्रोत्साहन करना है। इसके लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नववर्ष 2025 के लिए समस्त प्रजापति के घर-घर कैलेंडर पहुंचने की भी चर्चा कर समारोह की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई।

### समारोह में 700 प्रतिभाएं होगी सम्मानित

संस्थान संयोजक एडवोकेट ललित मेड़तिया ने बताया कि पाली संभाग स्तरीय प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह व मोटिवेशन प्रोग्राम में समाज की करीब 700 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजक समस्त प्रजापति वेलफेयर संस्थान के अध्यक्ष कैलाशकुमार एडवोकेट बाली, सचिव रमेश मुलेवा, कोषाध्यक्ष प्रकाश जालोरा शिवगंज, उपाध्यक्ष महेंद्र राठौड़, दिनेश प्रजापत जालौर, प्रशांत मालवीया भीनमाल, दिनेश परिहार, राजेश मालवीया शिवगंज, सुरेश परमार, विष्णु टॉक, छगन रामिणा सुमेरपुर, रमेश प्रजापत सांचौर, हितेश प्रजापत सिरोही आदि संस्थान कार्यकारिणी सदस्यों व समाज बंधुओं द्वारा तैयारियां जोरों पर की जा रही है। समाज के विभिन्न भामाशाहों, दानदाताओं, अतिथियों, अधिकारियों द्वारा संपर्क कर समारोह को सफल बनाने के लिए समाज बंधुओं को निमंत्रण दिया जा रहा है।



## सड़क क्षतिग्रस्त होने से लोग परेशान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुडतरा सिली।** थूर चौराहे से थूर जाने वाले चार किलोमीटर सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बारिश के समय में तो छोटे वाहन चालकों को आए दिन गिरने का अंदेशा बना रहता है। दुपहिया वाहन चालक सड़क पर बने गड्ढ़ों के कारण अक्सर दुर्घटनाओं का शिकर हो जाते है। ग्रामीण वगतसिंह ने बताया कि इस सड़क से रात के समय में गड्ढ़े नहीं दिखाई देने के कारण दुपहिया वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार गिर कर चोटिल हो चुके है। ग्रामीणों की ओर से सार्वजनिक निर्माण विभाग को कई बार लिखित में शिकायत की गई, लेकिन आज दिन तक सड़क मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया।

## महिला प्रशिक्षण शिविर का समापन आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्र सेविका समिति जालोर विभाग द्वारा संचालित सात दिवसीय महिला प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को होगा। विभाग कार्यवाहिका बिना शर्मा ने बताया की शिविर में मुख्य वक्ता के रूप जोधपुर प्रांत शारीरिक प्रमुख मोनिका माहेश्वरी रहेगी। जबकि अध्यक्षता अनीता अग्रवाल व मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अवनी पटेल मौजूद रहेगी।

## बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता में जिला परिषद सभा भवन में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने दी।

## विभिन्न पर्वों के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने 6 जनवरी को गुरू गोविन्दसिंह जयंती, 13 को लोहड़ी, 14 को मकर संक्रान्ति एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर कानून व्यवस्था एवं लोक शान्ति बनाने के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को कार्यपालक एवं तहसीलदारों को सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। आदेशानुसार जिले के जालोर, सायला, आहोर, भीनमाल, जसवंतपुरा, सांचौर, रानीवाड़ा, चितलवाना व बागोड़ा उपखण्ड के लिए संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा जालोर, सायला, आहोर, भाद्राजून, भीनमाल, जसवंतपुरा, सांचौर, रानीवाड़ा, चितलवाना व बागोड़ा तहसील के लिए संबंधित तहसीलदार सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट होंगे। इसी प्रकार जालोर, आहोर व सायला उपखण्ड क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जालोर तथा भीनमाल, जसवंतपुरा, रानीवाड़ा, सांचौर व बागोड़ा उपखण्ड क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भीनमाल मजिस्ट्रेट को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरना चौथे दिन जारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में सांचौर बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में सांचौर मुखालय पर अनिश्तिकालीन धरना चौथे दिन बुधवार को जारी रहा। पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई ने सरकार पर विकास की बजाय जिले खत्म करने व भेदभाव का आरोप लगाते हुए सांचौर जिले को बहाल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भरतपुर से डीग की दूरी 35 किलोमीटर है। उसको बहाल कर जालोर से डेढ़ से किलोमीटर दूर सांचौर जिले को खत्म कर भेदभाव किया है, जिससे बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

### ज्ञापन की बानगी

जिला बचाओ संघर्ष समिति की ओर से धरने के दौरान ज्ञापन भी दिया गया। जिसमें बताया कि वर्तमान सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा घोषित सांचौर जिले को 28 दिसम्बर 2024 को निरस्त कर दिया गया है। यह भी बताया गया कि डीग, खैरथल व सलुम्बर जिले जो आबादी के हिसाब से सांचौर जिले के करीब-करीब बराबर हैं। डीग जिले की भरतपुर जिले से मात्र 35 किमी दूर खैरथल जिला अलवर जिले से मात्र 45 किमी दूर व सलुम्बर जिला उदयपुर जिले से 70 किमी दूर है। जबकि सांचौर जिला जालोर जिले से 145 किमी दूर व अंतिम गांव आकोड़िया रणखार करीब 250 किमी दूर है। पूर्व सरकार द्वारा गठित रामलुभाया कमेटी ने नवगठित जिलों में दूरी व आबादी को मानकर नए जिले गठित किए थे। जबकि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा कौनसे आधार पर जिलों को निरस्त किया गया, कुछ स्पष्ट नहीं है। सांचौर जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होने लगे थे एवं आर्थिक बोझ भी ज्यादा नहीं रहा। ज्ञापन में बताया कि सांचौर जिलेवासियों ने 25 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक जिला मुख्यालय सांचौर के आगे अनशन व महापड़ाव किया था। भाजपा सरकार को सांचौर जिला निरस्त नहीं करने के बारे में भी चैताया था। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि जनहित में लिए गए निर्णय किसी भी सरकार ने लिए हो प्रत्येक आने वाली सरकारें उन कार्यों को आगे बढ़ाती है। परन्तु वर्तमान भाजपा सरकार ने पिछले डेढ़ साल से व्यवस्थित तरीके से चल रहे सांचौर जिले को निरस्त कर बहुत बड़ी भूल की है। हम उसकी कड़ी निंदा करते है। सांचौर जिलेवासियों में सांचौर जिले को निरस्त करने पर भयंकर आक्रोश हैं। ऐसे में जब तक जिला पुनः घोषित नहीं होता है तब तक हमारा धरना जारी रहेगा।

## गिव अप अभिया: 92 लोगों ने स्वेच्छा से छोड़ा योजना का लाभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित अपात्र व्यक्तियों के नाम स्वेच्छा से हटवाने के लिए 31 जनवरी 2025 तक चलाए जा रहे गिव अप अभियान के तहत जिले में अब तक 92 लोगों ने स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़ दिया है।

जिला रसद अधिकारी व जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि जिले में 31 जनवरी तक चलाए जा रहे गिव अप अभियान का उद्देश्य उन सक्षम व्यक्तियों को प्रेरित करना है जो योजना की निष्कासन श्रेणियों में आते हैं। वर्तमान में जालोर जिले में कुल 1 लाख 42 हजार 630 परिवारों के कुल 6 लाख 64 हजार 366 सदस्य इस योजना का लाभ ले रहे हैं। सक्षम परिवार निकटतम उचित मूल्य दुकान, जिला रसद कार्यालय या उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में राशनकार्ड और आधार कार्ड के साथ आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम योजना से हटवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी तक यदि सक्षम लाभार्थी स्वेच्छा से योजना का परित्याग नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बकाया राशि वसूली को जलदाय विभाग कर रहा भोंपू प्रचार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पानी के बिल की बकाया राशि जमा करने के लिए विभागीय कार्मिकों द्वारा डोर-टू-डोर आग्रह करने एवं सूचना देने के उपरांत भी बकाया बिल की राशि जमा नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं के जल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही तीव्र गति से की जा रही हैं। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग उपखण्ड जालोर के सहायक अभियंता राकेश कुमार सैनी ने गुरूवार को सम्पूर्ण जालोर शहर में पानी के बकाया बिल एवं अवैध कनेक्शनों के जागरूकता को लेकर भोंपू प्रचार करने की शुरूआत की गई।

## पूरे माह चलेगा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिलेभर में 1 जनवरी से आरंभ 'परवाह' (केयर) थीम पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी तक जारी रहेगा। जिसके तहत हितधारक विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 के दौरान समस्त हितधारक विभागों, विभिन्न संस्थाओं एवं आमजन की सहभागिता से सड़क सुरक्षा संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात नियमों के प्रति जागरूकता व विधिक जानकारी देने, राजमार्गों पर अवैध रूप से स्थित शराब की दुकानों, कंटेनर्स व अनाधिकृत पार्किंग को हटाने, विद्यालयों व महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्य म आयोजित करने, वाहन चालकों की नेत्र जांच, सड़क सुरक्षा संबंधित प्रशिक्षण आयोजित करने, विद्यालयों व महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा संबंधित पोस्टर, पेंटिंग, स्लोगन, जिंगल्स, क्विज, निबंध, कहानी लेखन, वाद-विवाद इत्यादि प्रतियोगिता आयोजित करने, बाल वाहिनियों की सुरक्षा जांच करने सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### सड़क सुरक्षा माह : 50 वाहनों के बनाए चालान

**गुड़ामालानी।** जिले में 1 जनवरी से शुरू हुए सड़क सुरक्षा माह के दौरान आरजीटी पुलिस ने पुलिस थाने के आगे यातायात नियमों की अनदेखी करने पर बुधवार को एमवी एक्ट के तहत 50 वाहनों के चालान बनाए। थानाधिकारी आदेशकुमार यादव ने बताया कि इसके तहत बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वाले, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाने, ब्लैक शीशे, बिना नंबरी वाहन, क्षमता से अधिक सवारियां बिठाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एमवी एक्ट के तहत 50 वाहनों के चालान किए गए।

# झाक को ग्राम पंचायत बनाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** झाक के ग्रामीणों ने अलग ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि ग्राम झाक और रतपुरा ग्राम पंचायत पुनककला के तहत आते है। ग्राम पंचायत पुनककला में कुल चार गांव आते है। जिसमें सबसे बड़ा गांव आबादी के हिसाब से झाक है। जबकी राजनीतिक पहुंच की कमजोरी के कारण पंचायत मुख्यालय झाक की जगह पूनककला हो गया है। उसी का परिणाम यह रहा कि ग्राम पंचायत का सबसे बड़ा गांव होने के बावजूद अभी तक विकास से कोसों दूर है। इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद न तो पीने के लिए पानी की उचित व्यवस्था है न चिकित्सा और न ही शिक्षा की। झाक गांव पंचायत मुख्यालय से आज तक पक्की सड़क से नहीं जुड़ पाया है। जिसके कारण लोगों को करीब 15 किलोमीटर घूमकर रामसीन होते हुए पंचायत जाना पड़ता है। जिससे आम लोगों का समय और धन का व्यर्थ अपव्यय हो रहा है। गांव की एक दो गलियों एवं आम रास्तों को छोड़ कर कहीं पर भी सीसी रोड नहीं है। नालिया नहीं होने से आम रास्ते गन्दगी से अटे पड़े है। ग्राम झाक विधानसभा क्षेत्र भीनमाल में आता है। गांव में कुल 2166 वोटर है। यद्यपि 2011 से जनगणना नहीं हुई है। परंतु वोटर की संख्या देखते हुए गांव की कुल आबादी 5000 से ज्यादा है। वहीं झाक से रतपुरा गांव 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जिसमें भी कुल वोटर 845 है और उसकी जनसंख्या भी 2000 से अधिक है। यानी दोनों गांवो में कुल वोटर 3000 से ज्यादा और जनसंख्या 7000 से अधिक अनुमानित है। ग्रामीणों ने दोनों गांवों के हितो को ध्यान में रखते हुए गांव झाक और रतपुरा को मिलाकर अलग ग्राम पंचायत झाक बनाने का प्रस्ताव संबंधित विभाग में भेजने की मांग की है। ताकि दोनों गांवों का समुचित विकास हो। उपसरपंच पूनककला किरतसिंह जोधा, मालाराम चौधरी, त्रिकमाराम चौधरी, खेतसिंह जोधा, कालूसिंह जोधा आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## सुविचार

जीवन कितना खूबसूरत है, उसका अहसास करें। यह बार-बार नहीं मिलता हर किसी को।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## स्विट्जरलैंड में 'बुर्का बैन'

स्विट्जरलैंड में नए साल पर चेहरा ढकने पर प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। एक जनवरी के बाद से अब बुर्के, नकाब या किसी अन्य तरह की चेहरा ढकने की चीज के साथ सार्वजनिक स्थान पर निकलने वालों पर 1000 स्विस फ्रैंक्स का जुर्माना लगाया जा सकता है। स्विट्जरलैंड में 2021 में हुए जनमत संग्रह में सार्वजनिक स्थल पर चेहरा ढकने पर पाबंदी लगाने के पक्ष में वोटिंग हुई थी। इसके तहत सार्वजनिक स्थलों पर मुस्लिम महिलाओं के बुर्के और नकाब पर भी पाबंदी लगाने का फैसला किया गया। जनमत संग्रह में 51.21% नागरिकों ने चेहरा ढकने पर प्रतिबंध लगाने के पक्ष में वोट किया था, जबकि 48.8 फीसदी लोगों ने इसके विरोध में वोट किया। गौरतलब है कि स्विट्जरलैंड में लोगों को लोकतांत्रिक नियमों के तहत अधिकतर राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मामलों में जनमत संग्रह में हिस्सा लेने का अधिकार होता है। स्विट्जरलैंड में चेहरा ढकने पर पाबंदी से जुड़ा प्रस्ताव दक्षिणपंथी स्विस पीपुल्स पार्टी (एसवीपी) की तरफ से लाया गया। इस पार्टी ने प्रस्ताव लाने के साथ ही नारा दिया- कट्टरवाद रोकें। एसवीपी के प्रस्ताव में इस्लाम का सीधे तौर पर जिक्र नहीं किया गया, हालांकि इसे देश में 'बुर्का बैन' से जोड़कर ही पेश किया जाता रहा। इसके तहत सड़कों पर प्रदर्शन करने वालों के मास्क पहनने पर भी रोक लगाने की मांग की गई। हालांकि, स्विट्जरलैंड की तत्कालीन सरकार ने इस प्रस्ताव का विरोध किया था। सत्तासीन दल का यह तर्क था कि महिलाएं क्या पहनेंगी, इसका फैसला सरकार नहीं कर सकती। यूनिवर्सिटी ऑफ ल्यूसर्न की 2021 के एक रिसर्च के मुताबिक स्विट्जरलैंड में न के बराबर ही कोई बुर्का या नकाब पहनने का चलन है। यहां सिर्फ 30 फीसदी महिलाएं ही नकाब पहनती हैं। स्विट्जरलैंड की 86 लाख की आबादी में लगभग पांच फीसदी ही मुस्लिम हैं। इनमें ज्यादातर तुर्किये, बोस्निया और कोसोवो मूल के हैं। 2022 में स्विट्जरलैंड की संसद के निचले सदन राष्ट्रीय परिषद में चेहरा ढकने पर पाबंदी लगाने के मकसद से प्रस्ताव लाया गया। इस प्रस्ताव को स्विस पीपुल्स पार्टी ने ही रखा था। इस दौरान 151 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में और 29 सदस्यों ने इसके विरोध में वोट दिया था। विरोध में सेंट्रल और ग्रीन्स पार्टी ने मतदान किया था। आखिरकार सितंबर 2023 में स्विस संसद ने अंतिम तौर पर प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। हालांकि, स्विट्जरलैंड की सरकार ने नवंबर 2024 में ही इस पाबंदी को एक जनवरी 2025 से लागू करने पर हामी भरी। मुस्लिम समुदाय और एम्नेस्टी इंटरनेशनल जैसे मानवाधिकार संगठनों ने इस प्रस्ताव के संसद में पारित होने की आलोचना की थी।

### पाकिस्तान को महंगा पड़ रहा

# जुनूनी तालिबान से पंगा...!!



विजय कपूर



आंतरिक अशांति और आर्थिक परिस्थितियों से जूझ रहे पाकिस्तान ने जब अपनी अवाम को कुछ बहादुराना फीलगुड कराने के लिए पिछले दिनों अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक करके दो दर्जन से ज्यादा अफगान नागरिकों को मार दिया, जो उसके मुताबिक तहरीक-ए-तालिबान के आतंकी थे और उसकी सम्प्रभुता के साथ खिलवाड़ कर रहे थे, जबकि अफगानिस्तान का कहना है कि पाकिस्तान ने अपनी हवाई सेना की ताकत की धौंस जमाने के लिए अफगानिस्तान के आम लोगों को निशाना बनाया है ताकि अपनी आंतरिक परेशानियों से लोगों का ध्यान बंटा सके। बहरहाल, पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक को अपने देश पर हमला मानते हुए, अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान ने पाकिस्तान के विरुद्ध जबर्दस्त पलटवार किया और सरहदी चौकियों में तैनात 19 पाक रेंजर्स को मार गिराया। यही नहीं दुनिया की पांचवीं सैन्य शक्ति मानी जाने वाली पाकिस्तान पर अफगानिस्तान ने जिस तरह से हमला करके उसकी दो सीमा चौकियों पर कब्जा कर भी लिया है, उससे अंदाजा लग रहा है कि दोनों के बीच किस हद तक जंग भड़क चुकी है। सवाल है अगर यह संघर्ष तुरंत नहीं थमता (..और जिस तरह से अफगानिस्तान भड़का हुआ है, उससे लगता नहीं है कि यह बिना पाकिस्तान के कूटनीतिक तौरपर झुके थमेगा) तो ये कहां जाकर रुकेगा, कोई नहीं जानता।

- इमेज

भले कागजों और आंकड़ों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान की कोई तुलना ही न हो, लेकिन व्यवहारिक सच्चाई और हाल के दशकों में दुनिया की दो दो सैन्य महाशक्तियों के विरुद्ध तालिबान की जीवटता को ध्यान में रखें तो उसके पास भले पुराने पड़ चुके हथियार हों, लेकिन उनका दुस्साहस और उनमें आत्मघात का जो जुनून है, उसके सामने पाकिस्तान का टिकना मुश्किल होगा। गौरतलब है कि तालिबान ने पहले सोवियत संघ और फिर दुनिया की सबसे आधुनिक और ताकतवर माने जाने वाली अमरीकी सेना को भी इसी फिदाइन जुनून के सामने घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। अंततः सैन्य महाशक्तियों को अफगानिस्तान छोड़कर जाना पड़ा। तालिबान के खाते में यह इतिहास उसके आत्मविश्वास को और भी खूंखार बना देता है, इसलिए अगर कहा जाए कि पाकिस्तान ने तालिबानी बर्र के छत्ते पर अंगुली देकर उसे उकसा दिया है और उसका यह उकसना अब पाकिस्तान के लिए भारी पड़ सकता है, तो अतिश्योक्ति न होगी। गौरतलब है कि एक लंबे समय तक पाकिस्तान तालिबानों का मीडिएटर बनकर अमेरिका से अच्छे खासे डॉलर कमाता रहा है। क्योंकि अमेरिका के लिए पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में पहले सोवियत संघ की सेनाओं से तालिबान को लड़ाने का ठेका ले रखा था और फिर जब 9/11 के बाद तालिबान अमरीका का दुश्मन बन गया तो तालिबानों को खत्म करने में मदद करने के लिए भी पाकिस्तान, अमरीका को चूसता रहा। सालों साल कभी तालिबान को, कभी सोवियत फौज को ब्लैकमेलिंग का जरिया बनाकर पाकिस्तान ने लंबे समय तक न सिर्फ तालिबान जैसे फुंकारते नागों का पालन पोषण किया है बल्कि उनके शुभचिंतक के रूप में भी अपने को पेश करता रहा। लेकिन कहते हैं कि मूर्ख कोई नहीं होता, भले कोई मूर्खता की हरकतें ही क्यों न करता हो। तालिबान भी नहीं था। पाकिस्तान को गलतफहमी थी कि उसकी राजनीति को तालिबान कभी समझ नहीं सकता, लेकिन यह उसकी गलती थी। तालिबान, पाकिस्तान की दोहरी और जहरीली भूमिकाओं को बहुत अच्छी तरीके से समझता था, इसलिए जब वह सोवियत संघ और अमरीका को खदेड़ने में सफल रहा, तब अपना फोकस पाकिस्तान की तरफ कर दिया और पाकिस्तान को बताया कि वह जिस शरिया का शासन स्थापित करने के लिए उसे तैयार कर रहा है, वही शरिया का शासन क्यों न खुद पाकिस्तान पर लागू किया जाए और जब पाकिस्तान इस पर तालिबान को अपनी ताकत के जरिये धमकाने की कोशिश की तो पता चला कि लंबे समय से उसने तालिबान नामक जो इंसानी बम तैयार किए हैं, अब वो उसे ही शिकार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पाकिस्तान के अंदर तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) की 2007 में स्थापना हुई और इस कट्टर सुन्नी समूह ने घोषणा कर दी कि पाकिस्तान में वह इस्लामी यानी शरिया का शासन लागू करके रहेगा। हालांकि तकनीकी तौरपर टीटीपी और अफगान तालिबान के बीच कोई सीधा रिश्ता नहीं है। ये दोनों अलग अलग संगठन हैं। लेकिन टीटीपी तालिबान की विचारधारा से प्रभावित हैं और अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान टीटीपी को संरक्षण देता है। इसलिए जब टीटीपी पर हमला करने के बहाने पाकिस्तान, अफगानिस्तान में घुसकर टीटीपी के आंतकियों को निशाना बनाने की बात कहता है तो सत्तारूढ़ अफगानी तालिबान इसे अपनी सम्प्रभुता के खिलाफ हमला मानते हैं और इस तरह न चाहते हुए भी वे टीटीपी के साथ खड़े हो जाते हैं। साल 2007 में विभिन्न चरमपंथी गुटों को मिलाकर बना तहरीक-ए-तालिबान का लक्ष्य वास्तव में पाकिस्तान की सरकार को गिराना और शरिया के नाम पर इस देश में तालिबान का शासन लागू करना ही और इसके लिए वो पिछले डेढ़ दशकों से पाकिस्तान पर बार बार दिल दहलाने वाले चरमपंथी हमले करता रहा है। यह खास तौरपर पाकिस्तान की सेना, पुलिस, यहां के स्कूलों और सरकारी संस्थानों को अपने हमले का निशाना बनाता है ताकि पाकिस्तान की ताकत को कमजोर किया जाए। ऐसे में सवाल है कि क्या पाकिस्तान, जिस तालिबान नामक भस्मासुर को कभी अपनी सहूलियत के लिए खड़ा किया था, अब वह उसी के असितत्व के लिए संकट नहीं बन गया ? जी हां, ऐसा ही है।

## पंचांग

3 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| • विक्रम संवत् | - | 2081 |
| • शक संवत् | - | 1946 |
| • ऋतु | - | शिशिर |
| • माह | - | पौष |
| • पक्ष | - | शुक्ल |
| • तिथि | - | चतुर्थी 23.41 तक |
| • वार | - | शुक्रवार |
| • नक्षत्र | - | धनिष्ठा 22.23 तक |
| • योग | - | वज्र 12.38 तक |
| • करण | - | वणिज 12.26 तक |
| • सूर्योदय | - | 07.14 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - | 06.12 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - | 07.26 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - | 06.03 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - | मकर 10.48 तक |
| • अभिजित् मुहूर्त | - | 12.20 से 13.04 |
| • राहु काल | - | 11.20 से 12.42 |
| • व्रत, त्यौहार | - | विनायक चतुर्थी, पंचक 10.48 प्रारंभ, भद्रा 12.26 से 23.41, रवियोग 22.23 तक |
| • दिशा शूल | - | पश्चिम |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### जौ के इन उपायों को करते ही बदल जाएगी किस्मत

मनुष्य के जीवन में सुख-दुख और उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। कभी-कभी जीवन में परेशानियां इतनी बढ़ जाती हैं कि मेहनत के बावजूद सफलता नहीं मिलती है। इसके पीछे ग्रह दोष भी हो सकते हैं। ऐसे में ज्योतिष द्वारा बताए गए उपाय मददगार साबित हो सकते हैं। ज्योतिष में कई ऐसे उपाय और टोटके बताए गए हैं, जो जीवन की परेशानियों को कम कर सकते हैं। इनमें से एक जौ का उपाय है। इसे करने से ग्रह दोष शांत होते हैं और जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं.

**जौ के चमत्कारी उपाय**

ज्योतिष और आध्यात्म में जौ को विशेष महत्व दिया गया है। इसे शुद्धता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक अनुष्ठानों और हवन में जौ का उपयोग नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने और ग्रह दोष शांत करने के लिए किया जाता है। जौ को पवित्र अग्नि में चढ़ाने से घर का माहौल शुद्ध और शांतिपूर्ण होता है। इसे दान करने से कर्मों में सुधार होता है और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। ज्योतिष शास्त्र में जौ के कई उपाय बताए गए हैं, जो ग्रह दोष शांत करते हैं और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

**राहु के दुष्प्रभाव से बचाएगा जौ**

राहु के दुष्प्रभाव से बचने के लिए ज्योतिष शास्त्र में कुछ सरल उपाय बताए गए हैं। शनिवार के दिन जौ के साथ कोयला, कच्चा दूध, नारियल, तिल, तांबा और दूर्वा लेकर इन्हें बहते जल में प्रवाहित करें। यह उपाय राहु के अशुभ प्रभाव को कम करने में मदद करता है। इसी दिन कबूतरों को जौ खिलाने से भी राहु-केतु का नकारात्मक असर कम होता है।

**सकारात्मक ऊर्जा का संचार**

पूर्णिमा या अमावस्या के दिन जौ से हवन करना शुभ माना जाता है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। साथ ही परिवार के सदस्य स्वस्थ रहते हैं। कर्ज से छुटकारा पाने के लिए रात में सोने से पहले एक मुट्ठी जौ लाल कपड़े में बांधकर सिरहाने के नीचे रखें। सुबह इसे पक्षियों या जरूरतमंद लोगों में बांट दें। यह उपाय न केवल कर्ज से राहत दिलाता है, बल्कि जीवन में शांति और संतुलन भी लाता है।

**जौ का दान**

शास्त्रों में जौ का दान विशेष महत्व रखता है। इसे सोने के समान पवित्र माना जाता है। जरूरतमंदों को जौ का दान करने से धन की वृद्धि होती है और घर में समृद्धि आती है। मांगलिक कार्यों में कलश या मूर्ति के नीचे जौ रखने से मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इससे परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। इन उपायों से न केवल ग्रहों के अशुभ प्रभाव कम होते हैं, बल्कि जीवन में सकारात्मकता और प्रगति भी आती है।

## तारीख विशेष

### सावित्रीबाई फुले



सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। इनके पिता का नाम खन्दोजी नैवेसे और माता का नाम लक्ष्मीबाई था। सावित्रीबाई फुले का विवाह 1841 में ज्योतिराव फुले से हुआ था। सावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। महात्मा ज्योतिराव को महाराष्ट्र और भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन में एक सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में माना जाता है। उनको महिलाओं और दलित जातियों का शिक्षित करने के प्रयासों के लिए जाना जाता है। ज्योतिराव, जो बाद में ज्योतिबा के नाम से जाने गए सावित्रीबाई के संरक्षक, गुरू और समर्थक थे। सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। वे एक कवियत्री भी थीं उन्हें मराठी की आदिकवियत्री के रूप में भी जाना जाता था। वे स्कूल जाती थीं, तो विरोधी लोग उनपर पत्थर मारते थे। उन पर गंदगी फेंक देते थे। आज से 191 साल पहले बालिकाओं के लिए जब स्कूल खोलना पाप का काम माना जाता था तब ऐसा होता था।

सावित्रीबाई पूरे देश की महानायिका हैं। हर बिरादरी और धर्म के लिए उन्होंने काम किया। जब सावित्रीबाई कन्याओं को पढ़ाने के लिए जाती थीं तो रास्ते में लोग उन पर गंदगी, कीचड़, गोबर, विष्ठा तक फेंका करते थे। सावित्रीबाई एक साड़ी अपने थैले में लेकर चलती थीं और स्कूल पहुंच कर गंदी कर दी गई साड़ी बदल लेती थीं। अपने पथ पर चलते रहने की प्रेरणा बहुत अच्छे से देती हैं। 5 सितंबर 1848 में पुणे में अपने पति के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की नौ छात्राओं के साथ उन्हों ने महिलाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की। एक वर्ष में सावित्रीबाई और महात्मा फुले पांच नए विद्यालय खोलने में सफल हुए। तत्कालीन सरकार ने इन्हें सम्मानित भी किया था।

### संभावना-2025/विज्ञान-तकनीक

# संभावनाओं से सबल यह साल

संजय श्रीवास्तव

आस्था में विज्ञान के दर्शन से ठीक पहले 11 और 12 जनवरी 2025 को सभी उम्र के लोगों में वैज्ञानिक जागरूकता और जिज्ञासा को बढ़ावा देने के लिए फर्ग्यूसन कॉलेज, पुणे में आयोजित भारत विज्ञान महोत्सव, विज्ञान में आस्था का दर्शन कराएगा। महोत्सव विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में काम करने वाले वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, सरकारी अधिकारियों, नीति निर्माताओं, आम जनता को एक साथ लाता है इसकी सफलता देश में वैज्ञानिक माहौल का बैरोमीटर होगा। ऐसे में इस साल यह देखना दिलचस्प होगा कि विज्ञान और तकनीक जिस रफ्तार से देश में जगह बनाएगी क्या समाज भी उसी अनुपात में अपनी तार्किक और वैज्ञानिक सोच तथा तकनीकी समझ में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी कर सकेगा? आज तकनीक के तकरीबन सभी क्षेत्र में भारतीय नवप्रवर्तक उपस्थित हैं, सो तकनीक नवाचार में इस साल आशातीत विकास दिखेगा।

- इमेज

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, व्यवस्थाओं, बाज़ार का डिजिटलकरण, सेमीकंडक्टर, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ब्लॉकचेन और कंप्यूटिंग लैंग्वेज, स्पेस, डिफेंस, रोबोटिक्स, अक्षय ऊर्जा, तकनीकी नवाचार तथा डेटा साइंस की उपलब्धियां खबरों में रहने वाली हैं। देश में तकनीक विकास का एक नजारा साल की शुरुआत में महाकुंभ के दौरान दिखेगा, जब 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच लगने वाला दुनिया का सबसे बड़ा जमावड़ा बरास्ते तकनीक समूची दुनिया तक पहुंचेगा। 45 करोड़ से अधिक लोग मानवीय निगरानी के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जीपीएस और स्ट्रीमिंग तकनीक पर आधारित सर्विलांस का व्यावहारिक कमाल देखेंगे। शौचालयों में सफाई की रियल-टाइम मॉनिटरिंग से लेकर साधु संतों के लाइव कार्यक्रम और सेवाओं की तत्काल अपडेट्स के साथ मेले के कैंपों तक की थ्रीडी खबर रखने वाले, प्रशासन और जनता के बीच तेजी से संपर्क साधने में मददगार एप प्रयाग में आध्यात्मिकता और तकनीकी आधुनिकता के अद्भुत संगम का दर्शन कराएंगे। आस्था में विज्ञान के दर्शन से ठीक पहले 11 और 12 जनवरी 2025 को सभी उम्र के लोगों में वैज्ञानिक जागरुकता और जिज्ञासा को बढ़ावा देने के लिए फर्ग्यूसन कॉलेज, पुणे में आयोजित भारत विज्ञान महोत्सव, विज्ञान में आस्था का दर्शन कराएगा। महोत्सव विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में काम करने वाले वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, सरकारी अधिकारियों, नीति निर्माताओं, आम जनता को एक साथ लाता है इसकी सफलता देश में वैज्ञानिक माहौल का बैरोमीटर होगा। ऐसे में इस साल यह देखना दिलचस्प होगा कि विज्ञान और तकनीक जिस रफ्तार से देश में जगह बनाएगी क्या समाज भी उसी अनुपात में अपनी तार्किक और वैज्ञानिक सोच तथा तकनीकी समझ में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी कर सकेगा? आज तकनीक के तकरीबन सभी क्षेत्र में भारतीय नवप्रवर्तक उपस्थित हैं, सो तकनीक नवाचार में इस साल आशातीत विकास दिखेगा। भारतीय नवाचार अर्थव्यवस्था 2014 में देश के सकल घरेलू उत्पाद की पांच प्रतिशत थी, जो 2022 में दस प्रतिशत हुई और अब सरकारी उम्मीद 2025-2026 तक इसके 20 फीसद तक पहुंचने की है। सरकार के दावे के हिसाब से 2025 में जीडीपी 5,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा यानी तकनीक क्षेत्र कुल 1,000 अरब डॉलर का होना चाहिए। लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहे तकनीक और डिजिटल अर्थव्यवस्था क्षेत्र से इस साल यह उम्मीद थोड़ी अधिक तो है पर बेमानी नहीं। सभी जी-20 देशों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कौशल और प्रतिभा के मामले में शीर्ष पर पहुंचने वाला भारत इस साल इसके जरिये अपने सकल घरेलू उत्पाद में 500 अरब अमेरिकी डॉलर जोड़ेगा। भारत का एआई बाज़ार 35 प्रतिशत चक्रवृद्धि के सालाना दर से बढ़ रहा है। यदि इसके 2027 तक 17 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है तो उपरोक्त आकलन में दम नजर आता है। जनरेटिव एआई की बढ़त 28 फीसदी सालाना की दर से बढ़ने की उम्मीद है, 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था में इसके 400 अरब डॉलर के योगदान के लक्ष्य की ओर का यह वर्ष प्रस्थान बिंदु बनेगा। देश डिजिटली स्किल्ड कर्मचारियों की आवश्यक संख्या में 9 गुना बढ़त आंककर इस साल तत्संबंधी प्रयास करेगा। रक्षा सुरक्षा, बीमा, स्वास्थ्य, सेवा से लेकर शिक्षा, परिवहन, लॉजिस्टिक्स, खुदरा, अवसंरचना, दूरसंचार तक, हर जगह काम आने वाले डेटा साइंस का क्षेत्र 2025 में नई रुझान के साथ सामने आयेगा। विगत वर्ष इस क्षेत्र में 60 अरब का निवेश हुआ था, इस साल 80 अरब डालर की उम्मीद का ठोस आधार डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार से है। महाराष्ट्र और तमिलनाडु के बाद इस बरस मुंबई, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु डेटा सेंटर विकास के मुख्य केंद्र बनकर उभरेंगे। रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस तकनीक का उपयोग इस साल कई कमाल करेगा। देश में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज का उद्योग 20 प्रतिशत के चक्रवृद्धि विकास दर से इस साल सवा सौ अरब डालर पार कर जाए तो अचरज नहीं होगा। इस क्षेत्र में इस साल क्लाउड आर्किटेक्ट डिजाइन और ओरिजिनल डिजिटल कंटेंट, वेब एप्लिकेशन बनाने की क्षमता की मांग बढ़ेगी। अभी के पच्चीस करोड़ 5जी उपयोगकर्ता 2025 के मार्च तक 30 करोड़ तक पहुंच जाएंगे। हालांकि बड़ी आबादी तक इसकी पहुंच नहीं हो पाएगी पर यह बढ़त 2025 के वित्तीय वर्ष में प्रति ग्राहक प्रति माह औसत इंटरनेट डेटा खपत को 20 जीबी से बढाकर 30 जीबी तक बढ़ा देगा। विगत कुछ वर्षों की तरह इस साल भी सर्वाधिक सुर्खियां इसरो ही बटोरेगा। वह 2025 में रेलवे, थल सेना, नौ सेना, संचार, इन फ्लाइट कनेक्टिविटी के अलावा गगनयान के साथ संपर्क बनाए रखने के लिए छह उपग्रहों के साथ कई सर्विलांस सैटेलाइट भी लांच करेगा। इसी साल मार्च में इसरो नासा के सहयोग से तकरीबन तीन टन वजनी निसार उपग्रह लॉन्च करेगा, तकनीकि वजहों से टलते जा रहे इस महत्वाकांक्षी प्रक्षेपण में सफलता विभिन्न कारणों से अंतरिक्ष के वैश्विक क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि होगी। इसी साल इसरो का लूनर फ्लाईबाई की योजना है, जिसमें गगनयान मिशन के तहत चयनित अंतरिक्षयात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजना और फिर उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना शामिल है। इसके अलावा इसरो इस साल चांद से नमूने लाने वाले चंद्रयान चार के मिशन में जी जान से लगेगा। 2025 के आखिर तक भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 13 अरब डॉलर तक पहुंचेगी।

## गीता सार



**तत्त्ववित्तु महाबाहो गुणकर्मविभागयोः ।**
**गुणा गुणेषु वर्तन्त इति मत्वा न सज्जते ॥ (28)**

**भावार्थ :**

परन्तु हे महाबाहु ! परमतत्व को जानने वाला महापुरुष इन्द्रियों को और इन्द्रियों की क्रियाशीलता को प्रकृति के गुणों के द्वारा करता हुआ मानकर कभी उनमें आसक्त नहीं होता है।

## बोले तो...



पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने की साजिश हो रही है। बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने वाली बीएसएफ विभिन्न क्षेत्रों से बंगाल में घुसपैठ की अनुमति दे रही है। बांग्लादेशी आतंकी बंगाल में आ रहे हैं। यह केंद्र की नापाक योजना है।

- ममता बनर्जी



संतोष पाटिल ने आत्महत्या से पहले स्पष्ट रूप से तत्कालीन ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री के. एस. ईश्वरप्पा के नाम का उल्लेख किया था। वहीं, सचिन पांचाल मामले में सुसाइड नोट में मेरे नाम का कहीं भी जिक्र नहीं है। भाजपा एक गैर मुद्दा उठा रही है।

- प्रियांक खरगे



मोदी सरकार की बढ़ती रिश्तेदारी, अनियमित नीति निर्माण और विकृत प्राथमिकताओं ने इसे देश के इतिहास में एक मात्र सरकार बना दिया है, जो महिलाओं से मंगलसूत्र चुराने का कलंक हासिल कर चुकी है। लोग कम से कम 30% गोल्ड लोन पर चूक कर रहे हैं।

- जयराम रमेश

## कुछ अलग | अजब गजब

# इस रेस्टोरेंट में उमड़ती इतनी भीड़, लाइन में खड़े होने को भाड़े पर बुलाए जाते लोग

आपने ऐसे कई फूड स्टॉल और रेस्टोरेंट के बारे में सुना होगा, जहां के जायके का लुत्फ उठाने के लिए लोगों की लाइनें लग जाती हैं। लेकिन आपने शायद ही सुना होगा कि कतार में खड़े होने से बचने के लिए लोगों ने भाड़े पर किसी को बुलाया हो। पर आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि न्यूयॉर्क में एक रेस्टोरेंट ऐसा भी है, जहां लंच और डिनर करने के लिए इतनी लंबी लाइन लगती है कि उससे बचने के लिए लोगों को 'टास्कर' हायर करना पड़ता है, जो उनके बदले घंटों लाइन में खड़े होते हैं और ये यहां बड़े पैमाने पर हो रहा है। बात हो रही है न्यूयॉर्क कैरोल गार्डन में मौजूद फेमस पिज्जेरिया लुकाली की, जो केवल कैश में ही पेमेंट लेता है। वहीं, टेबल रिजर्व करने



का भी ऑप्शन नहीं है, इसलिए लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना ही एकमात्र ऑप्शन है। यही वजह है कि कस्टमर लाइन में खड़े होने के लिए भाड़े पर लोग बुलाते हैं। जाहिर है, आप सोच रहे होंगे कि आखिर इस रेस्टोरेंट में ऐसी क्या खास बात है, जो लोग यहां खाने के लिए इतने उतावले रहते हैं। दरअसल, लुकाली रेस्टोरेंट में कई सेलेब डिनर करने के लिए आते हैं। बताया जाता है कि लुकाली बेयॉन्से और जे-जेड जैसी हस्तियों का सबसे पसंदीदा हैंगआउट है। कुछ ही समय पहले यहां ट्रैविस केल्स और टेलर स्विफ्ट ने भी डिनर किया था। यही वजह है कि हर कोई इस रेस्टोरेंट में आकर लंच और डिनर करना चाहता है। लुकाली न्यूयॉर्क के उन रेस्टोरेंट्स की लिस्ट में सबसे ऊपर है, जहां टेबल पाने की चाहत में लोग टास्कर हायर करते हैं। एक टास्कर ने बताया कि वह प्रति घंटे 20 डॉलर (1700 रुपए से अधिक) चार्ज करती हैं। उनका कहना है कि कई बार तीन घंटे भी लाइन में खड़े रहना पड़ता है।

## पाठक पाती

### जीवन के सम्बल आशा और विश्वास, अति निर्वाह आराम में बाधक

कामनाओं का पार आना कठिन है। जब तक कामनाओं का, इच्छाओं का, तृष्णाओ का अंत नहीं आएगा, तब शांति संभव नहीं है। इस लोक में तृष्णारहित है, उसके लिए कुछ भी कठिन नहीं है। भारत वह देश है जहां के लोग आशा और विश्वास के सहारे अपनी सारी उम्र निकाल देते है, जो आज दुःखी पीड़ित हैं, उन्हें कल के सूरज पर विश्वास है। उनकी आशा जाने वाले दिन पर टिकी है कि कल से हमारे अच्छे दिन आ जाएंगे। ये दुःख ये पीड़ाएं सिर्फ आज की ही हैं। कल की भोर हमारे लिए सुख सपनों का संदेश लेकर आएगी। भगवान ने जिनको चोंच दी है, उसके लिए कम ज्यादा चुग्गे की व्यवस्था पहले से ही हो जाती है। बालक के जन्म से पूर्व मां के स्तनों में दूध आ जाता है, यह सब कुदरत की लीला है। यह धरती माता बहुत बड़ी है, इसका हृदय विशाल है।

-कांतिलाल मांडोत सूरत

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# परिवादियों की समस्या का हो हर संभव समाधानः जिला कलक्टर

## जिला कलक्टर ने की खेड़ा और सिंगोरई में जनसुनवाई





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को उपखंड धौलपुर की ग्राम पंचायत खेड़ा और उपखण्ड बाडी की ग्राम पंचायत सिंगोरई में जनसुनवाई की। जिला कलक्टर ने कई परिवादों का मौके पर ही निस्तारण कराया।

जनसुनवाई में जब परिवादी भगवानदास ने सही दर पर उर्वरक न मिल पाने का परिवाद दर्ज कराया तो मौके पर ही उर्वरक का बैग मंगवाकर उचित दर पर परिवादी को उर्वरक का बैग अपने हाथों सुपुर्द किया। वहीं राजकीय विद्यालय की भूमि पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर संचालित मांस की अस्थाई दुकान को फौरन मौके से हटवाया गया। इस दौरान मौके पर ही तीन जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर परिवादियों को सुपुर्द किये गये। जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तीन विमंदित बच्चों की विधवा माँ को निःशुल्क भूमि पट्टा दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिवादी रिंकू की शिकायत पर त्वरित ही विद्युत लाइन में फॉल्ट को ठीक कराया गया। परिवादी कलमाराम ने हैंडपम्प दुरूस्त कराये जाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया, जिस पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधिकारियों को हैंडपम्प दुरुस्त कर निस्तारण के निर्देश दिये। परिवादी जीतेन्द्र सिंह ने नहर की पटरी पर डामरीकृत सड़क बनवाये जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने पीडब्ल्यूडी को प्रस्ताव बनाकर भिजवाये जाने हेतु निर्देश दिये। सिंगोरई में जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने परिवादी रघुवरदयाल मीना द्वारा चारागाह भूमि पर अतिक्रमण के मामले को गंभीरता से लेते हुए पटवारी को दो दिवस के भीतर संबंधित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने एक अन्य परिवाद पर खेल मैदान की तरबियम करा सीमांकन कराने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले परिवादों का हर संभव समाधान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परिवादियों को सही जानकारी देकर सहानुभूति पूर्वक परिवादों का निस्तारण किया जाये। संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। खेडा में जनसुनवाई के दौरान कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी अल्का श्रीवास्तव, जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं ग्राम पंचायत सिंगोरई में जन सुनवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी हेमंत कुमार घनघोर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## नो दिवसीय संगीतमय राम कथा का समापन

### कथा में जयपुर हवा महल के विधायक बाल मुकुंद आचार्य ने भी की शिरकत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** श्री जागेश्वर नाथ मंदिर जीर्णोद्धार समिति के तत्वाधान में चल रही नो दिवसीय संगीतमय राम कथा के समापन अवसर पर कथावाचक महेश शर्मा हवेली वाले ने भक्तों को रामेश्वर स्थापना, लंका पर चढ़ाई, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण मेघनाथ रावण वध के साथ भगवान राम का राज्याभिषेक की कथा सुनाई। समापन अवसर पर राम कथा में जयपुर हवा महल के विधायक बालमुकुंद आचार्य महाराज ने शिरकत की। इस अवसर पर कथावाचक महाराज ने विधायक बालमुकुंद आचार्य का माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान बालमुकुंद आचार्य ने महाराज श्री का आशीर्वाद लिया। हवा महल के विधायक बालमुकुंद आचार्य महाराज ने कहा कि हम सभी सनातन धर्म से प्रेरणा ले की अपने-अपने घरों में श्री राम चरित्र मानस का पाठ नियमित रूप से सभी भक्तों को करना चाहिए। भगवान की भक्ति से ही सभी के दुख और संकट दूर होते हैं। अंत में कथा वाचक महेश हवेली वाले ने भक्तों को कहा कि श्री रामचरितमानस में भगवान राम ने जो आदर्श प्रस्तुत किया है व सभी लोग अपने जीवन में उतार कर सभी कष्टों से मुक्ति पाए। कार्यक्रम में थाना इंचार्ज प्रदीप शर्मा व सेवाधारी नरेंद्र कुमार सेवानी का कथा वाचक महाराज महेश हवेली से आर्शिवाद प्राप्त कर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### शर्मा व चौधरी टीसी प्रकाश शेखावाटी अवार्ड से सम्मानित

**खेतड़ी।** पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी डॉ. तारांचद शर्मा को शिमला में टीसी प्रकाश शेखावाटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। पूर्व ऊर्जा मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, त्रिवेणी धाम आचार्य राघवेंद्र सिंह, गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल के अध्यक्ष डॉ. राणा यह अवार्ड प्रदान किया गया।

## क्रिकेट में भीलवाड़ा तथा कबड्डी में नपावली चैंपियन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** मोही हरिवंश कीर समाज का तीन दिवसीय संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह बुधवार को कपासन प्रधान भेरुलाल चौधरी के मुख्य आतिथ्य, कीर समाज के प्रदेशाध्यक्ष किशनलाल कीर की अध्यक्षता, दामाखेड़ा सरपंच लक्ष्मण कीर, भेरूलाल कीर, नारायणलाल कीर एवं भंवरलाल कीर के के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष धर्मराज कीर ने बताया कि प्रतियोगिता परिणाम तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में कबडड्ी में महादेव क्लब विजेता तथा नपावली उपविजेता, क्रिकेट में बालाजी क्लब भीलवाड़ा विजेता तथा केके आर चितोड़गढ़ उपविजेता रहे। रस्साकस्सी पुरुष वर्ग प्रथम नपावली तथा जूना कीरखेड़ा दूसरे स्थान पर रहा। ऐथेलेटिक्स पुरुष 100मीटर प्रथम सुनिल कीर, द्वितीय श्रवण कीर तथा विवेक तीसरे स्थान पर रहा। 200 मीटर में पुष्कर कीर, आर्यन कीर तथा जीवन कीर क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थाना पर रहे। महिला वर्ग रस्साकस्सी -प्रथम ताराखेड़ी टीम द्वितीय स्थान पर जोरवरपुरा टीम । ऐथेलेटिक्स 100 मीटर प्रथम राजश्री कीर भीलवाड़ा, द्वितीय सुगना कीर अरवड़ भीलवाड़ा तृतीय कविता कीर ताराखेड़ी इसी प्रकार 200 मीटर प्रथम राजश्री कीर राज्यावास भीलवाड़ा, द्वितीय कविता कीर ताराखेड़ी तथा दीपिका कीर प्रतापगढ़ तीसरे स्थान पर रही। नपावली पूर्व सरपंच बगदीराम कीर, जिला उपाध्यक्ष सुरेश कीर, जिला महासचिव सम्पत कीर, भदेसरश तहसील अध्यक्ष कैलाश कीरश भोपालसागर तहसील अध्यक्ष जगदीश कीर, बाबूलाल कीर, रामचन्द्र कीर, बगदीराम कीर, नारायण कीर, रमेश कीर, सुरेश कीर एवं रोशन कीर उपस्थित रहे।

## वाहन चलाते समय यातायात नियमों की पालना करेंः श्रीनिधि बीटी

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पोस्टर का विमोचन किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर ।** राजस्थान सरकार द्वारा मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर द्वारा पोस्टर जारी किया गया है जिसका जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी द्वारा विमोचन



किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सदैव यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए कभी भी बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन नहीं चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपका जीवन राष्ट्र की धरोहर है इसे लापरवाही में ना गंवाए। उन्होंने कहा कि यदि आप यातायात नियमों की परवाह करेंगे तो आप सुरक्षित रहेंगे। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी देवानंद ने कहा कि 1 जनवरी से 31 जनवरी तक जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत हमारा प्रयास रहेगा की लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संचार हो। उन्होंने कहा कि सरकार 6 ई के तहत एजुकेशन इंजीनियरिंग, इन्फॉसर्मेट, एमरजेंसी केयर, इवैल्यूएशन और एंगेजमेंट पर कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जिला कलेक्टर द्वारा जिला प्रशासन के सभी विभागों में दोपहिया वाहन चालक कार्मिक व चार पहिया वाहन चालक के लिए सीट बेल्ट अनिवार्य कर दी गई है। इस अवसर पर परिवहन विभाग के देवेंद्र शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## लॉयंस क्लब चूरू ने कंबल वितरण किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्थानीय सामाजिक संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल की चूरू शाखा द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर डॉक्टर कमल वशिष्ठ ने बताया की लायंस क्लब चूरू के वरिष्ठ सदस्य एमजेएफ लायन हुक्मीचंद लोहिया के आर्थिक सौजन्य से क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा के अध्यक्षता में आयोजित कंबल वितरण समारोह के मुख्य अतिथि चूरू विधायक हरलाल सहारण थे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा उपस्थित थे। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया की लायंस क्लब चूरू द्वारा चूरू की भयंकर ठंड को देखते हुए समय-समय पर रजाई एवं कंबल वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि लायंस क्लब चुरु सामाजिक सरोकारों के कार्यकर्ता रहता है। उन्होंने यह भी कहा की क्लब को चूरू के अलग-अलग वार्डों में जाकर रजाई व कंबल वितरण करना चाहिए जिससे अलग-अलग लोग लाभान्वित हो सकेंगे। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने लगभग 100 कंबल जरूरतमंदों को वितरित किए एवं क्लब को साधुवाद दिया। इस अवसर पर लायन शैलेंद्र माथुर, भामाशाह एमजेएफ हुक्मीचंद लोहिया, रामचंद्र राजोतिया, सुनील टकनेत, चंद्रप्रकाश खत्री, मुकुल सिगतिया, ओमप्रकाश बैरवा, संजीव वर्मा ने आयोजकीय भूमिका निभाई। क्लब द्वारा अति शीघ्र कंबल एवं रजाई वितरण किया जाएगा।

## ओम माथुर के जन्मदिन पर गायों को खिलाया चारा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर के जन्मदिन पर राजसमंद के भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने 100 फीट रोड पर गायों को चारा खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, जिला उपाध्यक्ष अशोक रांका, जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण पालीवाल, जिला मीडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल, जिला मंत्री प्रदीप खत्री, नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत, धीरज पुरोहित, भेरूलाल नंदवाना, विकास पालीवाल, विनोद जोशी, भवानी जोशी, गिरीश पालीवाल, अनिल खटीक, खुश, कमल कुमावत, भावेश पालीवाल, कमलेश कोठारी आदि मौजूद थे।

## नौ कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**राजसमंद।** गायत्री परिवार राजसमंद की ओर से मोही में चल रहे दो दिवसीय नौ कुंडी गायत्री महायज्ञ का बुधवार को समापन हुआ। दूसरे दिन



मंत्र दीक्षा, संस्कार, महायज्ञ, तथा घर पर देव स्थापना आदि कार्यक्रम हुआ। लक्ष्मणसिंह भाटी, बाबू खंडेलवाल, भगवानसिंह चुंडावत, ओम प्रकाश खंडेलवाल, दिनेश खंडेलवाल, दिलीप पाराशर, महेंद्र आचार्य, पेरू माली, बंसीसिंह, उत्तम, कमलेश, हंसमुख, नीरज आदि मौजूद थे।

## शिक्षिकाओं और वृद्ध महिलाओं का होगा सम्मान

**फुलेरा।** राष्ट्र की प्रथम महिला शिक्षिका तथा कवयित्री ओर महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की जयंती समारोह 3 जनवरी शुक्रवार को प्रातः



11.15 बजे स्थानीय बिचून रोड स्थित सावित्री बाई फुलेरा सर्किल पर माली सैनी समाज संस्था फुलेरा और सावित्री बाई संस्था फुलेरा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए माली सैनी समाज संस्था के महामंत्री एडवोकेट राहुल सैनी ने बताया कि प्रातः 11.15 बजे दीप प्रज्वलन के पश्चात 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही नगर में शिक्षा कार्य में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने वाली शिक्षिकाओं का भी सम्मान किया जाएगा। माली सैनी समाज संस्था फुलेरा के अध्यक्ष तेजकरण सैनी और सावित्री बाई संस्था फुलेरा की अध्यक्षा अंजू सैनी ने अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं ओर प्रबुद्धजनों भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना आधारित नववर्ष के कैलेण्डर का विमोचन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बुधवार को जिला कलक्टर कक्ष में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ' योजना के प्रचार-प्रसार नववर्ष 2025 के टेबल कैलेण्डर का विमोचन किया। इस मौके पर सुराणा ने कहा कि बालिका शिक्षा के लिए विभागीय प्रयासों में अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करें।

बालिका शिक्षा सुदृढ़ समाज की नींव है। शिक्षित बालिका समाज के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करती है। हमें नववर्ष के संकल्प के रूप में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन को शामिल करना चाहिए। संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि जिले के समस्त ब्लॉक कार्यालयों एवं ग्राम पंचायत स्तर के संस्थानों /कार्यालयों हेतु विभागीय योजनाओं के विवरण व 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना लोगो आधारित वॉल कलैण्डर (रंगीन, ए-4, 12 पेज, आर्ट पेपर) सहित तथा जिला स्तरीय कार्यालयों हेतु टेबल कैलेण्डर जारी किए गए हैं। इस दौरान एडीपीआर कुमार अजय, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, एपीआरओ मनीष कुमार, संगीता, शकुंतला, सुशिला, ज्ञानप्रकाश गोदारा सहित महिला अधिकारिता विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

### कार्यरत समसा अधिकारियों का आवासीय प्रशिक्षण का प्रारभं

**चूरू।** समग्र शिक्षा अभियान द्वारा चूरू संभाग के झुंझुनूं, सीकर, चूरू जिलों में कार्यरत समसा अधिकारियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सोती भवन में संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा बजरंग लाल स्वामी के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुआ।

समग्र शिक्षा परियोजना में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों में पदस्थापित समस्त अधिकारियों की क्षमता संवर्धन हेतु इस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। संयुक्त निदेशक स्वामी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए समस्त कंपोनेंट की जानकारी जरूरी बताई। अंतिम लाभार्थी राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों तक सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करें। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवम परियोजना समन्वयक गोविन्द सिंह राठौड़ ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रत्येक गतिविधि की गहनता से जानकारी प्राप्त कर परियोजना कार्यप्रणाली को समझने की आवश्यकता बताई। अधिकारियों से अपने अनुभव साझा किए। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक संतोष कुमार महर्षि ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

## कलक्टर असावा ने सुनी कुंवारिया के ग्रामीणों की समस्याएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने ग्राम पंचायत कुंवारिया में आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में शिरकत कर आमजन से उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा और उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत क्षेत्र के नागरिकों ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार एवं शिकायतें प्रस्तुत की जिसमें सड़क निर्माण, पानी की समस्या, बिजली की आपूर्ति और अन्य विषय शामिल थे। कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों को कोई भी समस्या न हो और उनकी शिकायतों का समय पर निवारण किया जाए। साथ ही उन्होंने इस तरह के जनसुनवाई कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जनसुनवाई में ग्राम बाघेरी में पानी की कमी की शिकायत पर सहायक अभियंता जलदाय विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बस स्टेंड क्षेत्र में शराबियों द्वारा उत्पात मचाने की शिकायत पर थानाधिकारी को रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और शांति भंग करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## बैंक के 13वें स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**चूरू।** बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के 13 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में पांच दिवसीय कार्यक्रमों के दूसरे दिन क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से इण्डियन शिक्षक



प्रशिक्षण संस्थान में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक राजेन्द्र कुमार दरगड ने समाज में बढ़ रहे साइबर अपराध के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इक्दौरान विनोद सुरेला ने पीपीटी के माध्यम से उपस्थित विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए। दीक्षा गोयल ने उपस्थित विद्यार्थियों से साइबर जागरूकता के संबंध में प्रश्नोतरी का आयोजन किया। जिसमें 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेताओं मोनिका लुणाईच, पूजा, डिम्पल व ज्योति शर्मा आदि को सम्मानित किया गया। वित्तीय साक्षरता सलाहकार गुमान सिंह शेखावत ने सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इण्डियन शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान चूरू की प्राचार्या अरूणा सहगल ने आभार व्यक्त किया। संचालन विष्णु कुमार ने किया।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मेंटर टीचर के आरपी प्रशिक्षण का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्टार्स प्रोजेक्ट के तहत शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मेंटर टीचर केआरपी प्रशिक्षण शुरू हुआ। जो कि दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण है। इस प्रशिक्षण में चुरू जिले के सभी ब्लॉक से चार-चार महिला पर्यवेक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी जो की आगे जाकर प्रत्येक ब्लॉक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मेंटर टीचर को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई और बाद में शिक्षा विभाग से जितेंद्र जी व रामनिवास जी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वह आगे जाकर फील्ड में फील्ड लेवल पर आने वाली समस्याओं का हल करते हुए प्रशिक्षण दें ताकि प्रशिक्षण सार्थक हो सके। उन्होंने बताया कि हमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मोटिवेट करना चाहिए ताकि वह टी ल एम के माध्यम से बेहतर शाला पूर्व शिक्षा बच्चों को दे सके जिसके लिए उन्हें हमारे निरंतर सहयोग की आवश्यकता है। व्यवस्थापक कमलेश जी एसआरजी ज्योति वर्मा ने भी सभी से उम्मीद जताई कि वह आगे जाकर फील्ड में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मेंटर टीचर को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।



# एकता, प्रेम व भाईचारे से होता अच्छे समाज का निर्माण : गहलोत

## संत लिखमीदास क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर के अरविंद पैवेलियन में गुरुवार को संत लिखमीदास क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिला प्रभारी राजेंद्र कुमार गहलोत की अध्यक्षता में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनट मंत्री गहलोत ने कहा कि क्रिकेट में जुनून ओर खेल कोशल के साथ समाज व परिवारजन का सहयोग आवश्यक है। ऐसे आयोजनों में एक दूसरे का सहयोग मिलने से एकता, प्रेम व भाईचारा बढ़ता है और इससे अच्छे समाज का निर्माण होता है।

माली समाज अच्छे समाज का निर्माण और समाज के सभी वर्ग के लोगों की मदद के लिए हमेशा अग्रसर है। माली सैनी समाज सिरोही ने समाज की क्रिकेट प्रतिभाओं के लिए चार दिवसीय प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में बुलाने पर सदैव ऋणी रहुंगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष भजपा जिला प्रभारी राजेंद्र गहलोत भाजपा जिला प्रभारी ने कहा कि समाज मे रवि विश्नोई जैसी भी प्रतिभाएं है। अगर समाज में प्रतिभाओं को ऐसे आयोजन में भाग लेने का मौका मिलेगा तो आने वाले दिनों में आईपीएल व राजस्थान, भारतीय क्रि केट मे अपना स्थान बनाऐंगे। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ताराराम माली ने दोनों अतिथियों का आभार व्यक्त कर कहा कि समाज की हर क्षेत्र मे श्रेष्ठ प्रतिभाओं को सरकार की ओर से मिलने वाली हर सुविधाएं दिलवाकर आगे बढ़ावा देंगे। माली समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष हीरालाल माली ने अतिथियों, भामाशाह एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संत लिखमीदास क्रिकेट प्रतियोगिता अध्यक्ष जयंतिलाल माली, सलाहकार भाजपा नगर मंडन अध्यक्ष महेंद्र माली, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोपाल माली, धनराज माली, जयंतीलाल माली, दिनेश माली, भूपेंद्र माली, अश्विन माली, मोहन बी माली, भुबाराम माली, बाबूराम माली, शंकरलाल माली एवं नेनाराम माली आदि मौजूद थे।



### पहले दिन हुए सात मुकाबले

प्रतियोगिता के पहले दिन सात टीमों के बीचे मुकाबले हुए। जिसमें सचियावमाता जावाल बनाम भूतगांव 11 स्टार के बीच मैच खेला गया। जिसमें सचियावजी माताजी जावाल 33 रन से विजय हुई। दूसरा मैच चामुंडा 11 सिरोही बनाम चामुंडा 11 मंडार के बीच मैच हुआ। जिसमें चामुंडा 11 मंडार 110 रन से विजयी हुई। तीसरा मैच गुरुदेव 11 बनाम भाटकड़ा 11 स्टार के बीच हुआ। जिसमें गुरुदेव 11 स्टार 31 रन से विजयी हुई। चौथा मैच रामदेव 11 बनाम वीर वॉरियर्स भाटकड़ा




के बीच हुआ। जिसमें वीर वॉरियर्स तीन विकेट से जीता। पांचवा मैच महाकाली वॉरियर्स बनाम हरे कृष्णा 11 के बीच हुआ। जिसमें हरेकृष्णा 8 विकेट से विजेता हुई। छठा मैच मोटा मगरा 11 बनाम रॉयल क्लब के बीच हुआ। जिसमें रॉयल क्लब 5 विकेट से जीती इसी प्रकार सातवां मैच सुंधा क्रिकेट क्लब सिरोही बनाम मगरा परगना कालंद्री के बीच हुआ। जिसमें सुंधा क्रिकेट क्लब 87 रन से जीत दर्ज करवाई।

### इनका रहा विशिष्ट आतिथ्य

आयोजन कमेटी के संरक्षक प्रकाश बी माली ने बताया कि शुभारंभ माली समाज सेवा संस्थान सिरोही अध्यक्ष हीरालाल माली, माली समाज वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष ताराराम माली, माली समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रतापराम माली, चेन्नई माली समाज पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल माली, मीठालाल माली, गेनाराम माली, अशोक भाई माली, रमेश माली, शांतिलाल सोलंकी, खेताराम माली, पूराराम माली, मीठालाल एवं हिमाराम माली आदि के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

## किशोरी स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम आयोजित




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेकेपुरम।** जेके लक्ष्मी आरोग्य परियोजना के तहत महिला एवं बाल विकास एवं जेके लक्ष्मी सीमेंट के संयुक्त तत्वावधान में पिंडवाड़ा ब्लॉक के पांच गांव बसंतगढ़, रामपुरा, आदर्श, वालोरिया एवं पेशुआ की 10 आंगनवाडी केंद्रों पर किशोरी स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** पालड़ी एम में गुरुवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत का समाजसेवी दिनेश माली के नेतृत्व में मां काली रेस्टोरेंट पर स्वागत किया गया। गहलोत ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। सरपंच हेमलता माली, मोहन माली, पंचायत समिति सदस्य श्रीमती जमना देवी, सुरेश कुमार माली, सत्यम माली, प्रिंस माली, लक्ष्मण घांची, नारायण मीणा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के तहत ग्राम पंचायत आमथला में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर में भाग लिया। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को पूर्ण संवेदनशीलता एवं गंभीरता का साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 19 परिवेदनाएं प्राप्त हुई। जिन्हें संबंधित विभाग को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया। उपखंड अधिकारी आबूपर्वत गौरव रविन्द्र सालुंखे, प्रशिक्षु आरएएस नरेन्द्र जांगिड, तहसीलदार डुंगरमल, विकास अधिकारी पुखराज सरेल एवं अति. विकास अधिकारी भंवरलाल सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 'परवाह' के संबंध में विभिन्न संगठनों के साथ बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला परिवहन अधिकारी रजनीश विद्यार्थी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा अभियान 'परवाह' के संबंध में आम जन में जागरूकता के लिए जिले में संचालित समस्त वाहन विक्रेता, पीयूसी सेंटर्स, ईचार्ज टोल प्लाजा, फिटनेस सेंटर्स एवं टेक्सी यूनियन के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला परिवहन अधिकारी द्वारा सभी को पाबंद किया कि उनसे संबंधित सेवा के लिए आ रहे दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए समझाईश की जाए तथा चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से पहनने के लिए अनुरोध करें। जिसमें सभी उपस्थित लोगो ने उनके पास सेवा प्राप्ति के लिए आ रहे आम जन को यातायात नियमों का पालन करवाने में सहमति जताई। शिवगंज टेक्सी यूनियन अध्यक्ष श्रवण कुमार माली ने बताया कि उनकी यूनियन की तरफसे 100 हेलमेट पुलिस को दिए है। सूजुकी डीलर एवं हीरो डीलर (शो-रूम) द्वारा आईएसआई मार्का के 200 हेलमेट वितरण के लिए देने के लिए सहमति दी गई है।

## परमार बनी सरगरा समाज की महिला प्रदेशाध्यक्ष




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** अखिल भारतीय सरगरा महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संजय पढियार ने सुलोचना परमार को सरगरा समाज राजस्थान की महिला प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सोशल एक्टिविस्ट सुरेश थिंगोर ने बताया कि सुलोचना परमार विविध सामाजिक संगठनों से जुड़कर समाज सेवा, महिला जागृति व सशक्तिकरण के क्षेत्र में लंबे समय से कार्य कर रही है। सुलोचना को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर सरगरा समाज के विविध संगठनों, समितियों, समाज बंधुओ व नारी शक्ति संगठन ने राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त कर हर्ष जताया।

## प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री गहलोत ने शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने गुरुवार को बाबा रामदेव होटल ग्रुप के रघुभाई माली के बड़े भाई लालाराम पुत्र पुनमाराम माली के निधन पर उनके निवास भाटकड़ा में जाकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने लालाराम माली के तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर परिवार जनों के समक्ष सांत्वना व संवेदना प्रकट की। गहलोत के साथ भाजपा जिला प्रभारी राजेंद्र कुमार गहलोत, आबू पिंडवाड़ा के विधायक समाराम गरासिया, प्रेम गहलोत, पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष भुबाराम माली, घनश्यामलाल माली, धनाराम माली, नारायण देवासी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणपतसिंह, महिपालसिंह, बाल कल्याण विभाग के राजेंद्र पुरोहित, पूर्व सभापति ताराराम माली, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल माली, कालूराम माली, आशापुरा मंदिर टेकरी ट्रस्ट अध्यक्ष छोगाराम माली, कोषाध्यक्ष गोमाराम माली, महेंद्र प्रजापत, नगर अध्यक्ष महेंद्र कुमार माली, बाबूसिंह मंकरोड़ा, खेताराम माली, विहिप जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली, माली समाज सेवा संस्थान 14 परगना सिरोही अध्यक्ष हीरालाल माली, राजेंद्र कुमार, भंवरलाल माली, शांतिलाल माली, मोहनलाल माली, नवाराम



माली, भगाराम माली, अशोक माली, पार्षद गोविन्द माली, लोकेश खंडेलवाल, अनिल प्रजापत आदि मौजूद थे। इस दौरान रघु भाई मगनलाल, दलाराम, मनोज कुमार, भगाराम, प्रकाश एवं सवाराम, चम्पत, ललित, योगेश, हिमांशु, वरदाराम, जसवंतए एवं अभिषेक ने सभी का आभार जताया।

## हैल्पिंग-डे के रूप में मनाया जाएगा डांगी का जन्मदिन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** राज्य सभा सासंद नीरज डांगी का जन्मदिन शनिवार को हैल्पिंग डे के रूप में मनाया जाएगा। पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष जेपीसिंह के अनुसार कांग्रेस जनप्रतिनिधियों, नगर कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की ओर से नगर कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजित होगा। कार्यक्रम का संयोजक पूर्व पार्षद दिनेश मेघवाल, नगर अध्यक्ष अमित जोशी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हाजी वजीर पठान को बनाया गया है। मेघवाल के अनुसार विकलांग, असहाय, जरुरतमंद महिलाओं, वृद्धजनों, बालिकाओं व बच्चों की



सहायता की जाएगी। नगर अध्यक्ष जोशी ने तैयारी का जायजा लिया। शनिवार सुबह स्टेशन दरगाह, आनंदेश्वर महादेव मंदिर, गुरुद्वारा व चर्च में कार्यक्रम होंगे। डांगी के जल स्वस्थ होने की प्रार्थना की जाएगी। बैठक में पार्षद सुमित जोशी, सेवादल अध्यक्ष जसराम बोस, उप प्रधान ललित सांखला, राजेंद्र सैनी सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव जितेंद्र मारू आदि उपस्थित थे।

### मनाएंगे अवतरण दिवस

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में राज्यसभा सांसद डांगी का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बंजारा के अनुसार शनिवार को दोपहर दो बजे मानपुर के ज्ञानदीप भवन में कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें मंडल अध्यक्ष, पार्षद, पंच, सरपंच,अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## सर्दी के मौसम में नहीं बरतें लापरवाही, बदलते मौसम में रखें सेहत का ध्यान : सीएमएचओ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सिरोही।** तापमान गिरने के साथ मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। बदलते मौसम में सेहत का ख्याल रखना आवश्यक है। क्योंकि सर्दी में शरीर की रोक निरोधक क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में कई सावधानियां बरतने की जरूरत होती है। जिसका ख्याल रखना आवश्यक होता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् राजेश कुमार ने बताया कि इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव आ रहा है। दिन में पारा सामान्य तो रात और सुबह के समय सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। जरा सी भी लापरवाही आपको बीमार बना सकती है। सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार ने बताया कि मौसम के मिजाज में तेजी से परिवर्तन तथा तापमान में हुई कमी के कारण मौसम में आ रहा यह बदलाव से सर्दी जुकाम के साथ अन्य बीमारियों का भी कारण बन सकता है। इसलिए बदलते मौसम में सेहत का ख्याल रखें।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है असर

*सीएमएचओ ने बताया कि बदलते मौसम में रोग प्रतिरोधक क्षमता इम्यून सिस्टम कम हो जाती है। ऐसे में सर्दी जुकाम और बुखार की परेशानी आम बात है। खानपान तथा रहन-सहन के मामले में खास ध्यान देने की जरूरत होती है। सर्दी होने पर गर्म पेय पदार्थों का सेवन अधिक करना चाहिए। गर्मी होने पर खूब पानी और अन्य पेय पदार्थों का सेवन करना चाहिए। ऐसे मौसम में वायरल बुखार के मामले सबसे अधिक बढ़ते हैं। बड़ों के साथ बच्चे भी वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं।*

### बदलते मौसम में बरतें ये सावधानियां

*सीएमएचओ ने बताया कि बदलते मौसम में संक्रमण का खतरा होता है। अगर सिर दर्द या बुखार महसूस हो तो अपनी मर्जी से दवा न लें। विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह से ही लें। सुबह की सैर के साथ-साथ योग भी अच्छा व्यायाम होता है। बदलते मौसम में नियमित योग करना चाहिए। मौसम बदलते समय खांसी एवं फेफड़ों से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इससे पीड़ित मरीज को रोजाना भाप लेने के साथ नमक मिले गुनगुने पानी से गरारे करना चाहिए।*

## डा. आशा राणा ने नेमाटोलॉजी के क्षेत्र में हासिल की एक और उपलब्धि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर और प्रसिद्ध नेमाटोलॉजिस्ट डॉ. आशा राणा ने नेमाटोलॉजी के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में नोवा पब्लिकेशन, यूएसए द्वारा प्रकाशित उनकी संपादित पुस्तक 'स्टडीज ऑफ एंटोमोपैथोजेनिक नेमाटोड्स एंड देयर बिहेवियर' का विमोचन किया गया। यह पुस्तक कीट नियंत्रण के जैविक समाधानों और एंटोमोपैथोजेनिक नेमाटोड की जटिल पारिस्थितिकी पर केंद्रित है। यह पुस्तक उन सूक्ष्म नेमाटोड्स की दुनिया का गहन अध्ययन प्रस्तुत करती है जो कीटों को सं' मित करके मार देते हैं। यह प्रकाशन शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और छात्रों के लिए एक व्यवहारिक मार्गदर्शिका प्रदान करता है। पुस्तक में कीट प्रजातियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले प्रमुख



कीटों के जैविक नियंत्रण पर चर्चा की गई है। डॉ. आशा राणा ने पुस्तक का संपादन अपने सह-संपादकों इस्तखार राव और डॉ. आशीष के सिंह के साथ किया है। माधव विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. राजकुमार ने पुस्तक को छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बताते हुए विश्वविद्यालय पुस्तकालय में शामिल करने की घोषणा की। विवि के चेयरपर्सन हिम्मतसिंह देवल, प्रो. चेयरपर्सन डॉ. बी.के. गौतम, प्रेसिडेंट डॉ.राजीव कुमार माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज संकाय के अधिष्ठाता डॉ. जीगर सोनी और बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज संकाय के ने डॉ. राणा को बधाई दी।



## रेखा यादव ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर सदस्य सचिव के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अध्यक्ष सतीश चंद के मार्गदर्शन में 2 जनवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर की सचिव एडीजे रेखा यादव ने जिले में पीडित महिलाओं की सहायता हेतु महिला अधिकारिता विभाग द्वारा निर्भया योजना के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव यादव द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा पीडित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया एवं वन स्टॉप सेंटर द्वारा संधारित रजिस्टरों का अवलोकन किया। सर्दी के मौसम को देखते हुए सर्दी से बचाव व गर्म पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। वन स्टॉप सेंटर में आवासित सभी महिला व बालिकाओं से भी पूछताछ कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशानुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। सचिव यादव ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में पीड़ित महिलाओं के विधिक सहायता अर्थ एवं उनकी सुरक्षा हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर संचालित किये गये हैं। पीड़ित एवं जरूरतमंद महिलाओं को सखी सेन्टर द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए। सखी वन स्टॉप सेन्टर के अन्तर्गत सभी प्रकार की हिंसा से पीडित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर अस्थाई आश्रय, पुलिस डेस्क, विधिक सहायता, चिकित्सा एवं काउन्सलिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टेनो राहुल डण्डौतिया, कनिष्ठ सहायक सुरेन्द्र सिंह व वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ मौजूद रहा।

## विशाल निःशुल्क रोग निवारण शिविर में 10 वें दिवस उमड़े रोगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बांरा।** मांगरोल बाय पास रोड अन्नपूर्णा माता मंदिर परिसर जन सहयोग से आयोजित 156वां विशाल नि:शुल्क रोग निवारण शिविर 11 वे दिवस गुरूवार को प्रात: 9 बजे आचार्य ने संजय गोयल, राधेश्याम राठौर सपत्निक द्वारा बाबा महाकाल की पूजा अर्चना करवाकर शिविर का शुभारंभ



करवाया। शिविर के संयोजक राधेश्याम राठौर ( पंडियार) ने बताया कि 23 दिसम्बर से शुरू हुए शिविर में गुरूवार को सवेरे से भंयकर कोहरा धुंध रहने से सवेरे मरीजों की परामर्श की भीड़ नजर आई सवेरे 9 बजे से पुरूषों महिलाओं की लम्बी कतार लगने से पूरे दिन हजारों की संख्या में रोगियों की भीड़ उमड़ी जिन्होंने वैद्य संत रावल बाबा से परामर्श लेकर औषधि ली और काढ़ा पिया। कई रोगी दवाई पीने के लिए गिलास साथ में लेकर आए।शिविर प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि रोगियों का सभी प्रकार के रोग जैसे-जिसमें लकवा, पोलियो, दमा (श्वास), साइटिका, जोड़ो का दर्द, पेट रोग, ब्लड, शुगर, पाइल्स (मस्सा), आँख रोग, चर्म रोग, सफेद दाग, सोरायसिस, मानसिक रोग, महिलाओं-पुरूषों के गुप्त रोग व बाँझपन का आयुर्वेदिक एवं देशी जड़ी बुटियों द्वारा नि:शुल्क रोग का संत बाबा रावल द्वारा निवारण कर औषधि दी उन्होंने रोगियों से शिविर स्थल में आकर औषधि ग्रहण करेगा शिविर प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा। शिविर में सायं 5ः00 बजे बाद शिविर के मुख्य यजमान ने बाबा महाकाल की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शिविर में प्रेम यादव,संजय राठौर, पवन गालव, विजय यादव, रामसिंह, रिकू हाडा, सौरभ गोयल,अंशुल व्यास, पियूष उपाध्याय, रोशनी राठौर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहते हुए नर सेवा नारायण सेवा में भागीदारी निभाई।

## एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने पीथीसर एवं बालरासर आथूणा ने सुनीं जन समस्याएं

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने गुरुवार को पीथीसर एवं बालरासर आथूणा में आयोजित में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर बिजेन्द्र सिंह ने जनसुनवाई में अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने विभाग की योजनाओं और सेवाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करें और यह सुनिश्चित करें कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक इन सेवाओं-योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो। उन्होंने संपर्क पोर्टल, सीएमओ-पीएमओ प्रकरण, रात्रि चौपाल, जन सुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का समय पर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सडक, ग्रामीण विकास, राजस्व विभाग से संबंधित परिवेदनाओं हेतु प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किए। ग्राम पंचायत बालरासर आथूना के सरपंच श्योराम एवं समस्त ग्रामीणों ने जनसुनवाई में बताया कि 11 केवी का बिजली का खंभा विद्युत विभाग ने बहुत पहले लगा दिया है लेकिन आदिनांक तक तार नहीं खींचे हैं। एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने जेडीवीवीएनएल के एक्सईन से दूरभाष पर वार्ता कर आज शाम तक समस्या के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। एसडीएम ने बालरासर आथूना में खेल मैदान का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर प्रशिक्षु आरएएस साक्षी पुरी, निजी सहायक सुरेश कुमार, पटवारी मनसा गुर्जर, कनिष्ठ सहायक राजपाल एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# धन के अभाव में क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को पीछे नहीं रहने दिया जाएगाः भामाशाह भार्गव

### नोहर में फुटबॉल रोजी-रोटी से भी जुड़ा हैः रामकुमार स्वामी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** अखिल भारतीय दशहरा फुटबॉल प्रतियोगिता समिति के तत्वावधान में स्थानीय बिहाणी स्टेडियम में खेली जा रही दशहरा फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को रोमांचकारी मुकाबले हुये। प्रतियोगिता का पहला मैच जिंक फुटबॉल एकेडमी उदयपुर व झझर फुटबॉल क्लब झझर के बीच खेला गया। जिसमें उदयपुर की टीम 2-1 से विजयी रही। दूसरा मैच भूना व उत्तराखंड के बीच खेला गया। जिसमें भूना की टीम 1-0 से विजयी रही। गुरुवार को हुये मुकाबलों में अतिथि के रूप में भामाशाह महेश भार्गव व उनकी धर्मपत्नी अनीता भार्गव, निकिता, आर्यन भार्गव, जिला फुटबॉल संघ के पूर्व सचिव रामकुमार स्वामी, उप प्रधानाचार्य राजेन्द्र कासोटिया थे। गुरुवार को हुये दोनों मैच रोमांच व संघर्ष से भरे थे। उदयपुर व झझर के बीच हुआ मुकाबला कांटे का रहा। निर्धारित समय तक दोनों टीम बराबर के स्कोर पर रही। मैच का फैसला अतिरिक्त समय में हुआ। मध्यांतर से पहले उदयपुर टीम के खिलाड़ी विश्वजीत ने गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। मगर मध्यांतर के बाद झझर की



टीम के खिलाड़ी तनिश ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबर रहने पर अतिरिक्त समय दिया गया। अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में उदयपुर के खिलाड़ी विशाल ने गोल करके टीम को 2-1 से विजय दिला दी। भूना व उत्तराखंड के मध्य खेला गया मैच संघर्ष भरा रहा। जिसमें भूना के खिलाड़ी मोहन ने गोल किया। यह गोल विजयी गोल साबित हुआ। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि उत्साह व जौश से लबरेज दर्शकों की भीड़ खिलाडियों को उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ फुटबॉल के प्रति अपने प्रेम को बया कर रही है। फुटबॉल खेल को लेकर समय-समय पर आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं से फुटबॉल खेल नोहर की पहचान बन गया है। वक्ताओं ने कहा कि नोहर के फुटबॉल खिलाडियों ने सीमित सुविधाओं के बावजूद अपने खेल कौशल की बदौलत नोहर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि नोहर में फुटबॉल रोजी-रोटी से भी जुड़ा हुआ है। इस खेल के माध्यम से सैकड़ो खिलाडियों ने अपना करियर बनाया है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विनोद गोल्याण, संयोजक शशिकांत शर्मा, सचिव रामकुमार सैनी, कोषाध्यक्ष पवन कन्दोई, पार्षद छोटू सेवग, मीडिया प्रभारी जयकिशन वर्मा, उपाध्यक्ष जुल्फिकार पठान, अम्बेडकर नवयुवक संघ के अध्यक्ष राधेश्याम जोईया, मूरलीधर छिम्पा, कासम अली पीटीआई, रतन लाल अरोड़ा, जगदीश माकड़, इल्मूद्दीन पठान, गुलफाम खान, अमित सांखी, गुगन सिहाग, ओम लालवानी आदि उपस्थित थे।

**2 लाख 51 हजार का दिया सहयोग:** गुरूवार को अतिथि के रूप में मौजूद भामाशाह महेश भार्गव ने कहा कि धन के अभाव में क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को पीछे नही रहने दिया जाएगा। क्षेत्र के खिलाड़ियों ने सदैव अपने बेहतरीन खेल के माध्यम से नोहर का नाम रौशन किया है। खेल सुविधाओं को बढ़ाने के लिये वे हर संभव सहयोग को तैयार है। महेश भार्गव ने आयोजन समिति को साधुवाद देते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता क्षेत्र में फुटबॉल खेल को और अधिक बढ़ावा देने में नींव का पत्थर साबित होगी। इस मौके पर उन्होंने आयोजन समिति को 2 लाख 51 हजार का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की।

**विजेता टीम को मिलेगा 1 लाख 1 हजार का नगद पुरस्कार :** प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की 15 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख 1 हजार रुपये नगद व उप विजेता टीम को 71 हजार रुपये नगद व ट्रॉफी दी जाएगी। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 21 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता का समापन 5 जनवरी को होगा।

## स्कूली बच्चों को कोड चूरू कार्यक्रम में इनरोल करें : सुराणा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले के रतनगढ़ उपखंड की बछरारा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आईटी सेंटर में आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को अधिकाधिक संख्या में कोड चूरू कार्यक्रम में इनरोल करें। जिले में कोड चूरू कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों को डिजीटल शिक्षा, सॉफ्टवेयर डवलपमेंट व आईटी आधारित शिक्षा दी जाती है। साथ ही कैरियर चुनाव के बेहतरीन अवसर भी उपलब्ध होते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों को जागरूक करते हुए कोड चूरू में इनरोल करने की अपील की।

## जवाहर स्कूल द्वारा मेकअप और व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** स्थानीय विद्यालय सुरजी देवी काबरा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय और जवाहर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत 10 दिवसीय ऑन-जॉब ट्रेनिंग का आयोजन एम डी अकेडमी में किया गया।



इस ट्रेनिंग में छात्राओं को हर दिन एक नई क्लास दी गई, जिससे उन्हें व्यावसायिक कौशल में सुधार करने का अवसर मिला। 1 जनवरी 2025 को नया साल सेलिब्रेट करते हुए, छात्राओं द्वारा मेकअप प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस प्रतियोगिता में सुरजी देवी काबरा बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य मदनलाल चौधरी और व्यावसायिक प्रशिक्षिका अलका शर्मा, सुमन, भगवान, और प्रतियोगिता के जज के रूप में प्रिया, शिक्षिका न तथा एम डी अकेडमी के ऑर्नर शशिकान्त उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के परिणाम स्वरूप, मेकअप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्वेता, द्वितीय स्थान पर ऊषा और तृतीय स्थान पर रेखा और अमरिन रही। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रुबिना, द्वितीय स्थान पर मीनाक्षी और तृतीय स्थान पर पिंकी को पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह ट्रेनिंग 4 जनवरी 2025 को मेकअप प्रतियोगिता के साथ समाप्त होगी।

# चाइनीज मांझा काट रहा उड़ते पक्षियों की जिंदगी की डोर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** चाइनीज मांझे की वजह से आये दिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट ने चाइनीज मांझे का इस्तेमाल नहीं करने के लिए लोगों को जागरूक करने के प्रयास किए। अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, क्लब सचिव लॉयन रचित नंदवाना, लॉयन मुरलीधर गोयल, लियो क्लब सचिव लियो कुणाल शर्मा, उपाध्यक्ष लियो अविनाश जैन, लियो तरुण सोनी, विष्णु मोयल ने शहर में जगह जगह लोगों को चाइनीज मांझे से होने वाले नुकसान तथा इसके विकल्प की जानकारी से युक्त पेम्पलेट वितरित कर इस जानलेवा मांझे का बहिष्कार करने की अपील की।

लॉयन राम काबरा ने बताया चाइनीज मांझा मनोरजंन नही मौत का सामान है। यह बेजुबान पशु पक्षियों के साथ इंसानों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है। इसे बनाने में नायलॉन, मैटेलिक पाउडर एवं जहरीले रासायनिक पदार्थों का उपयोग होता है। जिसकी वजह से पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वही मेटल युक्त इस मांझे से करंट आने का खतरा भी रहता है। इसे तेज धार वाला बनाने के लिए कांच एवं लोहे के चूरे का प्रयोग किया जाता है। जिसकी वजह से आए दिन बेजुबानो की जिंदगी की डोर कट रही है। इसका उपयोग प्रतिबंधित है एवं एक दंडनीय अपराध है। फिर भी इसकी बिक्री एवं इस्तेमाल धड़ल्ले से हो रहा। इसी को देखते हुए लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट द्वारा चायनीज मांझे के बहिष्कार के प्रति लोगों को जागरूक करने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। कुछ दिन पहले प्रशासन ने भी चाइनीज मांझे वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश पारित किए थे।

# जिला कलक्टर ने सरकारी कार्यालयों में सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के दिए दिशा-निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ.आर्तिका शुक्ला ने आज थानागाजी क्षेत्रा का दौरा कर



उपखण्ड कार्यालय का निरीक्षण व जनसुनवाई की तथा पुलिस थाना, सीएचसी, रीपूकाबास सरकारी स्कूल में आईसीटी लैब एवं इंदौक में पीएम कुसुम योजना का फील्ड निरीक्षण सहित सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर उपखण्ड अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को सरकारी कार्यालयों में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप में संचालित रखने, आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण करने एवं पात्रा लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित कराने के निर्देश दिये।

**उपखण्ड कार्यालय का निरीक्षण व की जनसुनवाई:** उन्होंने थानागाजी के उपखण्ड कार्यालय, तहसील कार्यालय, पंचायत समिति, उपकोष कार्यालय का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत उपखण्ड स्तर पर आयोजित जनसुनवाई एवं सम्पर्क पोर्टल पर आने वाली आमजन की परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में निस्तारण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि रजिस्टर, पत्रावलियां आदि का नियमित रूप से संधारण करे। कार्यालय में ई-वर्क को अपनाते हुए ई-पेपर का यूज करें।

**नारायणपुर चौराहा का 26 जनवरी तक करावे सौन्दर्यकरण:** उन्होंने उपखण्ड अधिकारी व नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिये कि थानागाजी कस्बे में थैंक्यू बोर्ड के पास स्थित नारायणपुर चौराहे का 26 जनवरी तक सौन्दर्यकरण का कार्य करावे।

**जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनाः** उन्होंने उपखण्ड कार्यालय थानागाजी में आमजन की विद्युत, पेयजल, सडक आदि की परिवेदनाओं को सुनकर उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया कि फरियादियों की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें सूचित करें। जनसुनवाई में ग्राम भागडोली के ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को ट्रांसफार्मर के खराब होने से पेयजल संकट उत्पन्न होने से अवगत कराया। जिस पर जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि आज ही नया ट्रांसफार्मर रखवाए। उन्होंने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिये कि नगर पालिका क्षेत्रा में साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार करें तथा पेयजल व्यवस्था को सुचारू रखे। उन्होंने आमजन से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं में लाभ का फीडबैक लेते हुए कहा कि अपने आसपास के लोगों को इन योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें भी इन योजनाओं से लाभांवित करावे।

**सीएचसी व पुलिस थाने की सभी व्यवस्था पुख्ता रखने के दिए निर्देश:** उन्होंने थानागाजी क्षेत्रा में सीएचसी का निरीक्षण कर ओपीडी, भर्ती वार्ड, दवा वितरण केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर चिकित्सालय की सुविधाओं का फीडबैक लिया।



### प्रवर्तन कार्रवाई के तहत लापरवाही बरतने पर की गई चालान करने की कार्रवाई

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दूसरे दिन वाहन चालकों की नेत्र जांच की गई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि परिवहन एवं सडक विभाग द्वारा 'अलवर परवाह' की थीम पर 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के दूसरे दिन आज परिवहन विभाग द्वारा महवा टोल, मालाखेडा पर चिकित्सा विभाग के सहयोग से नेत्रा जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 70 से अधिक हल्के एवं भारी वाहन चालकों के नेत्रों की जांच की गई। शिविर में परिवहन निरीक्षक अमित भारद्वाज एवं श्रीमती दुलारी सैनी ने परिवहन से संबंधित जानकारी दी तथा नेत्रा विशेषज्ञ डॉ. सक्सेना व कंपाउडर कमल सैनी ने नेत्रा जांच की। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग के उडन दस्ते द्वारा आमजन में लर्निंग लाइसेंस एवं स्थायी लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया के बारे में में व जिले में लगभग 190 आम नागरिकों को सडक सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा एवं गुड सेमेरिटन नियमों की जानकारी दी तथा 170 पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न श्रेणी के 25 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 11 बिना सीटबेल्ट, 74 बिना हेलमेट वाहन संचालन, 1 मोबाइल पर बात करने पर, 16 तीन सवारी से अधिक होने, 13 बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्रा संचालित वाहन, 83 निर्धारित गति से अधिक वाहन चलाने एवं 36 नो पार्किंग संबंधित चालान किए गए। जिला परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार यादव, सार्वजनिक निर्माण विभाग एनएच के अधिशाषी अभियंता वेदप्रकाश परिवहन निरीक्षक ग्रेस कुमार अग्रवाल ने राष्ट्रीय राजमार्ग हनुमान सर्किल से नौगांवा रामगढ तक तथा अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी इंदु मीणा, रिडकोर के परियोजना निदेशक पंकज मुदगल एवं आरपीएस श्रीमती मनीषा मीणा द्वारा राज्य राजमार्ग अलवर से राजगढ का ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर संयुक्त निरीक्षण किया।

## जिला कारागृह में अणुव्रत कार्यशाला का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर गुरूवार को अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी द्वारा प्रकाशित अणुव्रत कैलेंडर 2025 का जिला कारागार में जेल अधीक्षक नरेंद्र कुमार स्वामी द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर जिला कारागार चूरू में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों



को अपना जीवन स्तर सुधारने तथा एक उत्कृष्ट मनुष्य बनने हेतु प्रेरित किया गया। समिति अध्यक्ष रचना कोठारी द्वारा अणुव्रत का महत्व समझाते हुए बंदियों को बताया कि कैसे हम छोटे छोटे नियमों से अपने जीवन को अच्छा बना सकते है। जेल अधीक्षक स्वामी द्वारा समिति के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि अणुव्रत का मूल मंत्र संयम ही जीवन है, इसलिए अपने जीवन को संयमित बनाना आवश्यक है और जेल में रहकर भी बंदी कैसे अपनी जीवनशैली सुधार सकते हैं। समिति मंत्री एडवोकेट ताहिर खान ने बंदियों को अणुव्रत के नियमों से संकल्पित करवाया। इस अवसर पर डॉ.एफ एच गौरी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी कोठारी, यश कोठारी, जयप्रकाश बागोरिया उपस्थित रहे, कार्यक्रम की व्यवस्था तथा कार्यक्रम संयोजक उप-कारापाल दिलीप कुमार रहे।

## डा.बी.एल नायक को आईएमए राष्ट्रीय प्रेसिडेंट सराहना अवार्ड मिलने पर किया अभिनन्दन

**चूरू।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में आयोजित इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन की 99 वीं आल इंडिया कांन्फ्रेंस में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय व अद्वितीय कार्य करने पर



इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन चूरू के पूर्व अध्यक्ष डॉ.बी.एल.नायक को आईएमए राष्ट्रीय प्रेसिडेंट सराहना अवार्ड से सम्मानित किये जाने पर डॉ. नायक के द्वारा चूरू जिले को राष्ट्रीय स्तर पर गोरवान्वित करने पर राजस्थान नायक समाज संयुक्त महासंघ जिला चूरू राजस्थान जिलाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद नायक एवं सर्व समाज के नेतृत्व में माल्यार्पण एवं शाफा व शॉल पहनाकर मिठाई के माध्यम से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा डॉ. नायक के उज्जवल भविष्य स्वस्थ जीवन एवं दीघार्यु की कामना की गई । डॉ. नायक का स्वागत एवं अभिनंदन करने वालों में राजस्थान नायक समाज संयुक्त महासंघ जिला चूरू राजस्थान जिलाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद नायक एवं सर्व समाज के मेघवाल समाज के पूर्व महासचिव श्रवण बसेर, किशनाराम बाबल, अध्यक्ष वन विहार विकास समिति जिला चुरु,एडवोकेट सद्दाम हुसैन, एडवोकेट जयसिंह नायक,कैलाश सैनी, राहुल बसेर, एडवोकेट निर्मल बसेर,फारुख खान,जगदीश गुडेसर,हिरालाल नायक सालासर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## महिला से मारपीट और डकैती मामले में फरार अपराधी गिरफ्तार

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिले की पुलिस ने डकैती के एक गंभीर मामले में वांछित 5000 रुपये के इनामी अपराधी अनिल श्योराण को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।गांव कलवानी के बाहर स्थित एक मकान में 22 अप्रैल 2024 की रात करीब 12 बजे घुसकर अपराधियों ने अकेली महिला के साथ मारपीट की। महिला को बंधक बनाकर उसके पहने हुए और घर में रखे हुए गहने लूट लिए। इस घटना के बाद थाना डीडवाना में आरोपियों के खिलाफ मारपीट और लुट का मामला दर्ज करवाया गया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी।पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद (आईपीएस) के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु शर्मा तथा वृताधिकारी धरम पूनियां के निकट सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई।

# सोलह लाख रुपए की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी थाना क्षेत्र में 16 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी भीलवाड़ा निवासी देवीलाल पुत्र रामाजी तेली को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी हरिसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित टीम ने पांच दिन तक मुंबई में तलाश की और आरोपी को आइसक्रीम बेचते हुए पकड़ा। पीड़ित सुरेश सिंह पुत्र धन्नाराम जाट और मोतीलाल पुत्र डोवरजी जाट ने शिकायत में बताया कि उन्होंने 2021 में रायडा और चने की फसल व्यापारी देवीलाल को बेची थी। शुरुआत में देवीलाल ने कुछ राशि का भुगतान किया, लेकिन 16 लाख रुपए की शेष राशि नहीं चुकाई। दो वर्षों तक देवीलाल ने बहाने बनाए और पैसे लौटाने से बचता रहा। आखिरकार, पीड़ितों ने देसूरी थाने में मामला दर्ज कराया।



**मुंबई में आइसक्रीम बेचते मिला आरोपी**

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी फरार होकर कभी हिमाचल और कभी मुंबई में जाकर आइसक्रीम बेचने का व्यवसाय कर रहा था। पुलिस की टीम ने पांच दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि देवीलाल किसानों को अपने झांसे में लेने के लिए शुरू में बाजार से अधिक कीमत पर फसल खरीदता था। इस भरोसे से किसान उसके जाल में फंस जाते थे। वह कुछ रकम चुकाकर विश्वास बढ़ा लेता और फिर बड़ी राशि बकाया रखकर फरार हो जाता।

# पाली में सर्दी से मिली राहत

**न्यूनतम तापमान दो डिग्री बढ़कर 11 डिग्री पहुंचा**

**पाली।** पाली में गुरुवार सुबह सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों में नहर पुलिया रोड से गुजरता एक साईकिल सवार। न्यूनतम और अधिकतम तापमान बढ़ने से पालीवासियों को गुरुवार को सर्दी से कुछ राहत मिली है। कोल्ड वेव की स्पीड भी कम हुई। न्यूनतम तापमान में दो और अधिकतम तापमान में चार डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई। पाली शहर में गुरुवार सुबह की बात करे तो हल्की सर्दी रही। ओस की बूंदे खुले में पड़ी गाड़ियों पर जमी नजर आई। शहर के नहर पुलिया, सूरजपोल, कॉलेज रोड पर चाय की थड़ियों पर अलाव तापने के साथ चाय की चुस्कियां लेते शहरवासी नजर आए। सुबह के समय शहर की सड़कों पर लोगों की आवाजाही भी कम देखने को मिली। आवश्यक काम से निकले लोग भी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। मौसम विभाग की माने तो अगले चार दिन तक सर्दी में से कुछ राहत मिलेगी। सात जनवरी से सर्दी बढ़ने की

# चाइनीज मांझे पर कार्रवाई

**▶▶ पालिका प्रशासन ने दुकानों से 80 नग फिरकी व दो थैले चाइनीज मांझा जब्त**

**सुमेरपुर।** नगर पालिका प्रशासन ने गुरुवार को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में नगर की दुकानों से चाईनीज मांझे की जब्ती की कार्रवाई की। उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सुमेरपुर के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार प्रतीक शर्मा के नेतृत्व में पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक यशवंत परिहार व अन्य कर्मचारियों की टीम ने पतंग व मांझा बेचने वाली दुकानों पर पहुंचे। टीम ने मुख्य बाजार एवं अन्य जगहों पर संचालित मांझे की दूकानों पर बेचने के लिए रखा गया प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त किया। एसआई परिहार ने बताया कि इस कार्रवाई में कुल 80 नग फिरकी एवं दो थैले चाइनीज मांझा जब्त कर दुकानदारों को पाबंद किया कि यदि चाइनीज मांझा बेचते हुए दुबारा देखा गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ईओ राजपुरोहित ने व्यापारियों से अपील की कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझें का क्रय-विक्रय नहीं करें एवं आमजन से कहा कि यदि कोई चाइनीज मांझा बेच रहा हो तो उसकी सूचना पालिका प्रशासन को देवें।



**चाइनीज मांझा घातक : ईओ**

ईओ राजपुरोहित ने बताया कि चाइनीज मांझा पशु-पक्षियों एवं आमजन के लिए बहुत की घातक हैं। इस मांझे से कई पक्षी मर गए हैं। वाहन चालक भी इस मांझे के चपेट में आकर घायल हुए हैं। इससे कई दुघर्टनाएं भी होने की संभावना रहती हैं। जब्ती की कार्यवाई आगामी दिनों में भी जारी रहेगी। इस मौके पर कर्मचारी मुकेश दत्ता, पृथ्वीसिंह, जमादार राजु के., मुकेश एम, वाहन चालक पारस राव, कैलाश कुमावत उपस्थित रहें।

# मुहनोत बने एमडीआरटी मेंबर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** फालना निवासी अशोक कुमार विमल चंद मुहनोत करीब 32 वर्षों से भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता के रूप में कार्य प्रारंभ किया लगातार 14 वर्षों से एमडीआरटी और एक बार सीओटी की पात्रता हासिल की।

22 वर्षों से करीब चेयरमैन क्लब सदस्य आज तक करीब 3000 पॉलिसियां की है और मेडिक्लेम मैं स्टार हेल्थ इंश्योरेंस वह नीवा मुपा मैं अपनी पहचान बनाई है। इस अवसर पर उनके अपने शहर में बधाई देने वालों में जैन संघ के अध्यक्ष अरूण चौधरी विकास अधिकारी मांगीलाल सुथार, महेश नाहटा, अमित मेहता, संदीप सिंघवी, मनोज बंबोली, संजय सिरोया शैलेश बोहरा, पारस मल राका, रमेश राणावत, जगदीश मेहता, प्रवीण मेहता, श्रीपाल राणावत मुंबई, मनोज कोठारी, दिलीप कवाड पूना, दिनेश परमार, बिक्रम परमार कर्जत, दीपक जैन बैंगलोर आदि लोगों ने बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।




# शांति भंग करने पर आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** मगरतलाब गांव में शांति भंग करने की शिकायत पर खिमाडा थाना कार्यवाहक थाना प्रभारी परमिंदर सिंह द्वारा संपतलाल को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर उपखंड अधिकारी देसूरी को पेश करने के दरमियान मगरतलाब पूर्व उपसरपंच घीसुसिंह के नेतृत्व में मंजू पत्नी महेंद्र कुमार जाति मेघवाल निवासी मगरतलाब तहसील देसूरी के साथ दर्जनों लोग गुरुवार को उपखंड कार्यालय पहुंचे एवं पुलिस द्वारा गिरफ्तार व्यक्ति संपतलाल किजमानत नहीं लेने कि गुहार लगाई । इस दरमियान श्रीमती मंजू देवी ने अपनी जान का खतरा बातते हुए कई आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त व्यक्ति की जमानत अगर होती है मुझे और मेरे परिवार जान का खतरा है। तत्पश्चात दर्जनों लोग वकील चंदन सिंह के साथ-थाना खीमाडा पहुंचे एवं मुकदमा दर्ज करने कि रिपोर्ट दी हैं । वहीं खीमाडा कार्यवाहक थाना प्रभारी परविंदर सिंह ने बताया कि गुमशुदा महेंद्र कुमार की गुमशुदी पहले से दर्ज है। वहीं शांति भंग में संपत लाल को पहले से गिरफ्तार कर माननीय उपखंड अधिकारी देसूरी को पेश कर दिया गया है। न्यायालय जो भी उचित समझे वह कार्यवाही करेंगे। इस अवसर पर एडवोकेट चंदन सिंह , एडवोकेट जितेंद्र सिंह, पूर्व उपसरपंच घीसूसिंह, हरपाल सिंह, चंपावत मंजू देवी, मेघवाल उसके बच्चे, मंजू देवी का भाई सहित दर्जनों मगरतलाब निवासी 36 कौम के व्यक्ति मौजूद रहे।



# नि : शुल्क जन कल्याण शिविर आयोजित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** निःशुल्क जन कल्याण शिविर ग्राम पंचायत फालना गांव में आयोजित हुआ। यह शिविर माननीय राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत के नेतृत्व में फालना गांव सरपंच करण सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में नरेंद्र सुथार करनवा अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा सेवाड़ी मंडल द्वारा भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में आयुष्मान कार्ड 16, पीएम किसान सम्मान निधि 15, तारबंदी 6, नया पेंशन सत्यापन/ आवेदन 20, जाति प्रमाण पत्र 2, विकलांग पेंशन सत्यापन/आवेदन 7, विकलांग सर्टिफिकेट 7, वृद्धावस्था पेंशन सत्यापन 40, आयुष्मान कार्ड 8, ओपीडी, बी.पी, शुगर 32 आदि वंचित लोगों को लाभ दिलाया गया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी प्रवीण पुरी गोस्वामी, पटवारी भोलाराम, कनिष्ठ सहायक राजेश्वरी कवर, कृषि पर्यवेक्षक कमल कुमार यादव, सी.एच.ए.मनीष पालीवाल, एएनएम नसीम बानो, चंदा अवस्थी, हीरु मेघवाल, मगाराम चौधरी, समाजसेवी गोवर्धन सिंह सोलंकी, पूर्व सरपंच मोतीलाल सांखला, पूर्व सरपंच प्रेम सिंह चौहान, लाल सिंह, मालाराम चौधरी, गोविंद सिंह गहलोत, भूराराम डांगी, चंपालाल माली, शिवनाथ सिंह राजपुरोहित, फगाराम देवासी, केसाराम मेघवाल, पूनाराम चौधरी, मोहनलाल मेघवाल, दुर्गाराम माली व समस्त ग्राम वासी फालना गांव उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत पालड़ी जोड़ में गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई नायब तहसीलदार प्रतीक शर्मा के पर्यवेक्षण व सरपंच महेंद्र सिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें ग्रामवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाएं दर्ज करवाई गई। सरपंच मेवाड़ा ने बताया कि जैन संघ की ओर से परिवेदना आई जिसमें बताया कि पाठनारायण मंदिर पुजारी द्वारा गांव के सार्वजनिक जीवदया पक्षी चुग्गा अनाज भंडार गृह पर कई समय से ताला लगाया गया हैं। जीवदया के हित में भंडार गृह का ताला खुलवाने की मांग की हैं। जिस पर नायब तहसीलदार ने संबंधित पुजारी को पाबंद करवाकर ताला खुलवाने के आदेश ग्राम पंचायत को दिए। जनसुनवाई में सभी ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारीगण व कार्मिक उपस्थित रहें।



# बाली : वकील मंडल भवन में समारोह आयोजित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** वकील मंडल भवन बाली में गुरुवार को एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें वकील मंडल हॉल के निर्माता और दानदाता स्वर्गीय फुलचंद राठौड़ के छायाचित्र का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर भामाशाह सम्मान समारोह और नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वर्गीय फुलचंद राठौड़ के परिवारजन, जिनमें उनके सुपुत्र जयंतिलाल, उनकी पत्नि उमा, पुत्री शिल्पा, जमाई राहुल शामिल थे। इसके अलावा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डा. सिंपल शर्मा और अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेंद्र कुमार का भी बहुमान किया गया। कार्यक्रम में भामाशाह इंदरचंद राणावत फालना, महेंद्र धोखा, बाबूलाल जैन, मेघचंद जैन ने भी स्वर्गीय फुलचंद राठौड़ के परिवारजनों का स्वागत सम्मान किया। जयंतिलाल पुत्र फूलचंद राठौड़ ने वकील मंडल बाली के हॉल के विस्तार की घोषणा की और उसके निर्माण में पूर्णरूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम का संचालन कमल श्री माली ने किया और वकील मंडल बाली के अध्यक्ष दुदाराम चौधरी, सचिव शरीफ खान, पूर्व अध्यक्ष शिवलाल परिहार, अमृत परिहार, भवंरसिंह राजपुरोहित ने भी भामाशाह परिवार का बहुमान किया और उद्घाटन दिया।

# मंदिर में स्टील बेंच व गौशाला में चारा भेंट किया

**सुमेरपुर।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में नगर के राजगुरू सर्कल स्थित खेड़ादेवी मंदिर में चंपा कुंवर पत्नी वक्तावर सिंह एवं उनकी पुत्री न्यूरोसाइंटिस्ट डा. ज्योत्सनसिंह द्वारा अनंत आध्या शक्ति श्री खेड़ादेवी माता मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दो स्टील की बेचें भेंट की गई। साथ ही कामधेनु पुत्र 36 कॉम गौशाला सेवा समिति थलावा जाव सुमेरपुर में एक ट्रॉली हरा चारा गौमाता की सेवा में वितरण करवाया। इस मौके पर पूर्व पार्षद प्रेमचंद बरूत, मुकेश कुमार वैष्णव, वक्तावर सिंह, पुष्पा बरूत, मदन सिंह राजपुरोहित, मंछाराम कच्छवाह एवं गौशाला सेवा समिति के सदस्य, खेड़ादेवी माताजी ट्रस्ट मंडल उंदरी के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहें।



# ट्रांसपोर्ट नगर बाहर स्थापित करवाने की मांग

**सुमेरपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर सिटी के बाहर स्थापित करवाने की मांग को लेकर गुरूवार को सुमेरपुर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के सचिव सत्यप्रकाश गुप्ता ने सीओ जितेंद्र सिंह को उपखंड अधिकारी के नाम से ज्ञापन दिया। सचिव गुप्ता ने बताया कि नगर के अंदर ट्रांसपोर्ट संचालित होने से पिछले लंबे समय से यातायात व्यवस्था चरमरा रहीं हैं। इसमें सुधार के लिए एकमात्र विकल्प ट्रांसपोर्ट नगर सिटी से बाहर होना चाहिए। उन्होंने शीघ्र से शीघ्र ट्रांसपोर्टर को रियायत दर पर भूखंड उपलब्ध करवाकर ट्रांसपोर्टर नगर बसाया जाए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में कलेक्टर, उपखंड अधिकारी और अधिशाषी अधिकारी को इस संबंध में ज्ञापन दिए जा चुके हैं।



# विवेकानंद पर निबंध प्रतियोगिता विजेताओं को किया पुरस्कृत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वामी विवेकानंद के शिक्षा, आध्यात्म और सामाजिक उत्थान से संबंधित विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. हीरालाल ने द्वीप प्रज्ज्वलन और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण से किया। इस मौके पर प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर देश के विकास में योगदान देने को कहा। निर्णायक मंडल ने सर्वश्रेष्ठ निबंध लेखकों को सम्मानित किया। प्रथम स्थान पर अमित कुमार, द्वितीय स्थान पर भावेश सोनल और तृतीय स्थान पर लक्ष्मण मीणा विजेता रहे। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राहुल पलसानिया ने सभी प्रतिभागियों और आयोजन समिति का धन्यवाद ज्ञापित किया।




# जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन की बैठक में कई निर्णय लिए



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर के जाखा माता मंदिर सभा भवन में गुरूवार को जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन सुमेरपुर की आम बैठक अध्यक्ष तगाराम सोलंकी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अध्यक्ष सोलंकी ने सभी फोटो ग्राफरों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने बताया कि संगठन से जुड़े प्रत्येक फोटोग्राफर के आईडी कार्ड बनाने, दुर्घटना बीमा करवाने व 19 अगस्त को आने वाले विश्व फोटोग्राफी दिवस समारोह की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने फोटोग्राफरों को संगठन का महत्व बताया व इससे जुड़े रहने से होने वाले फायदों की जानकारी देते हुए हमेशा एकजुटता के साथ कार्य करने की सलाह दी। बैठक में लक्ष्मण परिहार, छगनलाल परिहार, महेंद्र सिंह कोसेलाव, मुकेश बोराणा, तगाराम देवड़ा, सोहनलाल, विनोद कुमार, भावेश भाटी, नारायण डाबी, नरपत परिहार, मेहुल मेवाड़ा, अवी सुथार, जितेश, कैलाश माली, धनेश मेवाड़ा, महेश कुमार, सुरेश कुमार, प्रवीण आदि फोटोग्राफर मौजूद रहें।

# नामा माता मंदिर की वारदात में एक और आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** नामा माता मंदिर देसूरी में 12 लाख रुपए की नक़बज़नी कि वारदात में शरीक एक और शातिर आरोपी गिरफ्तार। देसूरी थाना प्रभारी हरीसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम ने नक़बज़नी कि वारदात में शरीक एक और आरोपी रामदीन उर्फ रामचंद्र को तकनीकी एवं मुखबीरी तंत्र से प्राप्त आसूचना के आधार पर टोल नाका बिरामी के पास विशेष नाकाबंदी कर आरोपी को दस्तयाब किया गया एवं अनुसंधान गिरफ्तार किया गया।

वहीं आरोपी को न्यायालय में पेश कर पीसी रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने बताया की आरोपी आले दर्जे का नक़बज़न है जो नशे की पूर्ति के लिए अपने साथियों के साथ चोरी एवं नक़बज़नी की वारदातों को अंजाम देता है। देसूरी पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ पूछ कर रही है जिससे और भी वारदात खुलने की संभावना नजर आ रही है। नाम माता मंदिर में नक़बज़नी कि वारदात में शामिल दो आरोपियों को पूर्व में देसूरी पुलिस ने गिरफ्तार कर पेश कर चुकी है, जिन्हें न्यायालय ने जेल भेज दिया है। शातीर नक़बज़नी कि वारदात के मुलजिम को गिरफ्तार करने में हम सहयोग थाना प्रभारी हरि सिंह राजपुरोहित, बंसीलाल कांस्टेबल बेल्ट नंबर 430, धर्मेंद्र कांस्टेबल बेल्ट नंबर 791, रुपेश सागर कांस्टेबल बेल्ट नंबर 1733, राकेश कुमार कांस्टेबल बेल्ट नंबर1830 , कुंज बिहारी कांस्टेबल बेल्टनंबर 1298, श्रवणकुमार कांस्टेबल चालक बेल्ट नंबर 1651 पुलिस थाना देसूरी का अहम सहयोग रहा।



**मध्य रेल**
**शुद्धिपत्र-1**
**मुंबई मण्डल**

**विषय:-** ईएमयू कारशेड के पीपीआईओ अनुभाग में स्मार्ट सेल की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के कार्य के लिए इस कार्यालय **ई-निविदा सूचना संख्या कुर्ला-आर एस-वर्क्स-2024-08 दिनांक 17.12.2024** । कार्य के दायरे के लिए निम्नलिखित पैरा, निविदा दस्तावेज में संलग्न अनुलग्नक ए को संशोधित किया गया है और इसे इस प्रकार पढ़ा जा सकता है: **खण्ड नं.**: निविदा दस्तावेज़ में अध्याय संख्या IV के तहत कार्य के दायरे का खंड संख्या 4 उप पैरा संख्या 12 (निविदा दस्तावेज़ का पेज नं.-53)। **संशोधित खंड:** फर्म को स्मार्ट विश्लेषणात्मक डैश बोर्ड, एआई एकीकृत विश्लेषण उपकरण और सामग्री और डेटा को अपडेट करने और स्वचालित रूप से अलर्ट करने वाला सॉफ्टवेयर विकसित करने की आवश्यकता होगी। रखरखाव निर्देश सॉफ़्टवेयर में संशोधित अनुबंध 'ए, और अतिरिक्त अनुबंध बी और सी में सूचीबद्ध सभी सुविधाएं शामिल होंगी। अन्य सभी नियम एवं शर्तें समान रहेंगी।

**सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर (क.च.स्टा),**
651 **ई एम यु - कुर्ला**

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**निर्माण कार्यों के लिए जनरल कंसल्टेंट की नियुक्ति**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य इंजीनियर (निर्माण) सड़क सुरक्षा परियोजना, मध्य रेल, जी.एम बिल्डिंग, दूसरा माला, छ.शि.म.ट. मुंबई-400001. ई-प्रावण वैबसाइट **"http://www.ireps.gov.in"** पर ई-बोली आमंत्रित करते है। **टेंडर नोटिस संख्या व दिनांक: Cons-RSP-01-2025 dated 01.01.2025 कार्य का विवरण:** मध्य रेलवे के विभिन्न डिवीजनों में CAO(C)RSP के तहत लेवल क्रॉसिंग गेटों को हटाने के कार्यों के लिए जनरल कंसल्टेंट (जीसी) की नियुक्ति आरओबी/आरयूबी/एलएचएस/एफओबी/पैदल यात्री सबवे/अन्य संरचनाओं/सड़क विलय/डायवर्जन आदि के निर्माण द्वारा, डीपीआर की समीक्षा के चरण से लेकर निष्पादन और कमीशनिंग और निष्पादन अनुबंध की डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड (डीएलपी) तक हैंड होल्डिंग तक, निष्पादन पर्यवेक्षक को छोड़कर **औसत लागत (रुपये):** 224590161.23 **ईएमडी (रुपये):** 1273000 **समापन अवधि:** 48 months **निविदा बंद होने की तारीख तथा समय:** 06.02.2025 at 11.00 बजे। **1.** उपरोक्त ई-निविदा सूचना की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **"http://www.ireps.gov.in"** पर उपलब्ध है। **2.** ई बोली के प्रारूप के अलावा अन्य प्रारूप में भेजी गई बोलियां उपर्युक्त निविदा के अंतर्गत स्वीकार नहीं की जाएगी। **3.** समय-समय पर जारी किए गए निविदा दस्तावेज और शुद्धिपत्र निविदा खोलने से कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट पर उपलब्ध होते हैं और इस वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। 659

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**विभिन्न कार्य**

खुली ई– निविदा सूचना सं–मरे / मंरेप्र(कार्य) बीबी / 2024 / 32 दिनांकः 27.12.2024. **क्रमसंख्या–1. कार्य का नामः क)** एडीईएन (टी) कल्याण के तहत एसएसई (पीडब्ल्यूए) नेरल खंड के लिए कल्याण–कर्जत के बीच प्री पोस्ट टैंपिंग द्वारा ट्रैक अर्टेशन, डी–वनस्पति, इंजीनियरिंग संकेत बोर्डों को ठीक करना, ढीली मार्ग सामग्री का संग्रह / स्टैकिंग और ट्रैक के ध्यान के माध्यम से। **बी)** टर्नआउट्स के सह–प्लानर बनाने, प्रमुख पुल पहुंच मार्गों में सुधार, ट्रैक परिसंपत्तियों के फीके, संरोध सुरक्षा और तकनीकी बोर्डों का नवीनीकरण, डिजाइन मोड टैम्पिंग, भूमि सीमा पोस्ट निष्पादन, मामूली मरम्मत और एलसी फाटकों के उन्नयन सहित ट्रैक कार्य ध्यान तकनीकी आइटम और महत्वपूर्ण सुरक्षा मदों से संबंधित अन्य पी.वेज आइटम एडीईएन (एन) लोनावाला खंड मैं । **लगभग मूल्य रू में:** 192.42 लाख। **बयाना राशि रू में:** 246200 **समापन अवधि:** 6 महीने। **क्रमसंख्या– 2. कार्य का नामः** कल्याण जंक्शन–इगतपुरी खंड के बीच गेज फेस लुब्रिकेटर 45 नग की व्यवस्था। **लगभग मूल्य रू में:** 666.04 लाख **बयाना राशि रू में:** 483000 **समापन अवधि:** 60 महीने। **क्रमसंख्या– 3. कार्य का नामः क)** कल्याण में छोटे ट्रैक मशीन डिपो मैं विभिन्न मेक की मुंबई डिवीजन की बैटरी संचालित छोटी ट्रैक मशीन के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध दो साल के लिए। **लगभग मूल्य रू में:** 143.66 लाख। **बयाना राशि रू में:** 221800 **समापन अवधि:** 24 महीने। **क्रमसंख्या– 4. कार्य का नामः – A)** बधवार पार्क में निर्माण संयुक्त, सीढ़ी upvc खिड़की और A, E और F ब्लॉक के बाहरी वाटर प्रूफिंग प्लास्टर की मरम्मत। **बी)** एसीईई (टीडी), एडीएमई (मालभाड़ा) और सीएसएमटी में नए अनुलग्नक भवन में स्टाफ बैठने की जगह का नवीनीकरण। **लगभग मूल्य रू में:** 180.26 लाख। **बयाना राशि रू में:** 240100 **समापन अवधि:** 6 महीने। **क्रमसंख्या– 5. कार्य का नामः क)** एसएसई (सी एंड डब्ल्यू), एसएसई (मैकेनिकल) वाडीबंदर कार्यालय और पुराने एनसीसी कार्यालय आदि की एसएसई / डब्ल्यू / वाडीबंदर के तहत मरम्मत और पैंटिंग। **B)** वाडीबंदर यार्ड में गेट नंबर 17 से नए A1 लॉन्ड्री तक सड़क की मरम्मत। **लगभग मूल्य रू में:** 210.10 लाख। **बयाना राशि रू मैं:** 255100 **समापन अवधि:** 8 महीने। **क्रमसंख्या– 6. कार्य का नामः** क्लोरोजीवन क्लोरीन खुराक सरल और सुरक्षित कीटाणुनाशक प्रणाली और सोडियम, डाइक्लोरोइसोसायन्यूरेट डाइहाइड्रेट ग्रैन्यूल्स के लिए भिवंडी रोड, खरबाव, जुइचंद्र और कामन रोड (कुल 4 स्टेशन) में 24 महीने के लिए वार्षिक रखरखाव। **लगभग मूल्य रू में:** 4.38 लाख। **बयाना राशि रू मैं:** 8800 **समापन अवधि:** 24 महीने। **क्रमसंख्या– 7. कार्य का नामः क)** सीएसएमटी पर आरएमएस के पास सड़क की मरम्मत कार्य। **B)** सीएसएमटी–कैब वे पर सेमी–सर्कुलर ट्रस के सीओपी के लीकी रूफिंग शीट, वैली गटर और डाउन टेक पाइप, पीएफ –3 / 4 कल्याण एंड, स्टेशन बिल्डिंग के पास कल्याण एंड के एस्केलेटर, सीएसएमटी स्टेशन पर आईआरसीटीसी किचन और सर्कुलेटिंग एरिया की मरम्मत। **C)** सीएसएमटी स्टेशन पर टीएबी डब्ल्यू / साइड के सामने टपकी हुई छत की चादरें, घाटी गटर और डाउन टेक पाइप की मरम्मत। **लगभग मूल्य रू में:** 171.71 लाख। **बयाना राशि रू में:** 235900 **समापन अवधि:** 8 महीने। **क्रमसंख्या– 8. कार्य का नामः** एडीईएन (एन) लोनावाला के तहत कर्जत डिपो में 65 एमएम मशीन क्रश बलास्ट की आपूर्ति और स्टैकिंग। **लगभग मूल्य रू.में:** 632.27 लाख। **बयाना राशि रू में:** 466100 **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमसंख्या– 9. कार्य का नामः क)** ओएचएस सुरक्षात्मक स्क्रीन के रूप में काम करने के लिए स्पाइडर ग्लेजिंग सिस्टम का प्रावधान **1)** कुर्ला स्टेशन सीएसएमटी अंत किमी 15 / 114–116 पर एफओबी के पार **2)** कुर्ला स्टेशन एफओबी किमी 15 / 116–118 पर **3)** ठाणे स्टेशन मध्य एफओबी किमी 32 / 30–31 पर **4)** डोंबिवली स्टेशन एफओबी कल्याण अंत किमी 48 / 4–5 पर। **ख)** सीएसएमटी–कुर्ला खंडों के बीच सीएसएमटी, मस्जिद, भायखला, परेल, दादर, माटुंगा और सायन स्टेशन पर क्षतिग्रस्त / घिसे–पिटे / फिसलन भरे फर्श, सीढ़ी, सीढ़ी की छत की चादर और साइड शीटिंग कि मरम्मत। **C)** कुर्ला–ठाणे खंड के बीच कुर्ला और घाटकोपर स्टेशन पर एफओबी के रैंप क्षतिग्रस्त / घिसे–पिटे / फिसलन भरे फर्श, साइड शीट और डेक शीट की मरम्मत। **लगभग मूल्य रू. में:** 326.77 लाख। **बयाना राशि रू में:** 313400 **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमसंख्या– 10. कार्य का नामः** पेट्रोल / मिट्टी के तेल इंजन / जेनरेटर, अपघर्षक रेल कटर, रेल काटने की मशीन, रेल ड्रिलिंग मशीन, हाइड्रोलिक रेल टेंसर, डबल एक्शन वेल्ड ट्रिमर, ब्लोअर कंप्रेसर, ग्राइंडर आदि के लिए व्यापक रखरखाव संविदा विभिन्न छोटे ट्रैक मशीनों पर पावर पैक के रूप में फिट दो साल के लिए। **लगभग मूल्य रू. में:** 129.23 लाख। **बयाना राशि रू में:** 214600 **समापन अवधि:** 24 महीने। उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र. 1 और 3 दिनांक 17.01.2025, क्र. 2,4,5,6,7 और 8 दिनांक 20.01.2025, क्र.9 दिनांक 27.01.2025, और क्र.10 दिनांक 21.01.2025 को 11.00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा निविदा और शुद्धिपत्र के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप सेटेंडर से ऊपर ई–टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई–टेंडर के खिलाफ मैनुअल स्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा। **www.ireps.gov.in** वेबसाइट में प्राकृति क नियम के अनुसार उपलब्ध किए गएई पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : मंडल रेल प्रबंध क (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल। फोन– 022–67455323 यह विदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16.9.2017 के अनुरूप है। निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र केऊपर, छशिमटमुंबई–400001 के " नोटिसबोर्ड" पर भी उपलब्ध है। 647

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा

# मनु, गुकेश, हरमनप्रीत और प्रवीण को खेल रत्न

**नई दिल्ली।** युवा एवं खेल मंत्रालय ने 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इस बार के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों की सूची में कई बड़े और चर्चित नाम शामिल हैं। इनमें ओलंपिक डबल मेडलिस्ट मनु भाकर, शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार शामिल हैं। सम्मान समारोह 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में दोपहर 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

## 32 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड की घोषणा



सम्मान समारोह 17 जनवरी को

### कोचिंग में योगदान

- पूर्व निशानेबाज और कोच दीपाली देशपांडे को भी द्रोणाचार्य पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इस पर उन्होंने कहा, "मैं बहुत खुश हूं। यह सिर्फ मेरी उपलब्धि नहीं है, बल्कि उन निशानेबाजों की उपलब्धि है, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।"

### अन्य सम्मान और पुरस्कार

- खेल मंत्रालय ने अर्जुन पुरस्कार के लिए 32 खिलाड़ियों को चुना है, जिनमें 17 पैरा एथलीट शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को भी 17 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा तीन कोचों को द्रोणाचार्य पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

### खेल रत्न विजेताओं की गौरवगाथा

- मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक्स 2024 में शूटिंग में दो पदक जीतकर इतिहास रचा। वह एक ही ओलंपिक में दो अलग-अलग इवेंट्स में पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनीं। डी गुकेश ने शतरंज में एक नया अध्याय लिखा। वह महज 18 साल की उम्र में विश्व शतरंज चैंपियन बनने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। उनकी इस ऐतिहासिक जीत ने भारत का नाम वैश्विक मंच पर ऊंचा किया। हरमनप्रीत सिंह ने अपनी कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। यह लगातार दूसरा अवसर था जब भारत ने ओलंपिक्स में हॉकी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। पैरालंपिक हाई-जम्पर प्रवीण कुमार ने टी64 कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर देश को गौरवान्वित किया। उनकी यह जीत पैरालंपिक खेलों में भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाती है।

### खेल पुरस्कार को चुने गए खिलाड़ी

| क्रम संख्या | खिलाड़ी का नाम | किस खेल में |
|---|---|---|
| 1 | ज्योति याराजी | एथलेटिक्स |
| 2 | अन्नू रानी | एथलेटिक्स |
| 3 | नीतू | मुक्केबाजी |
| 4 | स्वीटी | मुक्केबाजी |
| 5 | वंतिका अग्रवाल | शतरंज |
| 6 | सलीमा टेटे | हॉकी |
| 7 | अभिषेक | हॉकी |
| 8 | संजय | हॉकी |
| 9 | जरमनप्रीत सिंह | हॉकी |
| 10 | सुखजीत सिंह | हॉकी |
| 11 | राकेश कुमार | पैरा-तीरंदाजी |
| 12 | प्रीति पाल | पैरा एथलेटिक्स |
| 13 | जीवनजी दीप्ति | पैरा एथलेटिक्स |
| 14 | अजीत सिंह | पैरा एथलेटिक्स |
| 15 | सचिन सरजेराव खिलारी | पैरा एथलेटिक्स |
| 16 | धरमबिर | पैरा एथलेटिक्स |
| 17 | प्रणव सूरमा | पैरा एथलेटिक्स |
| 18 | एच होकातो सेमा | पैरा एथलेटिक्स |
| 19 | सिमरन | पैरा एथलेटिक्स |
| 20 | नवदीप | पैरा एथलेटिक्स |
| 21 | नितेश कुमार | पैरा-बैडमिंटन |
| 22 | थुलासिमथी मुरुगेसन | पैरा-बैडमिंटन |
| 23 | नित्या श्री सुमति सिवन | पैरा-बैडमिंटन |
| 24 | मनीषा रामदास | पैरा-बैडमिंटन |
| 25 | कपिल परमार | पैरा-जूडो |
| 26 | मोना अग्रवाल | पैरा-शूटिंग |
| 27 | रूबीना फ्रांसिस | पैरा-शूटिंग |
| 28 | स्वप्निल सुरेश कुसाले | शूटिंग |
| 29 | सरबजोत सिंह | शूटिंग |
| 30 | अभय सिंह | स्क्वाश |
| 31 | साजन प्रकाश | स्विमिंग |
| 32 | अमन सेहरावत | रेसलिंग |

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 2024 का अर्जुन अवार्ड

| क्रम संख्या | खिलाड़ी का नाम | किस खेल में |
|---|---|---|
| 1 | सुच्चा सिंह | एथलेटिक्स |
| 32 | मुरलीकांत राजाराम पेटकर | पैरा-तैराकी |

भारत-ऑस्ट्रेलिया : आज से सिडनी टेस्ट

# तीन बदलावों के साथ उतरेगी टीम इंडिया



## टीम ऑस्ट्रेलिया से मिचेल मार्श बाहर, स्टार्क फिट

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ शुक्रवार से सिडनी में होने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि करते हुए बताया है कि ऑलराउंडर मिचेल मार्श इस टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह ब्यू वेबस्टर को प्लेइंग-11 में जगह दी गई है जो टेस्ट में डेब्यू करेंगे। ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है और उसके पास 2014 के बाद पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाने का मौका रहेगा। मार्श इस सीरीज से बल्ले में दम दिखाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने चार टेस्ट मैचों प्रत्येक पारी में 10.42 के औसत से महज 73 रन बनाए। कमिंस ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि चयनकर्ताओं ने फॉर्म में नहीं चल रहे मार्श को बाहर रखने का फैसला किया जो गेंद से भी प्रभावित नहीं कर पा रहे थे। मार्श की जगह टीम में शामिल किए गए वेबस्टर ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट खेलने वाले 469वें खिलाड़ी होंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का आखिरी मैच सिडनी में खेला जाएगा। यही मैच सीरीज का परिणाम तय करेगा। ऐसे में दोनों टीमों पर मैच जीतने का दबाव है। ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर चुका है। वहीं भारतीय टीम में भी एक बदलाव तय माना जा रहा है। भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने गुरुवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप चोटिल हैं। यही कारण है कि वह सिडनी टेस्ट नहीं खेलेंगे।

### गेंदबाज मिचेल स्टार्क फिट

कमिंस ने साथ ही बताया कि टीम के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क फिट हैं और भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच में खेलेंगे। स्टार्क मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट के दौरान पीठ की समस्या से जूझते दिखे थे, लेकिन वह साल के पहले टेस्ट में खेलने के लिए फिट करार दिए गए हैं जो उनके साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए भी राहत की बात है।

### ऑस्ट्रेलिया ने किया एक बदलाव

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी प्लेइंग इलेवन में बड़ा किया है। उन्होंने ऑलराउंडर मिचेल मार्श की जगह 31 साल के ब्यू वेबस्टर को टीम में शामिल किया है। वेबस्टर इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की ओर से डेब्यू करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले पर्थ टेस्ट में नेशन मैकस्वीनी और मेलबर्न में सैम कोनस्टास ने डेब्यू किया था।

### रोहित शर्मा होंगे ड्रॉप?

गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह कहा कि पिच के हिसाब से ही प्लेइंग इलेवन तय करेंगे। उन्होंने यह जवाब रोहित शर्मा के सिडनी टेस्ट में खेलने के सवाल पर दिया। रोहित के टीम से ड्रॉप होने की संभावना कम है। वह केवल तभी टीम से ड्रॉप होंगे जब वह पूरी तरह फिट न हो। हालांकि उनकी फिटनेस को लेकर अब तक कोई अपडेट नहीं आया है।

### कमिंस ने वेबस्टर को सराहा

सीरीज में बढ़त लेने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने विजयी संयोजन को छेड़ने से परहेज नहीं किया और उन्होंने वेबस्टर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित करने का मौका दिया। घरेलू सर्किट में बेवस्टर ने अपने खेल से काफी प्रभावित किया है। कमिंस ने कहा, मिचेल मार्श रन नहीं बना पा रहे थे और इस सीरीज में लगातार अपना विकेट गंवा रहे थे इसलिए हमने फैसला किया कि किसी नए खिलाड़ी को मौका दिया जाए और वेबस्टर सबसे उपयुक्त हैं। मार्श के लिए यह शर्मिंदगी की बात है क्योंकि उसने अतीत में टीम के लिए काफी योगदान दिया है, लेकिन हमें लगता है कि वेबस्टर को मौका देना सही है।

### संभावित प्लेइंग इलेवन

**भारतः** यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत/ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएल राहुल, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर/रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा।

**ऑस्ट्रेलियाः** सैम कोंस्टास, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड।

# 18 साल बाद श्रीलंका ने न्यूजीलैंड में जीता पहला टी20 मैच

## कुसल परेरा ने जड़ा रिकॉर्डतोड़ शतक



**श्रीलंका।** न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 का आखिरी मैच दो जनवरी को खेला गया। इस मैच में श्रीलंकाई टीम ने न्यूजीलैंड के सात रन से हराया, जबकि तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। वहीं, 2006 के बाद ये पहला मौका रहा, जब न्यूजीलैंड में श्रीलंकाई टीम ने कोई टी20 मैच जीता। तीसरे टी20 मैच में श्रीलंका की जीत के हीरो कुसल परेरा रहे, जिन्होंने बल्ले से ताबड़तोड़ शतक जड़ा। कुसल ने नए साल पर सेंचुरी जड़कर कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए। 2025 में पहला इंटरनेशनल शतक बनाने का रिकॉर्ड कुसल ने अपने नाम किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में श्रीलंकाई टीम के कुसल परेरा ने इतिहास रच दिया। वह श्रीलंका की तरफ से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में पूर्व सलामी बल्लेबाज तिलकरत्ने दिलशान को पछाड़ा। 48 साल के दिलशान ने 2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 55 गेंदों पर शतक ठोका था।

# रोहित टेस्ट सीरीज के बाद संन्यास लेते तो आश्चर्य नहीं होगा : शास्त्री



**सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) :** ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024 के पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि अगर कप्तान रोहित शर्मा टेस्ट सीरीज के अंत के बाद खेल के सबसे लंबे प्रारूप से संन्यास ले लेते हैं, तो उन्हें आश्चर्य नहीं होगा। आईसीसी रिव्यू के नए संस्करण में संजना गणेशन के साथ भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर द्वारा शर्मा की जगह की पुष्टि करने से कुछ समय पहले शास्त्री ने कहा कि कप्तान को उन अवरोधों से मुक्त होकर खेलना चाहिए जिन्होंने उनके खराब फॉर्म के दौरान उनके खेल को बाधित किया है।

## मनोरंजन

# 'मेरे हसबैंड की बीबी' का पोस्टर रिलीज

### अर्जुन, रकुल और भूमि की जमेगी तिकड़ी




अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह अब जल्द ही स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं। ये तीनों एक्टर्स 'मेरे हसबैंड की बीवी' फिल्म में एक साथ काम करने वाले हैं। गुरुवार को फिल्म का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही इस फिल्म की गुरुवार को रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। ये फिल्म 21 फरवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। अर्जुन कपूर ने फिल्म को पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा, 'यहां प्यार की ज्योमेट्री थोड़ी ट्विस्टेड है- क्योंकि ये लव ट्राइएंगल नहीं, पूरा सर्कल है!

बता दें कि इस फिल्म को डायरेक्टर मुदस्सर अजीज बना रहे हैं। फिल्म में अर्जुन कपूर के साथ भूमि और रकुलप्रीत सिंह अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। मोशन फिल्म के पोस्टर में एक आदमी का जूता स्टिलेटो और पंजाबी जूती के बीच फंसा हुआ नजर आ रहा है। मुदस्सर अजीज, जिन्होंने पहले अक्षय कुमार की मल्टी-स्टारर 'खेल खेल में' और कार्तिक आर्यन-स्टारर 'पति पत्नी और वो' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म के बारे में उत्साहित अजीज ने कहा, 'एक फिल्म निर्माता के रूप में, मैंने हमेशा ऐसी कहानियां बताने में विश्वास किया है जो मनोरंजन करती हैं और सभी उम्र के दर्शकों को मुस्कुराने पर मजबूर कर देती हैं। मेरा मानना है कि ऐसी फिल्में टिकती हैं और बार-बार देखी जाती हैं। मेरे पति की बीवी एक ऐसी फिल्म है जो रोमांटिक रिश्तों की विचित्रताओं और जटिलताओं का जश्न मनाती है। मैं हमेशा से ऐसे फिल्मों में से एक रहा हूं जो दोस्तों और परिवारों को एक साथ लाती है, उन्हें हंसाती है और उन्हें बात करने के लिए कुछ देती है हमने इस फिल्म के साथ यही लक्ष्य रखा है।'



# मां संग डिनर डेट पर निकलीं सारा अली खान



सारा अली खान इंडस्ट्री की पॉपुलर स्टार हैं। वो हर फेस्टिवल बड़े धूमधाम से मनाती हैं। सारा अपना ज्यादातर समय फैमिली के साथ बिताती हैं। उन्होंने न्यू ईयर सेलिब्रेशन भी अपनी मां अमृता सिंह के साथ किया। सारा ने मां के साथ फोटो शेयर करके न्यू ईयर के जश्न के बारे में फैंस को अपडेट किया। मां अमृता सिंह के साथ सारा ने कई कैंडिड पोज दिए। सारा ने फोटोज के कैप्शन में लिखा- मॉमी जान के साथ इस साल का पहला फर्स्ट डिनर। फोटोज में सारा और अमृता काफी खुश दिख रही हैं। सार ने इस पोस्ट में भोजपुरी स्टार पवन सिंह का सुपरहिट गाना छलकता हमरो जवनिया ए राजा लगाया हुआ है। सोशल मीडिया पर सारा अली खान की ये पोस्ट वायरल है। बता दें कि सारा अली खान अपनी मां के साथ स्पेशल बॉन्ड शेयर करती हैं। सारा अक्सर उनके साथ ट्रिप पर जाती हैं। सारा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने फिल्म 'केदारनाथ' से डेब्यू किया था। इसके बाद वो फिल्म 'सिंबा' में नजर आईं। उन्होंने लव आज कल, कुली नबंर 1, अतरंगी रे, गैसलाइट, जरा हटके जरा बचके, मर्डर मुबारक जैसी कई फिल्में की हैं। पिछली बार उन्हें ए वतन मेरे वतन में देखा गया था। अब उनके हाथ में तीन फिल्में हैं। वो मेट्रो...इन दिनों में नजर आएंगी। ये फिल्म पोस्ट प्रोडेक्शन में है। वहीं उनके हाथ में 'स्काई फोर्स' भी है। इस फिल्म में वो अक्षय कुमार के साथ दिखेंगी। फिल्म की शूटिंग जारी है। हाल ही में फिल्म की शूटिंग का एक वीडियो सामने आया था। इसमें वो एक्स बॉयफ्रेंड वीर पहाड़िया संग डांस करती नजर आई थीं।

# मुंह में रुई रखकर श्रेयस ने निकाली पुष्पा की आवाज



अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' ने दुनियाभर में तहलका मचा रखा है। फिल्म की सक्सेस फैंस की दीवानगी के कारण काफी बढ़ गई है। फिल्म ने साउथ के साथ-साथ, नॉर्थ में भी ताबड़तोड़ कमाई की है। फिल्म में अल्लू अर्जुन की एक्टिंग का जलवा ऑडियंस को काफी पसंद आया। साउथ के बाद, फिल्म नॉर्थ में भी लोगों को काफी पसंद आई। इसका मुख्य कारण फिल्म में हुई लाजवाब डबिंग को बताया जा रहा है। एक्टर श्रेयस तलपड़े की आवाज, अल्लू अर्जुन के किरदार 'पुष्पा' पर एकदम फिट बैठी है। श्रेयस के काम की तारीफ हर जगह हो रही है। हाल ही में उन्होंने इंटरव्यू भी दिया है जहां वो फिल्म के लिए की गई डबिंग पर बात करते हैं। जब श्रेयस से पूछा जाता है कि उन्हें फिल्म के लिए डब करने के लिए कहां-कहां तकलीफ आई? तो उन्होंने कहा कि दोनों फिल्म पुष्पा 1 और 2 के चैलेंज अलग-अलग थे। पहले पार्ट में किसी को फिल्म से कोई उम्मीद नहीं थी। हमने पहले पार्ट में काफी मजा किया लेकिन पहले पार्ट में पुष्पा का राइज था, तो उसके लिए करने को काफी कुछ था। पहले पार्ट में सबसे मुश्किल फिल्म के क्लाइमैक्स में आई। मैंने उस एक सीन के लिए एक अलग से दिन निकालकर रखा था कि मैं इसे अलग से करूंगा। श्रेयस ने आगे इसकी वजह भी बताई। वो बताते कि फिल्म एक अजीब तरह से खत्म हुई थी। पुष्पा जैसी फिल्म जिसमें इतना सारा एक्शन है, वो आखिर में वहां खत्म होती है जहां बस हीरो और विलन बैठकर बातें कर रहे हैं। हीरो विलन पर अपनी सारी भड़ास निकाल रहा है, वो उसे चैलेंज करके निकल जाता है। एक्शन में आप अपने इमोशन निकालते हो, चीखते-चिल्लाते हो। लेकिन उस सीन में दोनों बस बैठे हैं, ये काफी जरूरी सीन है।

# 'देवा' का पहला पोस्टर रिलीज, किलर लुक में दिखे शाहिद




न्यू ईयर पर शाहिद कपूर ने भी फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया है। शाहिद की अपकमिंग एक्शन-ड्रामा 'देवा' का फर्स्ट पोस्टर जारी कर दिया गया है, जिसमें अभिनेता एकदम किलर लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े भी होंगी, जो 31 जनवरी को रिलीज होगी। शाहिद की इस फिल्म को लेकर उनके फैंस पहले से ही काफी एक्साइटेड थे और अब इस पोस्टर के बाद फिल्म को लेकर उनका इंतजार और भी तेज हो गया है। मेकर्स ने इस पोस्टर के साथ फैंस की एक्साइटमेंट को एक लेवल ऊपर कर दिया है। लेकिन, इस पोस्टर ने शाहिद से ज्यादा अमिताभ बच्चन के फैंस को खुश कर दिया है। दरअसल, 'देवा' का जो पोस्टर रिलीज किया गया है, उसमें शाहिद मुंह में सिगरेट लिए, चश्मा लगाए एकदम रॉ लुक में नजर आ रहे हैं। वहीं उनके पीछे अमिताभ बच्चन की दमदार मौजूदगी भी देखी जा सकती है।

# 'धुरंधर' के सेट से लीक रणवीर सिंह का लुक



बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह इन दिनों अपनी आनेवाली फिल्म धुरंधर पर काम कर रहे हैं। रणवीर सिंह के फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। फैंस के इस उत्साह के बीच सोशल मीडिया पर रणवीर सिंह के लुक की तस्वीरें लीक हो गई हैं। रणवीर का लुक देखने के बाद फैंस के बीच फिल्म की चर्चा और बढ़ गई है। रणवीर की तस्वीरें लीक होने के बाद कुछ फैंस तो रणवीर के लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। वहीं, कुछ का कहना है कि ये तस्वीरें जानकर लीक की गई हैं। रणवीर एक तस्वीर में पगड़ी और दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। वहीं, एक दूसरी तस्वीर में रणवीर सिंह हाथों में बंदूक है। वो कुर्ता और सलवार पहने नजर आ रहे हैं। रणवीर के बाल लंबे हैं। रणवीर ने आधा बन बनाया हुआ है बाकी बाल खुले हुए हैं। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने रणवीर का एक वीडियो शेयर किया जा रहा है। वीडियो शेयर करते हुए दावा किया गया है कि ये वीडियो धुरंधर के सेट का है।

# अरमान मलिक ने गर्लफ्रेंड संग रचाई शादी

सिंगर अरमान मलिक अपनी गर्लफ्रेंड संग आशना श्रॉफ के साथ शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने अपनी शादी की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अरमान खुशी से चिल्लाते नजर आ रहे हैं। बॉलीवुड की कई फिल्मों में गाना गा चुके सिंगर अरमान मलिक अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड से शादी के बंधन में बंध चुके हैं। उन्होंने अपनी शादी की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अरमान मलिक और उनकी पत्नी आशना श्रॉफ काफी खुश नजर आ रहे हैं। अरमान मलिक और उनकी पत्नी आशना की इन तस्वीरों पर उनके फैंस से लेकर उनके दोस्त कमेंट्स करके बधाई दे रहे हैं। अरमान तस्वीरों में खुशी से चिल्लाते नजर आ रहे हैं। अरमान मलिक ने कुछ छह तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में आशना और अरमान एक दूसरे की आंखों में आंखे डाले, हाथ पकड़े नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीर में आशना और अरमान एक दूसरे का हाथ पकड़े हवा में उठाए नजर आ रहे हैं। तीसरी तस्वीर में अपमान वरमाला लिए आशना के सामने खड़े नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में अरमान खुशी से चिल्लाते नजर आ रहे हैं। चौथी तस्वीर में आशना किसी जार में ऑरेंज रेत जैसी चीज डालती नजर आ रही हैं। पांचवी तस्वीर में आशना के हाथ में माइक और दूसरे हाथ में नोटबुक पकड़े नजर आ रही हैं। छठी तस्वीर में आशना अरमान की बाहों में नजर आ रही हैं। अरमान मलिक ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा- तू ही मेरा घर। आशना के लंहगे की बात करें तो वो व्हाइट-पीच रंग की लहंगे में बेहद खूबसूरत नजर आईं। उन्होंने उसपर ऑरेंज रंग का दुपट्टा पहना हुआ है। वहीं, आशना ने कुंदन को पोल्की ज्वेलरी में नजर आ रही हैं। वहीं, अरमान मलिक ने पीच रंग की शेरवानी पहनी हुई है। अरमान मलिक की इन तस्वीरों पर उनके फैंस ने प्यार लुटाया है। एक यूजर ने लिखा ये तस्वीरें देखकर मेरी आंखों में खुशी के आंसू हैं। वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा- आप दोनों बहुत प्यारे लग रहे हैं।



# वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली में कॉलेज



## ▶▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रखेंगे आधारशिला

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली स्थित दो नए परिसरों तथा नजफगढ़ में वीर सावरकर कॉलेज की आधारशिला रखेंगे। कुलपति योगेश सिंह ने यह जानकारी दी। सिंह ने गुरुवार को कहा, कि डीयू के नए परिसर अगले डेढ़ से दो साल में बनकर तैयार हो जाएंगे, जिससे विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण विस्तार होगा और छात्रों के लिए अधिक अवसर पैदा होंगे। उन्होंने इन विकासों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया, जिसके लिए सरकार ने 600 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि आवंटित की है। यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिल्ली विश्वविद्यालय की तीन नई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। पहली परियोजना पूर्वी दिल्ली परिसर है, उसके बाद पश्चिमी दिल्ली परिसर और नजफगढ़ में वीर सावरकर कॉलेज है।**

### 373 करोड़ में तैयार होगा ईस्ट कैंपस

सूरजमल विहार में बनने वाला ईस्ट कैंपस 373 करोड़ रुपये की लागत से 15.25 एकड़ में फैला होगा। इसमें एलएलबी, एलएलएम और एकीकृत पांच वर्षीय एलएलबी कार्यक्रमों के साथ-साथ अन्य बहु-विषयक पाठ्यक्रम भी होंगे। परिसर में 59,618 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिनमें 60 कक्षाएं, 10 ट्यूटोरियल कक्ष, छह मूट कोर्ट, चार कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, दो कैफेटेरिया और दो कॉमन रूम शामिल होंगे।

### द्वारका सेक्टर के कैंपस पर खर्च होंगे 107 करोड़

इसी प्रकार, द्वारका सेक्टर 22 में निर्मित होने वाले वेस्ट कैंपस में पहले चरण में 107 करोड़ रुपये की लागत से एक नया शैक्षणिक ब्लॉक शामिल किया जाएगा। 19,434.28 वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्र में फैले इस परिसर में 42 कक्षाएं, दो मूट कोर्ट, एक डिजिटल लाइब्रेरी, सम्मेलन कक्ष, सेमिनार हॉल और लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग कॉमन रूम उपलब्ध होंगे।

### वीर सावरकर कॉलेज बनाने में लगेंगे 140 करोड़

तीसरी परियोजना, नजफगढ़ के रोशनपुरा में वीर सावरकर कॉलेज, यूईआर राजमार्ग के पास और पश्चिमी परिसर से सिर्फ पांच मिनट की पैदल दूरी पर स्थित होगी। 18,816.56 वर्ग मीटर के निर्मित क्षेत्रफल और 140 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ, कॉलेज में 24 कक्षाएं, आठ ट्यूटोरियल रूम, 40 संकाय कक्ष, विभागीय पुस्तकालय, सम्मेलन कक्ष और एक कैंटीन सहित अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।




# महाराष्ट्र में तैयार होगी एआई नीति

**मुंबई।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में महाराष्ट्र को मार्गदर्शक राज्य बनाने के उद्देश्य से राज्य की पहली एआई नीति तैयार की जाए, ऐसे निर्देश सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री एड. आशिष शेलार ने दिए। एआई तकनीक का उपयोग करके अधिक उद्योग और व्यवसाय स्थापित होंगे, युवाओं को रोजगार मिलेगा, और महाराष्ट्र वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा में सशक्त रूप से भाग ले सकेगा, ऐसा उन्होंने कहा। सह्याद्री अतिथिगृह में आयोजित बैठक में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का बैठक लेते हुए मंत्री एड. शेलार ने कहा कि एआई प्रौद्योगिकी का युग शुरू हो चुका है, और महाराष्ट्र को इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। बैठक में आईटी विभाग के सचिव पराग जैन नैनुटिया, महाआईटी की प्रबंध निदेशक जयश्री भोज और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों को मार्गदर्शन करते हुए मंत्री शेलार ने कहा कि एआई का प्रभावी उपयोग कर हम अधिक उद्योग और व्यवसाय आकर्षित कर सकते हैं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं।

■ सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री एड. आशीष शेलार का निर्देश

# एआई से मंत्रालय की सुरक्षा करें सुदृढ़ : फडणवीस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राज्य के कोने-कोने से कार्यों के निष्पादन के लिए नागरिक मंत्रालय में आते हैं। इस कारण मंत्रालय में आने वाले नागरिकों की संख्या बड़ी होती है। परिणामस्वरूप, मंत्रालय की सुरक्षा व्यवस्था पर दबाव पड़ता है। मंत्रालय में आने वाले नागरिकों, यहां के अधिकारियों और कर्मचारियों को सरल प्रवेश मिले और सुरक्षा भी अक्षुण्ण रहे, इसके लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया जाए, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। मंत्रालय में आयोजित बैठक में मंत्रालय सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा मुख्यमंत्री ने की। बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. इकबालसिंह चहल, पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, बृहन्मुंबई के पुलिस आयुक्त विवेक फणसळकर, विशेष पुलिस आयुक्त देवेन भारती, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, प्रधान सचिव अश्विनी भिडे, सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी आदि उपस्थित थे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी आधुनिक तकनीक के माध्यम से मंत्रालय प्रवेश से लेकर बाहर निकलने तक की व्यवस्था कार्यान्वित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने कहा कि मंत्रालय से विधान भवन में कार्यालयीन कामकाज के लिए अधिकारी और कर्मचारी जाते हैं।



### अधिवेशन के दौरान बढ़ जाती लोगों की आवाजाही

■ अधिवेशन के दौरान तो विधान भवन और मंत्रालय के बीच आवाजाही बढ़ जाती है। विधान भवन में नियमित कार्यालयीन काम के लिए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को सभी स्थानों पर प्रवेश वाले सुरक्षा पास दिए जाएं। मंत्रालय से विधान भवन तक भूमिगत मार्ग का काम चल रहा है। इस भूमिगत मार्ग के जरिए विधान भवन जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रवेश उपलब्ध कराया जाए, ऐसे निर्देश भी श्री फडणवीस ने दिए।

### मंत्रालय प्रवेश द्वारा पर हो कड़ाई से जांच

■ मंत्रालय में प्रत्येक मंजिल पर सुरक्षा जाली का काम पूर्ण किया जाए। काम पूर्ण होने के बाद मध्य भाग में लगाई गई सुरक्षा जाली को हटाने की कार्रवाई की जाए। मंत्रालय प्रवेशद्वार पर वस्तुओं और सामग्री की कड़ी जांच की जाए। कोई भी आपत्तिजनक वस्तु या सामग्री मंत्रालय में न आए, इसकी सावधानी बरती जाए, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिए।

## मुंबई जिला बैंक में सरकारी कर्मचारियों के वेतन खाते

मंत्रिमंडल की बैठक में वर्ष 2024-2025 के लिए सरकारी कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों के भुगतान हेतु मुंबई जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक में खाता खोलने की मंजूरी दी गई। इस निर्णय के अनुसार आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को वेतन वितरण के लिए बैंक खाता खोलने का अधिकार दिया गया है। साथ ही पेंशनभोगियों के व्यक्तिगत खाते तथा सरकारी निगमों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के अतिरिक्त धन के निवेश के लिए बैंक को अधिकृत किया गया है।

### राजस्थान : विधानसभा सत्र से पहले मुख्यमंत्री की विशेष पहल

# सीएम ने किया विधायकों से संभागवार संवाद

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनवरी 2025 के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित विधानसभा के बजट सत्र से पहले विधायकों से संभागवार संवाद शुरू कर एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने विधायकों से उनके क्षेत्रों में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन पर फीडबैक लिया, आगामी बजट के लिए सुझाव मांगे और उनकी शिकायतों को हल करने का आश्वासन दिया। साथ ही मंत्रियों को निर्देश दिया कि वे विधायकों से संवाद बनाए रखें और उनकी राय को प्राथमिकता दें।



### सत्र से पहले सामंजस्य बढ़ाने की रणनीति

यह संवाद कार्यक्रम विधानसभा सत्र से पहले विधायकों की नाराजगी दूर करने और पार्टी में सामंजस्य बढ़ाने की रणनीति माना जा रहा है। पिछले सत्र में भाजपा विधायकों द्वारा अपनी ही सरकार पर सवाल उठाने के कारण मुख्यमंत्री ने यह कदम उठाया। फ्लोर मैनेजमेंट की कमियों और मंत्रियों के जवाब देने में तैयारियों की कमी के चलते विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को दखल देना पड़ा था। राजनीतिक जानकार इसे विधायकों और मंत्रियों के बीच बेहतर सामंजस्य बनाने का प्रयास मानते हैं। विधायकों ने मुख्यमंत्री से शिकायत की कि मंत्री अपने पसंदीदा अधिकारियों की नियुक्ति कर रहे हैं, जिससे स्थानीय विधायकों और जनता की अनदेखी हो रही है। कोटा संभाग के

### विधायकों की मांग पर विचार करना जरूरी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्पष्ट किया कि जनता से जुड़ाव और विधायकों की मांगों पर विचार ही सरकार और जनप्रतिनिधियों के बीच की दूरी को कम करेगा। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट 2024 की सफलता और प्रधानमंत्री मोदी से मिले आशीर्वाद से उत्साहित मुख्यमंत्री पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना और यमुना जल समझौते को आगे बढ़ाने के प्रयास में हैं। हालांकि, हाल ही में गहलोत सरकार द्वारा बनाए गए 17 जिलों में से 9 जिलों और 3 संभाग समाप्त करने के फैसले से उपजी राजनीतिक कड़वाहट का असर आगामी सत्र पर दिख सकता है। अब देखना है कि भजनलाल सरकार अपने विधायकों और प्रतिपक्ष की नाराजगी का सामना कैसे करती है।

# आरएएस मेन्स-2023 का परिणाम घोषित

### 2168 सफल घोषित, अब इंटरव्यू का इंतजार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस मेंस-2023 का रिजल्ट आज घोषित कर दिया है। मुख्य परीक्षा 20 व 21 जुलाई को हुई। इसके 5 माह 13 दिन बाद ये रिजल्ट जारी किया गया। 2168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया है। इसमें 2 कैंडिडेट्स के रिजल्ट शिल्ड कवर रखे गए है। 20 का रिजल्ट कैंसिल किया गया है। 3 का प्रशासनिक कारणों से होल्ड किया है। साक्षात्कार की तिथि के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को बाद में बताया जाएगा। इंटरव्यू होने के बाद आरपीएससी फाइनल रिजल्ट घोषित करेगा। इस पूरे प्रोसेस में करीब 6 महीने का समय लगने की उम्मीद है। बता दें कि आरएएस 2021 का रिजल्ट 5 माह 9 दिन बाद घोषित किया था। आरएएस-2023 के 907 पदों पर भर्ती के लिए 28 जून 2023 को विज्ञापन जारी किया गया था। बाद में इसके पदों की संख्या बढ़ाकर 972 कर दी गई थी। करीब 6 लाख 96 हजार से ज्यादा ने आवेदन किए। प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 1 अक्टूबर 2023 को किया गया। इसमें 4 लाख 58 हजार अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। 5 जिला मुख्यालयों के 71 परीक्षा केंद्रों पर 20 और 21 जुलाई को 5 जिला मुख्यालयों के 71 एग्जाम सेंटर पर आरएएस मेन्स-2023 (राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी) का आयोजन किया गया था। 19 हजार 355 कैंडिडेट्स में से 16 हजार 405 एग्जाम में शामिल हुए थे। वहीं 2950 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 84.76 प्रतिशत रही।



■ पूर्व विधायक एवं नगरसेवक अतुल शाह ने राम मंदिर के उद्घाटन के एक वर्ष पूर्ण होने पर भगवान श्री राम और उनकी प्रतिमा के चित्रों के साथ वर्ष 2025 का कैलेंडर तैयार कराया है। मंदिर के इतिहास और डायरी का विमोचन सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने किया। इस अवसर पर विधान परिषद में पक्ष नेता प्रवीण दरेकर, प्रसाद लाड, विधायक योगेश सागर एवं विधायक मिहिर कोटेचा उपस्थित थे।



■ महाराष्ट्र के विपणन मंत्री जयकुमार रावल से ग्रोमा और पुणे मर्चेंट्स चेंबर की टीम ने सह्याद्री गेस्ट हाउस में मुलाकात की। इस अवसर पर फाम अध्यक्ष जितेंद्र शाह, राजेंद्र बाठिया, भीमराज भानुशाली, वीरा, राजकुमार नाहर, अजीत कुमार एवं लक्ष्मण काबियाल आदि उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान मंत्री श्री रावल को फाम का वार्षिक कैलेंडर और महाराष्ट्र व्यापार कृति समिति का ज्ञापन भेंट किया गया।

# केजरीवाल के सामने लगे मोदी-मोदी के नारे



**भीड़ के सामने हाथ जोड़कर खड़े रहे पूर्व मुख्यमंत्री**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घेरकर हजारों लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। इस दौरान उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मौजूद थे। दरसअल, नए साल के मौके पर केजरीवाल राजस्थान के सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। हालांकि, अरविंद केजरीवाल व उनकी पत्नी सुनीता मुस्कुराते हुए हाथ जोड़कर निकल गए। अरविंद केजरीवाल बुधवार रात करीब 10 बजे दर्शन करने पहुंचे थे। यहां मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना की। करीब 10.30 बजे वे मंदिर से बाहर निकले थे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री को जेड प्लस सिक्योरिटी मिली है, लेकिन फिर भी लोग उनके काफिले के पास पहुंच गए। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व उनकी पत्नी को सालासर धाम प्रसाद व अन्य वस्तुएं भी दी गईं।

# महाकुम्भ 2025 : रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा व्यवस्था

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के दौरान भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं। इन सुविधाओं में 24x7 ऑब्जर्वेशन रूमों की व्यवस्था की गई है। पिछले महाकुम्भ के दौरान 1 लाख श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई थी, और इस बार रेलवे एक बड़ी संख्या में यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। महाकुम्भ के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन रूम्स में हमेशा डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे, जिससे यात्रियों को त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके। प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी सहित प्रमुख स्टेशनों पर ऑब्जर्वेशन रूम्स स्थापित किए गए हैं। यहां 15 स्टाफ नर्स, 12 फार्मासिस्ट, 2 हॉस्पिटल अटेंडेंट एवं 15 हाउस कीपिंग असिस्टेंट तैनात रहेंगे। इन कर्मचारियों की तैनाती सभी शिफ्ट्स में चिकित्सा सेवाएं सुचारु रूप से सुनिश्चित करने के लिए की गई है।



# पवार के साथ दिखेंगे भुजबल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार दल के कद्दावर नेता और कथित तौर पर मंत्री न बनाए जाने से असंतुष्ट छगन भुजबल उनके चाचा शरद पवार के शुक्रवार को पुणे में एक मंच पर दिख सकते हैं। खबरों के मुताबिक असंतुष्ट नेता छगन भुजबल सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर पुणे में एक समारोह में एनसीपी (सपा) प्रमुख शरद पवार के साथ मंच साझा करेंगे। चाकन में आयोजित इस कार्यक्रम में भुजबल-पवार के अलावा अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के दिलीप वाल्से पाटिल सहित कई अन्य नेताओं के शामिल होने की भी उम्मीद है।

### महाराष्ट्र सरकार का बड़ा तोहफा

# किसानों को वापस मिलेगी जमीन



**महाराष्ट्र भू-राजस्व संहिता 1966 की धारा 220 में संशोधन**

**मुंबई।** कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि नए साल की शुरुआत में किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। प्रदेश सरकार 963 किसानों को उनकी जमीन वापस करेगी, जो सरकार द्वारा उनके ऊपर सरकारी बकाया न चुकाए जाने के कारण जब्त कर ली गई थी। चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया है कि 963 किसानों को जमीन वापस की जाएगी। यह एक अहम कदम है, जिसे राज्य सरकार ने किसानों की भलाई के लिए उठाया है। किसानों की यह जमीन वापसी उनके लिए एक बड़ी राहत होगी और इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में महाराष्ट्र भू-राजस्व संहिता 1966 की धारा 220 में संशोधन को मंजूरी दी गई। इस निर्णय से सरकारी बकाया के कारण नीलाम होकर सरकार के पास आई लगभग 4,849 एकड़ भूमि किसानों को वापस मिल सकेगी।

### परिवार साथ आए तो अच्छी बात

■ शरद पवार और अजीत पवार के एनसीपी के विलय के बारे में पूछे जाने पर बावनकुले ने कहा कि अगर परिवार एक साथ आता है तो यह एक अच्छी बात है और वह इसका स्वागत करते हैं। यह राजनीतिक एकता का संकेत है।

### सपना देख रहे लालू-राऊत

■ लालू प्रसाद यादव के बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार गिराने का प्रस्ताव देने पर बावनकुले ने कहा कि जो कुछ संजय राउत और लालू प्रसाद यादव कह रहे हैं, वो शायद उन्होंने अपने सपनों में सुना होगा। उनका यह बयान बेइमानी और अव्यावहारिक है।

# उत्कर्ष कोचिंग पर आईटी छापे

**जयपुर।** आयकर विभाग की टीम ने देश भर में राजस्थान के उत्कर्ष कोचिंग क्लासेज के ठिकानों पर छापेमारी की है। जोधपुर, जयपुर, कोटा और अजमेर के सेंटरों पर रेड मारी है। जोधपुर में 18 ठिकानों पर आयकर विभाग के कर्मचारी जांच में लगे है और जब टीम संस्थानों में पहुंची तो क्लास चल रही थी। स्टूडेंट्स और टीचर्स को बाहर भेजकर स्टाफ के मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं। जोधपुर में सुबह आयकर विभाग की टीमें पहुंची थी। कोचिंग संस्थान के बासनी मधुबन इलाके में स्थित मुख्यालय सहित अन्य 18 सेंटरों पर जांच कर रही है। अचानक हुई कार्रवाई से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आयकर विभाग ने जयपुर, जोधपुर, इंदौर, दिल्ली सहित अन्य राज्यों में टीमों ने रेड डाली। जयपुर में 15 दिसंबर को उत्कर्ष कोचिंग सेंटर में छात्रों के अचानक बेहोश होने के चलते विवादों में आया था। इस प्रकरण में एनजीटी संज्ञान ले चुका है।

### डा. आंबेडकर पर आरएसएस का बड़ा दावा

# बाबा साहब ने सतारा की शाखा में लिया था भाग

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर नया दावा किया गया है। संघ की मीडिया शाखा ने दावा किया कि भारतीय संविधान के निर्माता माने जाने वाले भीमराव आंबेडकर भी संघ की शाखा में आए थे। उन्होंने 2 जनवरी 1940 को सतारा जिले के कराड में लगी एक शाखा का न सिर्फ दौरा किया बल्कि वहां पर मौजूद स्वयंसेवकों को संबोधित भी किया था। शाखा की विदर्भ ईकाई ने कहा कि संघ को अपनी अब तक की यात्रा के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। संघ के ऊपर कई मनगढ़ंत आरोप भी लगाए गए लेकिन हर बार हम अपनी सच्चाई को साबित करने में सफल रहे। संघ ने हमेशा ही एक सामाजिक संगठन के रूप में अपनी पहचान को मजबूत किया है। ईकाई के अनुसार, आरएसएस के ऊपर कई बार ब्राह्मण समर्थक और दलित विरोधी होने का भी आरोप लगाया गया। यही नहीं बाबा साहेब आंबेडकर और आरएसएस के बारे में गलत जानकारियां भी फैलाई गईं। हालांकि अब उनके बारे में नया दस्तावेज सामने आया है, जो बाबा साहेब और संघ के बीच के संबंध को उजागर करता है। रिपोर्ट के अनुसार, भीमराव आंबेडकर ने 2 जनवरी 1940 को सतारा जिले के कराड में लगी एक शाखा का दौरा किया था। यहां पर उन्होंने स्वंयसेवकों को संबोधित भी किया था।



### 'संघ की तरफ आत्मीयता की दृष्टि से देखता हूं'

शाखा के मुताबिक आंबेडकर ने अपने संबोधन में कहा, "हालांकि कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं लेकिन तब भी मैं संघ की तरफ आत्मीयता की दृष्टि से देखता हूं।" वीएसके ने समाचार क्लिपिंग के साथ जारी अपने बयान में कहा, "9 जनवरी 1940 को पुणे के एक मराठी दैनिक समाचार पत्र केसरी में डॉक्टर आंबेडकर की आरएसएस शाखा में जाने की रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। इस लेख में, विचारक ठेंगड़ी की एक किताब का उल्लेख करके आंबेडकर और संघ के बीच के संबंधों को दिखाया गया।

### क्या लिखा है किताब?

■ किताब के आठवें अध्याय की शुरुआत में ठेंगड़ी कहते हैं कि डॉ. अंबेडकर को आरएसएस के बारे में पूरी जानकारी थी। इसके स्वयंसेवक उनके नियमित संपर्क में थे और उनसे विचार-विमर्श करते थे। डॉ. अंबेडकर यह भी जानते थे कि आरएसएस एक अखिल भारतीय संगठन है जो हिंदुओं को एकजुट करता है। वह यह भी जानते थे कि हिंदुत्व के प्रति वफादार या हिंदुओं को एकजुट करने वाले संगठनों और आरएसएस के बीच अंतर था। उनके मन में आरएसएस के विकास की गति को लेकर संदेह था। इस दृष्टिकोण से, डॉ. अंबेडकर और आरएसएस का विश्लेषण करने की आवश्यकता है।

# काबा जाकर खोदो, वहां भी मंदिर मिलेगा : यति नरसिंहानंद

**गाजियाबाद।** जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने गुरुवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को ही निशाने पर ले लिया। हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग खोजने से रोकने वाले मोहन भागवत के बयान पर नरसिंहानंद ने कहा कि मोहन भागवत भगवान नहीं हैं। यह भी कह दिया कि सऊदी अरब में जाकर काबा में भी खोदाई करो तो वहां मंदिर ही मिलेगा। नरसिंहानंद गुरुवार की सुबह गाजियाबाद से मुरादाबाद के लिए निकले थे लेकिन पुलिस प्रशासन ने उन्हें मुरादाबाद की सीमा पर ही रोककर हिरासत में ले लिया। नरसिंहानंद को हिंदू समाज पार्टी के लोगों ने मुरादाबाद बुलाया था। नरसिंहानंद को पुलिस अपने साथ पाकबड़ा थाने ले आई। यहां एसपी सिटी रणविजय सिंह ने यति नरसिंहानंद से कहा कि उन्होंने कार्यक्रम की पूर्व अनुमति जिला प्रशासन से नहीं ली है। इसलिए उन्हें मुरादाबाद में कार्यक्रम नहीं करने दिया जाएगा।



### सभी मंदिर आजाद कराए जाएं

■ सनातन धर्म के धर्मगुरु और हर एक सनातनी यही चाहता है कि सनातन धर्म के जितने भी मंदिर हैं, वो आजाद कराए जाएं। उनका जीर्णोद्धार हो। उन्होंने कहा कि भागवत क्या कहते हैं, उससे हमें मतलब नहीं है। इसके बारे में उनसे ही पूछिए। हर जगह हमारे मंदिर हैं। हमारे ये मंदिर हमें वापस मिलने चाहिए। क्यों नहीं मिलने चाहिए? कहा कि हम भी महाकुंभ में महासंसद करने वाले थे लेकिन पुलिस ने जाने नहीं दिया है। जो प्रशासन की इच्छा है, हम क्या कर सकते हैं।